3 **फरीदाबाद** 45 प्रतिशत बुखार के मरीजों को किया जा रहा रेफर

6 **अभिमत** लखीमपुर कांड पर जारी राजनीति

12 **स्पोर्ट्स** राहुल को बल्लेबाजी की धुरी बनाने से कोहली पर से दबाव कम होगाः ब्रेट ली

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 246
फरीदाबाद, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित


# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





## विजयदशमी की शुभकामनाएं



### अवकाश सूचना

विजयदशमी के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 15 अक्टूबर शुक्रवार को बंद रहेगा। अत: अगला अंक 17 अक्टूबर रविवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक


### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,305 | 569 |
| निफ्टी | 18,338 | 177 |
| सोना | 46,987 | 455 /10 gm |
| चांदी | 61,926 | 894 /kg |

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.01°C
न्यूनतम 21.01°C

## क्विक न्यूज

### आईपीएल फाइनल : चेन्नई और केकेआर आमने-सामने




**दुबई।** महेंद्र सिंह धोनी की करिश्माई कप्तानी चेन्नई सुपर किंग्स का रक्षा कवच साबित होगी, जब शुक्रवार को आईपीएल के खिताबी मुकाबले में उसका सामना स्पिन तिकड़ी के दम पर फाइनल में पहुंची कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। दुनियाभर के क्रिकेटप्रेमियों को दशहरे के दिन कैप्टन कूल की आतिशी पारी का भी इंतजार रहेगा, जो पीली जर्सी में शायद आखिरी बार देखने को मिले।

● विस्तृत खबर पेज-12

### केदारनाथ-यमुनोत्री के कपाट छह नवंबर से बंद होंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित केदारनाथ एवं यमुनोत्री मंदिर के कपाट सर्दियों में छह नवंबर से बंद होंगे, जबकि गंगोत्री के कपाट पांच नवंबर से बंद किए जाएंगे। बद्रीनाथ के कपाट बंद होने की घोषणा शुक्रवार को होगी। उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम बोर्ड के प्रवक्ता हरीश गौड़ ने बताया, शुक्रवार को परंपरानुसार विजयदशमी के मौके पर बद्रीनाथ मंदिर के बंद होने की घोषणा की जाएगी। इन मंदिरों के बंद होने से उत्तराखंड की वार्षिक चारधाम यात्रा समाप्त हो जाएगी, जो पिछले महीने लगातार दूसरे वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण देरी से शुरू हुई थी।

### अमिताभ घोष की किताब द नट्मेग्स कर्स का विमोचन

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध लेखक अमिताभ घोष की नई किताब द नट्मेग्स कर्स: पेराब्लज फॉर ए प्लेनेट इन क्राइसिस का बृहस्पतिवार को विमोचन किया गया। यह जानकारी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने दी। पुस्तक, जलवायु परिवर्तन, प्रवासी संकट से लेकर दुनिया भर के मूलनिवासी समुदायों की जीवात्मवादी आध्यात्मिकता तक हर चीज पर चर्चा करती है।

### आज प्रधानमंत्री सात नई रक्षा कंपनियां समर्पित करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को विजयादशमी के अवसर पर सात नई रक्षा कंपनियां राष्ट्र को समर्पित करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा उद्योग संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।


**विज्ञापन के लिए करें संपर्क**
Rakesh Kapoor 9582468441


# हरियाणा में शुरू होगी वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ली बैठक**
**पड़ोसी राज्यों की पॉलिसी को स्टडी करेंगे अधिकारी**
**प्रत्येक ब्लाक में बनेंगे ग्रामीण कलस्टर**

**हरियाणा** सरकार ने प्रदेश में एक-समान औद्योगिकरण करने के लिए नीति बनानी शुरू कर दी है, जिसके चलते राज्य के 140 ब्लॉक (खंड) में 140 प्रोडक्ट (उत्पाद) को देश-विदेश में निर्यात करने के लिए सरकार ने 'पदमा' पहल शुरू की है, जिसके तहत 'वन ब्लॉक वन प्रोडक्ट' को प्रोत्साहित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को 'पदमा' पहल को लेकर उद्योग एवं वाणिज्य, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, एमएसएमई, विकास एवं पंचायत विभाग समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

डिप्टी सीएम, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य तथा विकास एवं पंचायत विभाग का प्रभार भी है, ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 'पदमा' पहल कार्यक्रम को अंतिम रूप देने से पहले अन्य राज्यों की ग्रामीण उद्योग को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों का अध्ययन करें, ताकि हरियाणा सरकार द्वारा बनाई जाने वाली पॉलिसी सर्वोत्कृष्ट बन सके। उन्होंने कहा, राज्य के कई गांवों में हुनरमंद लोगों द्वारा ऐसे गुणवत्तापरक प्रोडक्ट तैयार किए जाते हैं, जिनकी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छी कीमत मिल सकती है, लेकिन जानकारी के अभाव में उनको मजबूरी में लोकल लेवल पर कम दामों पर बेचना पड़ता है। दुष्यंत ने बताया, राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक ब्लॉक में उस ब्लॉक के लोगों द्वारा उत्पादित बेहतरीन प्रोडक्ट के लिए एक कलस्टर बनाया जाए, जहां पर एमएसएमई की भांति लोगों को उद्योग लगाने के लिए प्लॉट उपलब्ध करवाए जा सके। इस कलस्टर में बिजली, पानी, सड़क, बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर जैसी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का प्रयास है वे इन छोटे उद्यमियों के प्रोडक्ट को बड़ी कंपनियों के सहयोग से निर्यात करने में सहयोग किया जाए, ताकि उनके प्रोडक्ट की अच्छी कीमत मिल सके।

# 'युवाओं को कानून की जानकारी होना जरूरी'




**चंडीगढ़।** संवैधानिक मूल्यों, कानून एवं विधि का ज्ञान होने से ही युवा अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति और सजग होंगे, इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वह विद्यार्थियों को गुणवत्ता की शिक्षा के साथ-साथ संविधान एवं नैतिक मूल्यों से भी अवगत करवाएं। यह बात हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को डॉ. अंबेडकर नेशनल लॉ विश्वविद्यालय सोनीपत की कुलपति डॉ. विनय कपूर मेहरा से बातचीत में कही।

मेहरा ने राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की और विवि की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। राज्यपाल ने कहा, आज युवाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। नागरिकों को अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान होने से एक आदर्श समाज की स्थापना होगी और समाज अपराध मुक्त होगा। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी संवैधानिक एवं नैतिक मूल्यों पर बल दिया गया है।

## गोवा में गरजे अमित शाह, बोले

# अपनी हद में रहे पाकिस्तान फिर होगी सर्जिकल स्ट्राइक

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को गोवा में थे। उन्होंने कश्मीर में हालिया आतंकी गतिविधियों को लेकर एक बार फिर पाकिस्तान पर हमला बोला। शाह ने कहा, पाकिस्तान कश्मीर में दखलअंदाजी करने की गलती न करे। वो अपनी हद में रहे। अगर पड़ोसी मुल्क ने अपनी सीमाएं लांघी, तो भारत एक और सर्जिकल स्ट्राइक करने से पीछे नहीं हटेगा।

अमित शाह ने दक्षिण गोवा के धारबांदोड़ा में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) की आधारशिला रखी। इसके बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, पुंछ में जब हमला हुआ तो पहली बार सर्जिकल स्ट्राइक कर भारत ने दुनिया को बता दिया कि भारत की सीमाओं के साथ छेड़छाड़ करना इतना आसान नहीं है। नरेंद्र मोदी और मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व में पहली बार भारत ने अपनी सीमाओं की सुरक्षा और सम्मान साबित किया। शाह ने सभा में पूर्व रक्षामंत्री और गोवा में मुख्यमंत्री रहे दिवंगत मनोहर पर्रिकर को याद किया। उन्होंने कहा, पूरा देश मनोहर पर्रिकर को दो चीजों के लिए हमेशा याद करेगा। उन्होंने गोवा को उसकी पहचान दी और दूसरा उन्होंने तीनों सेनाओं को वन रैंक, वन पेंशन दिया। गोवा में अगले साल चुनाव होने वाले हैं। शाह के दौरे को चुनावी तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। गोवा के पार्टी अध्यक्ष सदानंद शेत तनवड़े के अनुसार, शाह का भाजपा की राज्य कोर कमेटी, विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की कई बैठकें करने का भी कार्यक्रम है। इससे पहले राज्य के चुनाव प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने बुधवार को शाह के दौरे से पहले तैयारियों का जायजा लिया था।

### गोवा में अगले साल होने हैं विस चुनाव

गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अलावा ममता बनर्जी की टीएमसी और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी भी चुनावी मैदान में है। ममता बनर्जी ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे लुइजिन्हो फलेइरो को पार्टी में शामिल कराकर अपने इरादे जता दिए हैं। ममता खुद गोवा में चुनाव प्रचार भी करेंगी। इसके अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपने वादों के साथ लोगों को लुभाने की तैयारी में लगे हुए हैं। केजरीवाल ने सत्ता में आने पर प्राइवेट सेक्टर में 80 फीसद नौकरियां स्थानीय लोगों को देने, बिजली, पानी मुफ्त देने समेत कई वादे कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस की कमान इस बार पार्टी ने पी चिंदबरम को दी है।

### सेला सुरंग के लिए रक्षामंत्री ने किया निर्णायक विस्फोट

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के लिए आभासी माध्यम से (वर्चुअली) बृहस्पतिवार को निर्णायक विस्फोट किया और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 20,000 किलोमीटर के मोटरसाइकिल अभियान को भी हरी झंडी दिखाई। सिंह ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से सुरंग विस्फोट किया और अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सेला सुरंग 13,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे बड़ी दो लेन वाली सुरंग होगी। उन्होंने इस सुरंग के निर्माण कार्य के लिए सीमा सड़क संगठन की प्रशंसा की।

## फिर चर्चा में पंजाब की सियासत

# कैप्टन अमरिंदर सिंह से मिलने पहुंचे सीएम चन्नी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी अचानक ही पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह से मिलने उनके मोहाली स्थित फार्महाउस पर पहुंचे हैं। फिलहाल अमरिंदर सिंह से उनकी मुलाकात का एजेंडा सामने नहीं आया है। हालांकि कयास लगाए जा रहे हैं कि केंद्र सरकार की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा के 50 किलोमीटर तक के दायरे में बीएसएफ को बड़े अधिकार दिए जाने के मसले पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हो सकती है। अमरिंदर बीते कई दिनों से सुर्खियों से परे हैं। यही नहीं सीएम चन्नी के शपथग्रहण और फिर उनके बेटे की शादी से भी वह दूर थे।

ऐसे में चरणजीत सिंह चन्नी के अचानक कैप्टन अमरिंदर से मुलाकात करने पहुंचने से कयास तेज हो गए हैं। ये कयास इसलिए भी तेज हैं क्योंकि कैप्टन ने कभी भी सीएम चन्नी के खिलाफ टिप्पणी नहीं की थी। यही नहीं सिद्धू की ओर से प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद भी कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एक तरह से चन्नी का ही समर्थन किया था। उनका कहना था कि नवजोत सिद्धू सीएम के कामकाज में दखल देना चाहते हैं और कोई भी इस बात को स्वीकार नहीं करेगा।

### वेणुगोपाल और रावत के साथ सिद्धू की बैठक हुई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू बृहस्पतिवार को पहली बार यहां पार्टी मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा पंजाब प्रभारी हरीश रावत से मुलाकात की। सिद्धू शाम करीब साढ़े छह बजे 24 अकबर रोड़ पहुंचे, हालांकि उन्होंने इस्तीफा वापस लेने की संभावना अथवा पत्रकारों के किसी अन्य सवाल का जवाब नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक, वेणुगोपाल के कार्यालय में यह बैठक चल रही है।

### भारत ने कोविड टीकों का निर्यात बहाल किया



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि कोविड-19 रोधी टीकों की आपूर्ति बहाल करने के सरकार के फैसले के अनुरूप नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमां और ईरान को टीके भेजे गए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने शुरुआती तौर पर पड़ोसी देशों को कोविड-19 टीके की आपूर्ति बहाल करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, इसके अनुरूप नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमां और ईरान को कोविड-19 रोधी टीके भेजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में विभिन्न प्रकार के टीकों के सबसे बड़े उत्पादकों में शामिल है और कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने के कारण अपनी आबादी के टीकाकरण को ध्यान में रखते हुए अप्रैल में टीकों का निर्यात रोक दिया गया था।

# दबंगों के बहिष्कार के बाद 150 दलित परिवार भूखे प्यासे

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद

### दुकानदार नहीं दे रहे हैं सामान और सब्जियां

**हरियाणा** के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के विधानसभा क्षेत्र उचाना का गांव है छातर। जींद जिले का यह गांव 15 दिनों से दो खेमों में बंटा हुआ है। वजह है यहां के एक दलित युवक से कुछ दबंगों द्वारा की गई मारपीट के खिलाफ पुलिस में शिकायत देना, जिसके बाद नाराज दबंगों ने गांव के 150 दलित परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया है। इस समय गांव में एक तरफ मांगु बागड़ मोहल्ले में रहने वाले दलित परिवार हैं, तो दूसरी तरफ दूसरी जाति के लोग।

छातर गांव काफी बड़ा है। यहां तकरीबन 12 हजार वोटर हैं। गांव की कुल आबादी में 80 फीसद जाट समुदाय से है। गांव की सामूहिक पंचायत के ऐलान के मुताबिक गांव में रहने वाला ऊंची जाति का कोई आदमी बहिष्कृत मोहल्ले की ओर नहीं जाएगा। अगर कोई जाता है तो उसका भी बहिष्कार किया जाएगा। गांव के मांगु बागड़ मोहल्ले में रहने वाले दलितों को गांव में निकलने की इजाजत नहीं है। वे अपने मोहल्ले तक सीमित हैं, किसानों के खेतों में भी काम के लिए नहीं जा पा रहे। आलम ये है कि गांव के दुकानदार इन परिवारों को सामान और सब्जी तक नहीं दे रहे। डेयरी से दूध भी नहीं मिल रहा। इन परिवारों के लोगों को गांव से बाहर जाने के लिए ऑटो वाले तक नहीं बिठाते। कोई बीमार हो जाए तो गांव के डॉक्टर उसे दवाई तक नहीं देते। 150 परिवार हर उस शख्स के आगे हाथ जोड़ रहे हैं जिसके बारे में उन्हें लगता है कि वह उनका बहिष्कार खत्म करवा सकता है। मगर हर जगह से मायूसी के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं टर्म-1 परीक्षा, 18 को जारी होगी डेटशीट

**नई दिल्ली।** सीबीएसई कक्षा 10वीं-12वीं की परीक्षाएं नवंबर के मध्य से ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई की ओर से 18 अक्टूबर को डेटशीट जारी की जाएगी। कक्षा 10 और 12वीं के लिए टर्म -1 बोर्ड परीक्षा 90 मिनट की अवधि के वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा से पहले स्कूलों के लिए दिशा-निर्देशों की एक सूची जारी की है। कोविड -19 प्रोटोकॉल के कारण एक कक्षा में केवल 20 छात्रों के साथ परीक्षा आयोजित होगी।

# ताइवान में भीषण आग : 13 मंजिला इमारत में आग से 46 की मौत, 79 झुलसे

**ताइपे।** ताइवान के काऊशुंग शहर में गुरुवार को 13 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से 46 लोगों की मौत हो गई और 79 लोग झुलस गए। दमकल विभाग ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जिनमें 14 की हालत गंभीर है। दमकल विभाग के अनुसार, आग बेहद भीषण थी और इमारत की गई मंजिलें आग में खाक हो गईं।

अधिकारियों ने बताया कि आग तड़के करीब तीन बजे लगी। आग लगने की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि उन्होंने तड़के तीन बजे एक विस्फोट की आवाज सुनी थी। अधिकारियों ने पहले चेतावनी दी थी कि सातवीं और 11वीं मंजिल के बीच इमारत के रिहायशी हिस्से में लोग फंसे हो सकते हैं। हालांकि अब इमारत को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है। इस आगजनी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। वीडियो में इमारत की निचली मंजिलों से आग की लपटें और धुंआ निकलते हुए देखा जा सकता है।

## सेक्टर-79 में सरकार अपना कॉमर्शियल लाने की तैयारी कर रही

# प्राइवेट बिल्डर्स से बची कृषि योग्य जमीन अधिगृहित करेगा हुडा

**सुधीर बैसला।** चंडीगढ़




**कई और सेक्टर्स की जमीन पर प्राधिकरण की नजर**

**ग्रेटर** फरीदाबाद (ग्रेफ) में सफेद मार्केट के नाम से मशहूर हो रही वर्ल्ड स्ट्रीट मार्केट की कामयाबी को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) भुनाने की कोशिश में लगा है। ग्रेफ में सेक्टर-79 पूरी तरह से कॉमर्शियल सेक्टर है, जिसमें ओमेक्स का वर्ल्ड स्ट्रीट प्रोजेक्ट शहर का सबसे सुंदर और कामयाब प्रोजेक्ट निकलकर सामने आया। फरीदाबाद के अलावा दिल्ली एनसीआर से लोग यहां आने लगे हैं। इसी सेक्टर में अब दूसरे बड़े बिल्डर अपना-अपना कॉमर्शियल मॉल लेकर आ रहे हैं। प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त तेज हुई है। लिहाजा, सरकार भी इसी सेक्टर में अपना कॉमर्शियल स्पेस लाने की कोशिश कर रही है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों ने यह सुझाव प्राधिकरण के प्रशासक, डिप्टी सीएम और सीएम को दिया है।

अधिकारियों की इस पेशकश के बाद सेक्टर-79 सेक्टर में जो जमीन बिल्डर लॉबी से बची है, उसकी जल्द ही पैमाइश शुरू हो सकती है। सरकार बची हुई जमीन को सेक्शन-4 लगाकर अधिगृहित करने के चक्कर में है। यदि सरकार किसानों द्वारा अब तक बचाई गई जमीन को अधिगृहित करती है, तो निश्चित तौर पर किसान और सरकार के बीच फिर एक बार टकराव की संभावना बन सकती है। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस सेक्टर की जमीन को औने-पौने दामों पर अधिगृहित करेगी, जबकि बिल्डर लॉबी द्वारा अभी तक इस सेक्टर की जमीन को तीन से पांच करोड़ रुपये एकड़ में खरीदा जा रहा था। सरकार की इस मंशा के बाद प्राइवेट बिल्डर लॉबी सक्रिय हो चुकी है। बिल्डर लॉबी सरकार के प्लान से पहले ही किसानों की बची हुई जमीन को खरीदने के प्रयास में लगे हैं। कई दलाल टाइप लोग किसानों से संपर्क साध रहे हैं। कई दलाल किसानों की जमीन के कागजात मांगते हुए घूम रहे हैं। बता दें, बीपीटीपी क्षेत्र में सेक्टर-75, 76, 77, 78, 79, 80, 81 में पिछले छह महीने के दौरान जमीन, फ्लैट्स की कीमत दोगुनी हुई है। बेतहाशा वृद्धि का कारण यहां आ रहे शानदार कॉमर्शियल प्रोजेक्ट्स बताए जा रहे हैं।

### इन प्राइवेट बिल्डर्स के प्रोजेक्ट मचा रहे धूम

ग्रेफ में सेक्टर-81 में बीपीटीपी का रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल दोनों प्रोजेक्ट हैं, जो धूम मचा रहे हैं। इसी तरह पुरी ग्रुप का कॉमर्शियल हब तेजी से ग्रूम कर रहा है। गेलेरिया, एडोर, मनसा ग्रुप भी कॉमर्शियल प्रॉपर्टी के बाजार को खूब हवा दे रहा है।

**5वीं पुण्यतिथि**

**In Loving Memory of**

स्वर्गीय श्री राजबहादुर कौशिक जी आपने अपने प्रेम और संयम से हमारे जीवन का मार्गदर्शन किया। आप 15 अक्टूबर 2016 को हमारे बीच से दिव्यलोक यात्रा पर चले गए। आप सदैव ही हमारे मन और विचारों में रहे और निरंतर हैं। आपकी मधुर यादें और प्रेरणा सदैव ही हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।

Lt. Shri RaJ Bahadur Kaushik
(29.11.1953 - 15.10 2016)

**आपको कोटि-कोटि नमन**

From- Sledgehammer Group
Kaushik Family and Mohanty Family

"Sometimes a motivation in the form of a scholarship is all you need."



schoolsaarthi.co

# KALAM
## SCHOLARSHIP TEST

**2022-23 | For Admission in 09th & 11th Class**

**Register Now**

Last Date : 22 Oct. '21

**JUNIOR KALAM SCHOLARSHIP**
**For 1st to 8th Class [Limited Seats]**

**GRAND COLUMBUS INTERNATIONAL SCHOOL**

Inquiry : +91 9999 95 4705 | Sector 16A Faridabad.
www.grandcolumbus.com | admission@grandcolumbus.com

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021



# 45 प्रतिशत बुखार के मरीजों को किया जा रहा रेफर

## डेंगू के पांच नए संक्रमित से आंकड़ा पहुंचा 155

## सरकारी एम्बुलेंस पर चालकों की कम संख्या से लुट रहे मरीज

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में डेंगू के मरीजों की संख्या काफी तेजी के साथ बढ़नी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को जिले में पांच नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जिससे जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 155 पर पहुंच गया है। मरीजों की बढ़ती संख्या का लाभ निजी एम्बुलेस चालक जमकर उठा रहे हैं, क्योंकि चालकों की कमी के कारण मरीजों को सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिल पा रही है। जिले में ऐसे ही कुछ मामले सामने आ रहे हैं। वहीं बीके अस्पताल में आने वाले डेंगू और बुखार के मरीजों को धड़ल्ले से रेफर किया जा रहा है। लेकिन जिले में रेफर किए जा रहे मरीजों की संख्या का आंकड़ा किसी के पास नहीं है। निजी एम्बुलेंस चालक इन मरीजों को निजी अस्पतालों धड़ल्ले से ले जा रहे हैं। लेकिन वहीं जब सरकारी आंकड़े देखे जाएं तो पिछले 14 दिनों में 336 मरीजों को यहां से दिल्ली के लिए रेफर किया गया है। जिसमें 45 प्रतिशत से अधिक बुखार के मरीज शामिल हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि बुखार के 45 प्रतिशत मरीजों को जिले में यहां दिल्ली रेफर करके पल्ला झाड़ा गया है, तो फिर निजी अस्पतालों में प्राइवेट एम्बुलेंस चालक कितने मरीजों को लेकर पहुंचे होंगे।



बीके अस्पताल के गेट के बाहर खड़ीं प्राइवेट एम्बुलेंस।

### 35 प्रतिशत रेफर

**एक** से 14 अक्टूबर तक 336 मरीजों को जिले में मौजूद 112 निशुल्क एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष के जरिये रेफर किया गया। रेफर होने वाले 336 मरीजों में 45 प्रतिशत मरीज बुखार के और 30 प्रतिशत डिलीवरी महिलाओं के अलावा 25 प्रतिशत अन्य बीमारियों और घायल मरीज शामिल हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से बुखार अथवा डेंगू के मरीजों को जिले में इलाज के लिए यहां से वहां भटकना पड़ रहा है।

### लूट रहे निजी चालक

**जिले** में 112 एम्बुलेंस कंट्रोल रूम में चालकों की संख्या कम होने से मरीजों को एम्बुलेंस नहीं मिल पाती। जिसका लाभ अस्पताल परिसर में घूमने वाले निजी एम्बुलेंस चालक जमकर उठा रहे हैं। शहर के सिविल अस्पताल के बाहर निजी एम्बुलेंस चालकों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में यह एम्बुलेंस चालक मरीजों और उनके तीमारदारों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उन्हें यहां से निजी अस्पतालों में ले जाकर कमीशनखोरी कर रहे हैं। वह मुंहमांगे दामों पर यहां से वहां मरीजों को ले जा रहे हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में की जाएगी आमजन की भागीदारी: एडीसी

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि जिला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 को लेकर उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्ग दर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 75वें स्वतंत्रता वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के महोत्सव अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला स्तर पर इस अभियान को गति देकर आमजन को भागीदार बनाए जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवा मण्डल, सामाजिक संगठनो, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ व अन्य विभिन्न सरकारी विभागों के साथ-साथ अधिक से अधिक तालमेल करके आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# दशानन दहन पर कभी राजनीति तो कभी कोरोना की छाया

## एनआईटी के दशहरा मैदान में क्या इस बार भी नहीं होगा रावण दहन?

राजेश दास। फरीदाबाद

**पिछले** कई सालों से एनआईटी स्थित मैदान में दशहरा उत्सव मनाने को लेकर लगातार अढ़चनें आ रही हैं। करीब चार साल पहले दशहरा उत्सव का आयोजन अपने हाथ में लेने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। इसके बावजूद कभी सीएम की उपस्थिति में तो कभी प्रशासन की देखरेख में रावण दहन जरूर होता रहा है।

गत वर्ष कोरोना महामारी को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन की तरफ रावण दहन की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन इस बार न तो दो सामाजिक संगठनों का विवाद दिखाई दे रहा है और न ही कोरोना का प्रकोप। रावण दहन उत्सव और भरत मिलाप मेले को लेकर दशहरा मैदान में मेला तो सज गया है, लेकिन इस बार भी दशहरा मैदान में रावण दहन नहीं होगा। इस बार आयोजकों ने न तो रावण पुतला बनाने में रुचि दिखाई और न ही प्रशासन की तरफ से अनुमति दी गई है।


एनआईटी के दशहरा मैदान में सजा मेले का बाजार।


दशहरा मैदान की मुख्य सड़क रावण का पुतला बेचता दुकानदार।

### कारण स्पष्ट नहीं

**शहर** में कोरोना महामारी से करीब करीब पूरी तरह उभर चुका है। शहर में बाजार, उद्योग, धार्मिक स्थल खोलने व अन्य समारोह और धार्मिक उत्सव एहतियात के साथ करने की अनुमति है। शहर में कोरोना के फिलहाल मात्र तीन ही एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर की करीब के करीब 60 से 70 प्रतिशत वयस्क आबादी को वैक्सीन भी लग चुकी है। लेकिन इसके बावजूद इस बार एनआईटी में रावण दहन नहीं किया जाएगा। हालांकि दशहरा मैदान में दुकानें और स्टॉल लग चुके हैं। वहीं नगर निगम की अनुमति से दशहरा मैदान में एक निजी संस्था की तरफ से पहले ही कई दिनों से मेला लगाया गया है। जहां हर रोज शाम को लोगों की भारी भीड़ जुटती है। वहीं दूसरी तरफ इस बार दोनों संस्थाओं का विवाद भी दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहा है। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की तरफ से रावण दहन की अनुमति क्यों नहीं दी गई, यह किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अनुमति न मिलने की वजह से बार विभिन्न संस्थाओं ने रावण का पुतला बनवाने में भी कोई रूचि नहीं दिखाई।

### लगातार दूसरे साल नहीं होगा रावण दहन

**आजादी** के बाद पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए पुरुषार्थियों के लिये एनआईटी को बसाया गया था। शहर बसने के बाद पुरुषार्थियों ने करीब 70 साल पहले एनआईटी में बीके अस्पताल के पास दशहर उत्सव मनाना शुरू कर दिया था। जिसके बाद इस जगह को दशहरा मैदान के रूप में स्थापित कर दिया गया। इस दौरान शहर में कई बार विपरित परिस्थितियां भी उत्पन्न हुई, लेकिन हर बार दशहरा उत्सव का आयोजन कर रावण दहन की रस्म जरूरी पूरी की जाती रही है। गत वर्ष यानी 2020 में मार्च से कोरोना का प्रकोप शुरू हो गया था। लेकिन अगस्त के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आ चुकी थी। जिसके बाद बाजार और मंदिर एहतियात के साथ खोलने की अनुमति दे दी गई थी। लेकिन दशहर उत्सव में लोगों की भारी भीड़ जुटती है। ऐसे में कोरोना वायरस के फैलने की प्रबल सम्भावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने रावण दहन और मेला आयोजित करने की अनुमति नहीं दी थी। जिसके कारण गत वर्ष 70 साल बाद पहली बार दशहरा मैदान में रावण दहन नहीं हो पाया था।

### आपातकाल में भी जला था रावण

**औद्योगिक** नगरी में इससे पहले भी कई बार विपत्तियां आ चुकी हैं। वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगने पर यहां भी संवेदनशील स्थिति बनी हुई थी। आपातकाल करीब दो साल लगा रहा, लेकिन इस दौरान रावण दहन कार्यक्रम को किसी भी सूरत में टाला नहीं गया। वर्ष 89-90 में प्रधानमंत्री वीपी सिंह के शासनकाल में पूरा देश आरक्षण की आग में जल रहा था। आरक्षण के दौरान हुए दंगों की वजह से शहर में कर्फ्यू लगाया गया था। उस वर्ष दहशरा कर्फ्यू के बीच पड़ा था। इसके बावजूद प्रशासन की तरफ से सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को रावण दहन करने के लिए तीन घंटे का समय दिया गया था।

# हनुमान जी ने उठाया पहाड़, कुम्भकरण का हुआ वध

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के मंचन में हनुमान पहाड़ ऊठाकर उड़ते हुए आये और कुम्भकरण का वध हुआ। हनुमान को कालनेमि राक्षस साधू बनकर मारना चाहता है, लेकिन हनुमानजी उसे पहचान जाते हैं और उसका वध कर देते हैं।


एनएच पांच में श्री धार्मिक राम लीला कमेटी के मंच पर लक्ष्मण मूर्छा का मंचन करते कलाकार।

रामलीला के डायरेक्टर हरीश चंद्र आजाद ने बताया कि दूसरे दृश्य में हनुमान पहाड़ उठाकर लाते हैं और लक्ष्मन के प्राण बचाते हैं। किसी भी रामलीला में पहली बार एलईडी पर हनुमान पहाड़ ऊठाकर ऊड़ते हुए दिखाये गए। जिसकी शूटिंग दिल्ली स्टूडियो में की गई। इस दृश्य को दर्शकों ने इतना सराहा कि लंबे समय तक पंडाल तालियों से गूंजता रहा। अगले दृश्य में रावण सीता को मायावी विद्या से राम व लक्ष्मन के कटे हुए सिर दिखाता है और कहता है कि राम-लक्ष्मन मारे गये हैं। जिससे सीता बेहोश हो जाती है। तब रावण के जाने के बाद त्रिजटा सीता को बताती है कि यह सब मायावी था। अगले दृश्य में राक्षस कुम्भकरण को नींद से जगाते हैं। यह दृश्य बच्चों को बहुत आन्नदित करता है। फिर रावण कुम्भकरण को युद्ध के लिये भेजता है। अंतिम दृश्य में राम व कुम्भकरण का भंयकर युद्ध होता है व राम के हाथों कुम्भकरण मारा जाता है। किरदारों में कुम्भकरण बने दीपक नागपाल, राम बने जितेश गेरा, लक्ष्मण राजू खरबंदा, सीता रिद्वी खरबंदा, रावण तेजिन्द्र खरबंदा, सुग्रीव कपिल शर्मा, विभीषण रमन और हनुमान रोहित खरबंदा बने।

# वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे : डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विश्व** छात्र दिवस (वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे) भारत के मिसाइल मैन के नाम से विख्यात और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस 15 अक्टूबर पर मनाया जाता है। वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के 79वें जन्म दिवस को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी। तभी से 15 अक्टूबर को पूरे विश्व में वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे के रूप में मनाया जाता है।

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स, लीगल लिटरेसी क्लब और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वर्ल्ड स्टूडेंट् डे पर जागरुकता रैली का आयोजन करते हुए प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को नमन किया। ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एसेस टू जस्टिस फार आल के अंतर्गत सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।


एनएच तीन में जागरुकता रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते डीएलसीए के पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता।

डॉ. कलाम को अध्यापक से लगाव था और उनकी हमेशा रही कि लोग उन्हें हमेशा एक अध्यापक के रूप में जानें। डॉ. कलाम को पीपल्स प्रेसीडेंट के रूप में भी जाना जाता है। मनचंदा और कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर ने कहा कि डॉ. कलाम वर्ष 2002 से 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे और वे भारत के 11वें राष्ट्रपति के साथ ही, विख्यात वैज्ञानिक, थिंकर, फिलॉस्फर और अध्यापक भी थे और उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान से अलंकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कानूनी सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से डीएलएसए के पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता और शिव कुमार ने बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य और पैनल अधिवक्ता ने विश्व स्टूडेंट दिवस पर कानूनी साक्षरता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर, सतबीर पवार, संजय मिश्रा, शिवम, प्रवीण, दीपिका, ऋतु और छात्रा निशा, सृष्टि, भूमिका, कविता, रजनी और साक्षी सहित अन्य बालिकाओं ने रैली में भागीदारी की।

## आरपीसीए पाली ने 36 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी गुरुग्राम क्रिकेट के मैदान पर प्रैक्टिस मैच खेला गया। मैच में आरपीसीए पाली ने गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी को 36 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीसीए पाली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37 ओवर में 10 विकेट पर 220 रन बनाए।

यश अधाना ने 41 रन, खुश गौतम ने 41 रन, करण डेढा 31 रन, करण ने 31 रन और हरीश भड़ाना ने 15 रन बनाए। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कुलदीप आशीष व नितिन रिया ने दो-दो विकेट ली। सचिन रावत ने एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 7 विकेट में 184 रन ही बना सकी। सचिन ने 30 रन, कुलदीप ने 29 रन, प्रतुश ने 26 रन, वीरांग ने 25 रन बनाए। आरपीसीए पाली टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हरीश भड़ाना ने 4 विकेट, करण डेढा ने दो विकेट, भारत रावत ने एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हरीश भड़ाना को दिया गया।

# ग्रेड कोलंबस देगा विद्यार्थियों को कलाम स्कॉलरशिप

## जूनियर कलाम स्कॉलरशिप के जरिये की जाएगी बच्चों की आर्थिक मदद : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-16ए** स्थित ग्रेंड कोलंबस इंटरनेशन स्कूल की तरफ से एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर कलाम स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई है। जिसके तहत स्कूल की प्रिंसीपल दीपिका शर्मा ने बताया कि स्कॉलरशिप पहले 9वीं से 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी जा रही थी।

स्कूल के विद्यार्थियों को दी जा रही स्कॉलरशिप को कलाम के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को यह स्कॉलरशिप अब पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि इससे जहां बच्चों को पढ़ाई पूरी करने में मदद मिलेगी। वहीं अभिभावकों पर भी बच्चों की फीस का बोझ कम होगा।


दीपिका शर्मा

**80 प्रतिशत वालों को लाभ :** ग्रेंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसीपल दीपिका शर्मा ने बताया कि 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों को यह स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा तक यह स्कीम पहले 50 लड़कियों और पहले 25 लड़कों को दी जाएगी। उन्होंने कलाम स्कॉलरशिप के बारे में बताया कि पहली से आठवीं तक शुरू की गई जूनियर कलाम स्कॉलरशिप में पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किसी तरह की कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होगी, लेकिन बेसिक राइटिंग टेस्ट उन्हें देना होगा। जिसमें राइटिंग और कम्प्युनिकेशन स्किल की जांच की जाएगी। जिसके बाद उन्हें इसका फायदा मिलेगा।

**छह सालों से दे रहे स्कॉलरशिप :** दीपिका शर्मा ने बताया कि स्कूल यह स्कॉलरशिप बच्चों को पिछले छह सालों से दे प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्कीम उन बच्चों के लिए है, जो मेधावी हैं और शिक्षा के लाभ से वंचित रह जाते हैं। स्कीम के तहत उन बच्चों के भविष्य को संवारने का काम स्कूल द्वारा किया जाएगा।

# जीवा स्कूल में मनाया दशहरा पर्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में छात्रों ने दशहरे पर्व ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से मनाया गया। छात्रों का यह एक अद्भुत व अनोखा प्रयास है। विद्यालय में प्रात:काल सभी कक्षा के छात्रों ने प्रार्थना-सभा के दौरान अपनी-अपनी कक्षा में परम्परागत तरीके से एवं पूर्ण श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया।

सर्वप्रथम छात्रों ने देवी दुर्गा की स्तुति की व श्री राम के भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शारदीय नवरात्रि भगवान राम के द्वारा की गई मां दुर्गा की अराधना का प्रतीक माना जाता है। संपूर्ण भारत में शरद नवरात्रि को शक्ति की उपासना, अधर्म की पराजय और धर्म की विजय के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के प्राइमरी के छात्रों ने रंग-बिरंगे परम्परागत भारतीय वेशभूषा के साथ देवी दुर्गा को समर्पित भजन और गीत प्रस्तुत किए। कुछ छात्रों ने अत्यंत आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रामायण का भी संक्षेप में मंचन किया। जो वास्तव में आकर्षण का केंद्र रहे, साथ ही छात्रों ने क्रोध और लोभ आदि के त्याग का संदेश दिया। छात्रों को विद्यालय के ऑडीटोरियम में रामायण पर आधारित एक डॉक्युमेंट्री मूवी दिखाई गई। उच्च कक्षाओं में छात्रों ने प्रार्थना सभा के दौरान दशहर पर्व की विशेषताओं और महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं का आदर, सम्मान व माता-पिता के प्रति कर्त्तव्य पालन करने की भावनाओं का समावेश करना है। वहीं विद्यालय के छात्रों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अद्भुत व उच्च कोटि का संदेश दिया, परिस्थिति कैसी भी हो हमें अपनी सोच को सकारात्मक ही रखना चाहिए एवं कठिन समय को भी उचित अवसर में बदलना चाहिए।


दशहरे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने दशहरे के उपलक्ष्य पर सभी को संदेश दिया कि देवी दुर्गा समस्त जगत का कल्याण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में सदैव धर्म का आचरण करना चाहिए। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने भी सभी कक्षाओं का अवलोकन किया व इस उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की व सभी के लिए मंगल कामना भी की। विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रधानाचार्य अपर्णा शर्मा ने भी नवरात्रों के उपलक्ष्य में सबको शुभकामनाएं दी।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएसपी की बेटी ने अमेरिका में जीते चार गोल्ड मेडल

**फरीदाबाद।** दक्षिण अमेरिका के पेरू में 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित विश्व जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नारनौल में कार्यरत डीएसपी नरेंद्र सांगवान की बेटी रीदम सांगवान ने चार गोल्ड जीतकर हरियाणा ही नहीं अपितु देश का नाम रोशन किया है। इतना ही नहीं दो प्रतियोगिता में तो रीदम ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के रिकॉर्ड भी बनाये हैं। सत्रह वर्षीय रीदम सांगवान फरीदाबाद के डीपीएस स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। अमेरिका में आयोजित प्रतियोगिता में रीदम सांगवान गर्ल्स एवं ब्यॉज की स्टेंडर्ड शूटिंग प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लेकर विश्व में प्रथम स्थान पर रही है। रीदम के पिता डीएसपी नरेंद्र सांगवान ने बताया रीदम ने 25 मीटर की स्टेंडर्ड पिस्टल, 25 मीटर रैपिड मिक्स, 10 मीटर की एयर पिस्टल टीम और 25 स्पोर्ट्स पिस्टल टीम में गोल्ड मेडल हासिल किये हैं। बताया कि एयर पिस्टल कैटेगरी में 600 में से 577 अंक लेकर रीदम सर्वाधिक अंक लेने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। स्टेंडर्ड पिस्टल प्रतियोगिता में 600 में से 573 अंक प्राप्त किए हैं। रीदम की इस उपलब्धि पर उसके परिवार में खुशी व जश्न का माहौल है। रीदम ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने कोच विनीत कुमार को भी दिया है। रीदम ने बताया कि उसके पिता व माता न केवल उसे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। रीदम के अनुसार उनके माता-पिता द्वारा किए हौसला अफजाई का ही परिणाम है कि आज उसने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करके अपने माता-पिता के साथ साथ प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है।


अमेरीका के पेरू में हुई स्टेंडर्ड शूटिंग प्रतियोगिता में चार गोल्ड जीतने के बाद मेडल दिखाती डीपीएस की छात्रा रिदम सांगवान।

## श्री बांके बिहारी मंदिर में हवन यज्ञ और कन्या पूजन

**फरीदाबाद।** दुर्गा नवमी राम नवमी के अवसर पर श्री बांके बिहारी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रों के समापन पर विधि विधान से हिमाचल से आई मां ज्वालाजी की पूजा अर्चना महंत ललित गिरी गोस्वामी उनकी धर्मपत्नी महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गिरी गोस्वामी, अशोक अरोड़ा और उनकी धर्मपत्नी सुनीता अरोड़ा, एनएल गोसाईं ने की। पंडित विनोद शास्त्री, मनीष दुबे, प्रदीप शास्त्रीजी के मंत्रोच्चारण द्वारा गणपति पूजन, कलश पूजन, महाकाली मां, वैष्णो मां व सरस्वती का पूजन नवग्रह पूजन कराया। आरती और कन्या पूजन के बाद महंत ललित गिरी गोस्वामी ने सबको नवरात्रों की बहुत-बहुत बधाई दी। प्रसाद रूप में ज्वाला ज्योति फल का प्रसाद तथा हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। पवित्र कार्य में महंत ललित गिरी गोस्वामी, मीनाक्षी गिरी गोस्वामी, सरपरस्त एनएल गोसाईं, अशोक अरोड़ा-सुनीता अरोड़ा, पूनम अरोड़ा, राजेन्द्र गुलाटी, पीयूष गुलाटी, सतीश अरोड़ा पदाधिकारियों के अलावा काफी संख्या में बुजुर्ग, महिला तथा बच्चे उपस्थित थे। महंत ललित गिरि गोस्वामी ने बताया कि कल माँ जवाला जी वापिस हिमाचल प्रदेश प्रस्थान करेंगी।


एनच पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर में नवमी के अवसर पर हवन करते महंत ललित गिरी गोस्वामी व भक्त गण।


## जिले में 13698 लोगों को लगा टीका

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को 13698 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें सरकारी केन्द्रों पर हेल्थ केयर वकरों में सैकेंड डोज 20 लोगों ने लगवाई। वहीं फ्रंट लाई वकरों में सैकेंड डोज 35 लोगों ने और 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 2128 तथा सैकेंड डोज 4250 लोगों ने लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 540 और सैकेंड डोज 4534 लोगों ने लगाई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में 133 ने प्रथम और सैकेंड डोज 1850 लोगों ने लगवाई। निजी अस्पतालों में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 34 ने और सैकेंड डोज 133 लोगों ने लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज दो ने और सैकेंड डोज 23 लोगों ने लगवाई। इसी के साथ 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज दो और सैकेंड डोज 23 लोगों ने लगवाई। 60 प्लस आयुवर्ग में एक ने पहली और सैकेंड डोज तीन लोगों ने लगवाई।


डॉ. मनोज की देखरेख में स्टाफ उषा से टीका लगवाते हुए प्रमोद

## उठ प्रिय भाई, दशा तुम्हारी देख राम की अखियां भर आयी

**फरीदाबाद।** विजय रामलीला कमेटी मार्केट नम्बर 1, फरीदाबाद के इतिहासिक मंच पर दिखाया गया अति मार्मिक दृश्य-लक्ष्मण मूर्छा। मेघनाथ (लखन वर्मा) ने बरछी मार कर किया लक्ष्मण (प्रिंस) को मूर्छित। हनुमान (अरुण भाटिया) उन्हें मूर्छित अवस्था में ले गए राम के पास, हनुमान के किरदार में अरुण भाटिया द्वारा लक्ष्मण की इस हालत पर अपनी लापरवाही बता अफसोस व्यक्त करना व डायलॉग डिलीवरी ने सभी का मन मोह लिया। राम का किरदार निभाने वाले सौरभ के विलाप को देख दर्शकों की आंखें हुई नम। इसके बाद हनुमान संजीवनी बूटी लाने दुनागिरी पर्वत पर गए। जहां उनका युद्ध कालमयी नामक राक्षस (सुखविंदर सिंह) से हुआ उसका वध कर हनुमान जी बूटी लेकर पोहंचे लंका जहां सुखेन वैद ने लक्ष्मण के प्राण बचाये। संगीत निर्देशक स्वर्गीय विश्व बंधु शर्मा द्वारा रचित गीत दिन कभी ऐसे भी आएंगे। ये मालूम न था ने सभी को रोने पर मजबूर कर दिया इसके बाद दिखाया राम और कुम्भकर्ण के बीच घमासान युद्ध और अंत में कुम्भकर्ण मारा गया। आज इसी मंच पर होगा मेघनाथ, अहिरावण और रावण वध।


एन एच वन स्थित विजय राम लीला के मंच पर लक्ष्मण मूर्छा का मंचन करते कलाकार।

## कोरोना के तीन पॉजिटिव मरीज आए सामने

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को तीन नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। वहीं एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में रिकवरी रेट भी 99.28 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिस कारण जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा छह पर पहुंच गया है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिले में पिछले 24 घंटे में 1447 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला में 1156524 लोगों द्वारा टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99865 लोग कोराना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1055284 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1375 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने जिला वासियों से अपील की है कि वे अब भी निरन्तर कोरोना को मात देने के लिए सावधानी बरतते रहें और कोशिश करें कि अपने घर के अंदर ही रहें। जब तक बहुत जरूरी ना हो, तब तक घर से बाहर ना निकलें। बाहर निकलते समय अपने मुंह और नाक को कवर करते हुए फेस मास्क का प्रयोग अवश्य करें। कोरोना के बारे में कोई भी जानकारी लेनी हो तो कॉविड हेल्पलाइन नंबर 1950 पर डायल करें जो कि सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे संचालित की जा रही है।


अब्दुल से कोरोना जांच कराती सुमन।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

## पिता पाकिस्तान में रह गये, आज तक भी उनका कुछ पता नहीं

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**जुलाई** 1947 के अंत की बात है, हम लाला मूसा जंक्शन और मलक वाल को जोड़ने वाली रेलवे लाइन पर स्थित फलिया तहसील, मंडी बहाउद्दीन में थे। मेरे पिता वहां सब पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात थे, उस समय हम 5 भाई-बहन (12 वर्ष), मैं (10 वर्ष), बहन (8 वर्ष), भाई (5 वर्ष) और भाई (2 वर्ष) थे। बंटवारे के समय की याद ताजा करते हुए यह सब बताते हैं नवीन चंद्र शर्मा।

नवीन चंद्र शर्मा के मुताबिक उनके पिता को भारत या पाकिस्तान चुनने के लिए कहा गया था। उन्होंने पाकिस्तान को चुना। इसके बावजूद उनका तबादला जालंधर कर दिया गया। 12 अगस्त 1947 को उन्होंने जालंधर के लिए ट्रेन पकड़ी, यह कहते हुए कि वह हमें आवास आदि की व्यवस्था करने के लिए बुलाएंगे। तीन दिन बाद हमें अपने पिता का पत्र मिला कि वह शाह कोट मालन पहुंच गए हैं और एक क्वार्टर भी मिल गया है। उसके बाद कभी पिता जी के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया।

### नवीन चंद की मां ने जेबीटी की और फरीदकोट नगर निगम के स्कूल में की नौकरी

श्री शर्मा बताते हैं कि 13 अगस्त से ट्रेनें और डाक बंद हो गए। मंडी के लोगों ने पाकिस्तानी सेना को यह सुनिश्चित करने के लिए रिश्वत दी है कि वे केवल मुख्य मंडी की रक्षा करेंगे। एक दिन दोपहर को करीब एक बजे झेलम से सेना के चार जवान पहुंचे और सभी फंसे हुए लोगों को मंडी जाने वाली सड़क पर एक बगीचे में पहुंचाया। बगीचे से सभी को मंडी ले जाया गया, जहां लोगों ने अपने दरवाजे खोल दिए और हर व्यक्ति एक घर या दूसरे में प्रवेश कर गया। सभी के पास कुछ भी नहीं था। बच्चों के पास पूरे कपड़े भी नहीं। मंडी में लोग इन लोगों को सब कुछ मुहैया करा रहे हैं।


नवीन चंद्र शर्मा।

रेडियो बुलेटिन को सभी ने करीब आठ बजे यह जानने के लिए उत्सुकता से सुना कि क्या भारत सरकार सुरक्षित रूप से भारत पहुंचने में उनकी मदद करने के लिए कुछ कर रही है। कुछ दिनों के बाद सब जालंधर पहुंचे और डाकघर अधीक्षक के कार्यालय पर रहे। वह बहुत अच्छे इंसान थे। उन्होंने तुरंत हमें हमारे पिता का वेतन दिया और परिवार पेंशन के मामले की सिफारिश की।

### सौ रुपये मिलती थी पारिवारिक पेंशन

**भारत** पहुंचने के बाद के हालातों पर चर्चा करते हुए नवीन चंद्र शर्मा कहते हैं कि मेरी मां तीसरी क्लास पास भी नहीं थी। उनकी मोसी, जो विधवा थी, पाकिस्तान के सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं। उसे सरकारी नौकरी मिल गई। वह करनाल में तैनात हो गईं। हम सब उसके साथ रहे। उन्होंने मेरी मां को पढ़ाया और 8वीं की बोर्ड परीक्षा पास कराई। फरीदकोट में जेबीटी कराई और नगर निगम के स्कूल में नौकरी दिलवाई। जिसका बाद में राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। नवीन चंद्र शर्मा का कहना है कि उन्हें 1950 में 100 रुपये मासिक की पारिवारिक पेंशन मिली। इस पारिवारिक पेंशन के अलावा सरकार की ओर से कोई मदद नहीं। जैसे-तैसे करके परिवार ने खुद को स्थापित किया।

## पैरोल पर गया बंदी जेल नहीं लौटा

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल से पैरोल छुट्टी पर गये बंदी के वापस न आने पर जेल प्रशासन ने थाने में मामला दर्ज कराया है। बंदी 10 वर्ष की आजीवन कारावास काट रहा था। जिला जेल के उपाधीक्षक सत्यभान ने पुलिस को बताया कि राजस्थान के जिला अलवर थाना बहरोड़ के गांव खापरिया निवासी धर्मेन्द्र उम्र कैद की सजा काट रहा है। धर्मेन्द्र 23 जून 2021 को चार सप्ताह की पैरोल पर गया था। जिसे 22 जुलाई 2021 को वापस आना था, लेकिन कोविड के कारण जेल हाई कमान अधिकारियों ने स्पेशल पैरोल की घोषणा करते हुए धर्मेन्द्र को 3 अक्टूबर को वापस जेल में आना था। जिसके लिए 25 सितम्बर को धर्मेन्द्र बंदी को पत्र के माध्यम से अवगत भी करा दिया था, लेकिन बंदी जेल नहीं पहुंचा।

## संक्षिप्त-समाचार

### विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के बारे में बताया



**पलवल।** एनजीएफ कॉलेज में सेन्टर आफ एक्सीलेंस लैब में अनुभवी व्यक्तियों द्वारा नये विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान व डिजिटल लर्निंग के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्सुकता से सभी तकनीकी पहलुओं को जाना। जिला पलवल की एकमात्र लैब होने के कारण सभी छात्र-छात्राओं में स्किल डेवलपमेंट को लेकर काफी उत्सुकता दिखी। वर्तमान समय में पढ़ाई केवल पुस्तकों पर ही आधारित नहीं है, ऐसे में व्यावहारिक ज्ञान छात्रों को रोजगार की तरफ आगे बढ़ाता है। एनजीएफ कॉलेज पहले से ही रोजगारपरक शिक्षा पर विद्यार्थियों को नये-नये प्रोग्राम कराता रहता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रसून पाठक जोकि फैशन के क्षेत्र के अलावा आयशर ट्रैक्टर में बतौर ट्रेनर एक लम्बा अनुभव रखते हैं, उन्होंने बच्चों को बारीकी से सभी पहलुओं को बताया। इसके अलावा आईआईटी दिल्ली टेक्नोलॉजी से सीईओ आनंद ने स्मार्ट क्लास और ऑनलाइन ट्रेनिंग के बारे में विद्यार्थीयों को बताया। बतौर ट्रेनर सत्यांशु जोकि एडी3 के डॉलेक्टर हैं, जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को डिजिटल मार्केटिंग और व्यावहारिक ज्ञान के बारे में बताया। आज के समय की जरूरत के अनुसार स्किल पर आधारित शिक्षा पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्सुकता को देखकर कॉँलेज ने साप्ताहिक स्तर पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया। अंत में कॉलेज के सीईओ अश्वनी प्रभाकर ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर पति को पीटा

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव सहजावास में दबंगों ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करते हुए पति समेत परिवार के तीन सदस्यों को पीटा। पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया है। सहजावास निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे उसके घर में गांव का ही मेहरचंद, ओमपाल, सतीश उर्फ गोटी, राजू उर्फ राजकुमार और महेश उर्फ मंत्री पांचों लोग उसके घर में घुस आए। घर में सभी आरोपी उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे, जिसका पति और बहन सहित उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उन सभी के साथ मारपट की। पीड़िता ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। आरोपी कहीं भी रास्ते में आते-जाते समय उसपर जान लेवा हमला कर सकते हैं। इतना ही नहीं अपनी दबंगता के चलते उसके चरित्र पर भी दाग लगा सकते हैं। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी अपने-अपने घर से फरार है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

### राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं...



**गुरुग्राम।** जैकमपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला के 10वें दिन की लीला में रावण-अंगद संवाद के बाद युद्ध के ऐलान पर समाप्त हुई। इसके बाद की लीला रावण के महल से शुरु होती है। वे अपनी रानी मंदोदरी के साथ मंत्रणा करते हैं। दरबार में विभीषण रावण से कहते हैं-मेरी बात मानो और श्री राम से माफी मांगकर सीता उन्हें लौटा दो। रावण विभीषण को रावण लात मारकर लंका से ही निकाल देते हैं। फिर विभीषण श्री राम से मिलते हैं और राम उन्हें अपनी सेना में शामिल कर लेते हैं। इसके बाद होती है समुद्र पार करने की तैयारी। समुद्र में पुल बनाने के लिए नल और नील को पत्थर देकर उनके हाथों रखवाए जाते हैं। यहां गीत सुनाया-राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन पर कृपा राम करके वो पत्थर भी तर जाते हैं। समुद्र पार करने के बाद एक बार शांतिदूत अंगद (धीवेश शिंडेलिया) को रावण के दरबार में भेजा जाता है। वहां रावण-अंगद का संवाद होता है। फिर अंगद ने रावण के दरबार में पैर जमाया। रावण ने दरबार में पुत्र मेघनाथ को बुलाया और राम-लक्ष्मण के साथ युद्ध करने को भेजा। युद्ध में मेघनाथ ब्रह्मास्त्र का प्रयोग लक्ष्मण पर करते हैं और वे मूर्छित हो जाते हैं। वैद्य राज के बताने पर हनुमानजी द्रोणगिरी पर्वत से संजीवनी बूटी का पर्वत उठालाते हैं। द्रोणगिरी पर्वत से वैद्य राज ने संजीवनी बूटी लक्ष्मण को सुंघाई और उनकी मूर्छा टूट गई। उठते ही लक्ष्मण ने अपने दुश्मन को ललकारा। राम ने उन्हें गले लगाकर विलाप किया।

### वाहन की टक्कर व्यक्ति की मौत

**होडल।** नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वाहन चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने एक प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पहचान के लिए मोचरी में रखवा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नया नगला रेलवे रोड निवासी जगदीश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह कोसीकलॉं यूपी से होडल के लिए लौट रहा था। उसने बताया कि जैसे ही वह करमन बॉर्डर पर पहुंचा तो पीछे से स्पीड में आ रही बोलरो गाड़ी ने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। उसने बताया कि गाड़ी चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में व्यक्ति ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल पर एकत्रित लोगों से मृतक व्यक्ति की पहचान करने के लिए कहा, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## एसजीटी यूनिवर्सिटी में युवती से दोस्ती के विवाद पर की थी छात्र की हत्या

### हत्या का आरोपी छात्र गिरफ्तार, हत्या की बात कबूली

### पुंकिल के भाई ने विनीत को पीछे से पकड़ा व पुंकिल ने पेट में मारी थी गोली

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में छात्र की हत्या के आरोप में गिरफ्तार छात्र पुंकिल।

**एसजीटी** यूनिवर्सिटी बुढेड़ा (गुरुग्राम) कैपस में हुई बीएएमएस के छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-10 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छात्र पुंकिल उर्फ लक्की ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध भी कबूल कर लिया है। साथ ही बताया है कि युवती से दोस्ती को लेकर उसका झगड़ा हुआ था। इसी कारण से उसने विनीत की हत्या की है।

बता दें कि बीती आठ अक्टूबर 2021 को दोपहर करीब एक बजे एसजीटी यूनिवर्सिटी में कुछ छात्रों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़ा इतना बढ़ गया कि यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई करने वाले छात्र पुंकिल उर्फ लक्की ने बीएएमएम के छात्र विनीत पुत्र विजय कुमार निवासी गांव बुटराडा, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को गोली मार दी थी। पुलिस ने गुप्त सूत्रों की सहायता से विनीत हत्याकांड में पुंकिल उर्फ लक्की पुत्र धनंजय निवासी नजफगढ़ को गांव छावला से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकारते हुए कहा है कि विनीत के साथ एक युवती की दोस्ती होने पर झगड़ा हुआ था। जिसकी रंजिश में उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विनीत की हत्या कर दी। एसीपी क्राइम प्रीतपाल के अनुसार आरोपी पहले भी हत्या व हवाई फायर की वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया गया।

### पहले कक्षा में पहुंचे, फिर हॉस्टल के बाहर घेरा

**घटना** के प्रत्यक्षदर्शी छात्र हर्ष पुत्र सतपाल निवासी गांव दतौली जिला सोनीपत ने पुलिस टीम को शिकायत में बताया कि 8 अक्टूबर उसका दोस्त विनीत, ब्रह्मजीत, हर्ष शौकीन और अन्य छात्र कक्षा में पढ़ रहे थे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे यूनिवर्सिटी के छात्र राहुल व नितेश उनकी कक्षा में आए और विनीत को बाहर बुलाने लगे। उनके शिक्षक प्रवीन ने कक्षा से बाहर भेजने से मना कर दिया। उसके बाद 12 बजे जब कक्षा समाप्त हुई तो विनित ने कहा कि राहुल, नितेश, पुंकिल उर्फ लक्की और एक लड़की उसके साथ झगड़ा कर सकते हैं। हॉस्टल के पास पहले से खड़े नितेश, राहुल, पुंकिल उर्फ लक्की और एक लड़की ने विनीत ने झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसी बीच पुंकिल के भाई नितेश ने विनीत को पीछे से पकड़ लिया। पुंकिल ने विनीत के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही विनीत सड़क पर किया गया और हमलावर व लड़की मौके से फरार हो गये। विनीत को तुरंत एसजीटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

## अतिक्रमण करने वाले दुकानदार की बनेगी वीडियो और फोटो


गुरुवार को सुपरवाइजरों के साथ बैठक करते नगर परिषद के चीफ सफाई निरीक्षक।

**सोहना।** शहर में अतिक्रमण करने वाले दुकानदार की वीडियो व फोटोग्राफी की जाएगी। अतिक्रमण करने वाले से सबूत देकर जुर्माना वसूला जाएगा। रेहड़ी दुकानदारों को कूड़ादान रखने की हिदायतें दी गई है।

शहर की सड़कों, बाजार, चौक-चौराहे पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदार के खिलाफ नगर परिषद अब नये तरीके से शिकंजा कसने जा रही है। परिषद के नवनियुक्त चीफ सफाई निरीक्षक धर्मेन्द्र ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदार या व्यापारी को बार-बार समझाने की जरूरत नहीं होगी। परिषद अब हर दिन दुकान के बाहर सड़क, बाजार के चौक-चौराहे पर रखे सामान की फोटो और वीडियो ग्राफी करेगी। जिसके लिए एक टीम का गठन किया है। जिसका कार्य केवल अतिक्रमण के रूप में दुकान के बाहर रखे सामान का फोटो और वीडियो बनाना है। उसके बाद अगले दिन दुकानदार को सबूत के साथ जुर्माना रसीद दी जाएगी। जुर्माना न भरने वाले अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया जाएगा।

**रेहड़ी दुकानदार रखें कूड़ादान :** शहर के सभी रेहड़ी लगाने वाले दुकानदारों को अपने पास कूड़ादान रखने के निर्देश दे दिए हैं। जिस भी रेहड़ी वाले के पास कूड़ादान नहीं होगा, उसका चालान काटा जाएगा। चालान काटने के साथ रेहड़ी को भी जब्त किया जाएगा।

**अतिक्रमण मुक्त होगा शहर :** नगर परिषद के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि शहर के अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सख्ती से निपटने की योजना तैयार कर ली है। जिसका असर आने वाले सोमवार से शुरू होगा। अगले 15 दिन में शहर में से अतिक्रमण सफाया कर दिया जाएगा।

## गुरु गोरखनाथ के नाम पर बने यूनिवर्सिटी : जगदीश भट्ठी


जोगी नाथ समाज संगठन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**रोहतक।** यहां हनुमान कॉलोनी में जोगी नाथ समाज संगठन की बैठक आहुत की गई। जिसमें समाज की मुख्य समस्याओं पर विचार किया गया। साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भट्ठी द्वारा बलराज सिंह एडवोकेट को संगठन के लीगल सैल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा सुरेश कुमार को रोहतक जिला अध्यक्ष बनाया। बैठक में बोलते हुए जगदीश भट्ठी ने कहा कि जोगी नाथ समाज की ओर से सरकार से मांग है कि गुरु गोरखनाथ के नाम पर प्रदेश में कहीं पर भी एक यूनिवर्सिटी बनाई जाए। जोगी समाज को एसटी वर्ग में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि जोगी समाज की सरकार में भागीदारी न के बराबर है। समाज के युवाओं के उत्थान को सरकार एसटी वर्ग में शामिल करने की जल्द निर्णय ले। उन्होंने समाज के सभी युवाओं से आह्वान किया वे अच्छी शिक्षा हासिल करके कामयाबी की राह अपनाएं। रोजगार देने वाले कोर्स में पढ़ाई करें। शिक्षा ही किसी समाज के उत्थान का बड़ा माध्यम बन सकती है। बैठक में गणमान्य व्यक्ति सुबेदार अमर सिंह, डॉ. रामफल भट्ठी, सुबेदार राजा राम, कर्मबीर लाखनमाजरा, नरेश कुमार, राजबीर सिंह, जगबीर बल्हारा, पवन भट्ठी, रामफल गुलिया महम, वजीर समलो,

## विधायक संजय सिंह ने 15 गांवों का दौरा किया

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल की 23 अक्टूबर को सरमथला में होने वाली विकास रैली को लेकर विधायक संजय सिंह ऐढ़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। विधायक ग्रामीणों को विकास रैली में आने के लिए न्योता दे रहे हैं।

गुरुवार को सोहना विधायक संजय सिंह ने खंड की 15 ग्राम पंचायतों का दौरा किया। दौरे की शुरुआत रिठौज से की गई। सहजावास, बहलपा, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, दौला, हरचंदपुर, निमौठ, लोहटकी, सिरसका, बालूदा, खरौदा, मंडावर, लाला खेड़ली और बादशाहपुर टैठड़। विधायक संजय सिंह ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के विकास की मांग करने और मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की जाने वाली विकास कार्यों की घोषणाओं को जानने के लिए रैली में आने का न्योता दे रहे हैं। विकास रैली में प्रदेश मुख्यमंत्री से गांव सरमथला में डिग्री कॉलेज बनाने की मांग की जाएगी।

## नवमी पर कंजिकाओं का किया पूजन

### गुरुवार को नवमी पर घरों में कंजिकाओं को कराया भोजन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुवार** को नवरात्रों की नवमी के साथ नवरात्र पर्व संपन्न हो गया। इस दौरान घरों में कंजिकाओं का पूजन किया गया और उन्हें भोजन कराकर मां से सुख-शांति की आराधना की गई। नवरात्र की समाप्ति पर कंजिकाओं की कमी भी नजर आई। लोग दूर-दूर से कंजिकाओं को अपने घरों में लेकर आए।

मां के नवरात्रों का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया। नौ दिन तक घरों में मां की प्रतिमा स्थापित करके रोजाना विशेष पूजन किया। कंजिकाओं को उपहार व नकदी राशि देकर उनका सम्मान किया। इस बार के नवरात्रों में भी कंजिकाओं की कमी महसूस की गई। लोगों को कंजिकाओं को एकत्रित करना बहुत बड़ा काम हो गया। दूर-दूर से कंजिकाओं को तलाशना पड़ा।


गुरुग्राम में नवमी के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करती कंजिकाएं।

**दो से नौ वर्ष की कन्याओं के पूजन की मान्यता :** मान्यता है कि नवरात्रि में दो से नौ वर्ष की कन्याओं का पूजन करना चाहिए। इससे कई तरह के विशेष फायदे मिलते हैं। दो वर्ष की कन्याओं को भोजन कराने, पूजा करने से घर में दुख और दरिद्रता दूर होती है। दो साल की कन्याओं को कौमारी कहा जाता है। तीन वर्ष की कन्याओं का पूजन करने से कभी धन में कमी नहीं आती है। तीन साल की कन्याओं को त्रिमूर्ति कहा जाता है। चार साल की कन्याओं को कल्याणी कहा जाता है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सुख और खुशहाली मिलती है। यदि कोई व्यक्ति बीमारी से जूझ रहा हो तो उसे कन्याओं के पूजन में पांच वर्ष की कन्याओं को शामिल करना चाहिए। मान्यता है कि इससे व्यक्ति रोग मुक्त होता है। पांच साल की कन्याओं को रोहिणी कहा जाता है। छह वर्ष की कन्याओं को कालिका कहते हैं। यदि इनकी पूजन की जाए तो इससे दुश्मनों का नाश होता है। सात साल की कन्याएं चण्डिका मानी जाती है। माना जाता है कि नवरात्रि में कन्या पूजन के दौरान इस उम्र की कन्याओं को शामिल करने से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। आठ साल की कन्याओं को साम्भवी कहा जाता है। इससे दरिद्रता का नाश होता है और दुख दूर होते हैं। नौ साल की कन्याओं को साक्षात मां दुर्गा का रूप माना जाता है। इसलिए ही इन्हें दुर्गा कहते हैं। मान्यता है कि यदि नौ साल की कन्याओं की पूजा की जाए तो इससे कठिन कार्य आसानी से पूरे हो जाते हैं।

## भारत में हॉजकिन लम्फोमा से पीड़ित बच्चों में 94 प्रतिशत सर्वाईवल दर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**इंडियन** पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी ग्रुप (इन्पोग) के साथ नेशनल सोसायटी फॉर चाईल्डहुड कैंसर, कैनकिड्स किडस्कैन द्वारा सपोर्टेड एक हालिया अध्ययन में सामने आया कि भारत में हॉजकिन लम्फोमा (एचएल) के शुरुआती चरण में कैंसर से पीड़ित बच्चों में ईवेंट-फ्री सर्वाईवल (ईएफएस) और ओवरऑल सर्वाईवल (ओएस) क्रमशः 94 प्रतिशत और 95.5 प्रतिशत हैं।

ये विकसित देशों के तुलनात्मक परिणाम हैं। लम्फोमा एक आम कैंसर है। भारत में हर साल मिलने वाले लगभग 80,000 मामलों में से लगभग 4800 मामले हॉजकिन लम्फोमा के होते हैं। यह कैंसर लिम्फ में शुरू होता है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का हिस्सा है और शरीर को संक्रमण व बीमारी से लड़ने में मदद करता है। यह मुख्यतः छाती, गले और बांह के नीचे होता है। बीमारी बढ़ने पर यह खून में पहुंच जाता है और शरीर के दूसरे हिस्सों, जैसे लिवर, फेफड़ों और या बोन मैरो में भी फैल सकता है। बच्चों में यह आम तौर से 10 से 19 साल के आयु समूह में शीर्ष पर होता है। यह लड़कियों के मुकाबले लड़कों में ज्यादा आम है। भारत में इससे पीड़ित होने वाले पुरुषों व महिलाओं का अनुपात 4.5:1 है। भारत में इससे पीड़ित होने वाले बच्चे ज्यादा छोटे यानि 5 साल से कम उम्र के होते हैं।

### जबकि सर्वाईवल का संपूर्ण अनुपात 30 प्रतिशत से कम है

इस अध्ययन में 30 महीनों की अवधि में 27 केंद्रों से 410 मरीजों ने हिस्सा लिया। उनमें से 134 को बीमारी शुरुआती चरण में थी और 53 लोगों की बीमारी गंभीर थी। डायग्नोसिस के बाद 52 महीनों की माध्य अवधि में, 5 साल का ईवेंट-फ्री सर्वाईवल (ईएफएस) और ओवरऑल सर्वाईवल (ओएस) क्रमशः 94 प्रतिशत और 95.5 प्रतिशत था। इलाज से संबंधित मॉर्टेलिटी एवं एबैंडनमेंट 1 प्रतिशत से कम थे। इस अध्ययन से साबित कर दिया कि एबीवीडी प्रोटोकॉल के साथ भी, विकसित देशों के तुलनात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। डॉ. अमिता महाजन, चेयर ऑफ इनपोग वर्किंग ग्रुप, एचएल एवं अध्ययन के मुख्य अन्वेषक ने कहा, अध्ययन में यह भी सामने आया कि आईएपी और डब्लूएचओ से विरोधी दिशानिर्देश मिलने के बाद भी, एचएल पीड़ित लगभग एक तिहाई मरीजों को अनुभव के अनुरूप ट्यूबरकुलोसिस का इलाज मिलता रहेगा। इनपोग और कैनकिड्स एडवांस्ड बीमारी से पीड़ित लोगों में परिणामों में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। एबीवीडी प्रोटोकॉल्स ने इसके विलंबित प्रभावों के बारे में चिंताओं को बढ़ाया है। हाल ही में आईआरसीएच एम्स के डॉ. समीर बख्शी द्वारा प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में एबीवीडी प्रोटोकॉल के दूरगामी विषाक्त प्रभावों और दूरगामी प्रभावों का आंकलन किया गया। एबीवीडी प्रोटोकॉल के तहत इलाज प्राप्त करने वाले 154 पीडियाट्रिक सर्वाईवर्स 10 साल की अवधि के लिए कार्डियेक पल्मोनरी एवं थॉयराईड फंक्शन तथा दूसरी बीमारियों के लिए नजर में रखे गए।

## तीन वेंडिंग एजेंसियों पर ननि के 7 करोड़ रुपये बकाया

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**तीन** वेंडिंग एजेंसियों स्पिक एंड स्पैन, एगमैक व लियो मीडियाकॉम पर नगर निगम गुरुग्राम का लगभग 7 करोड़ रुपये बकाया है। इस बारे में जांच के बाद संबंधित एजेंसियों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। गुरुवार को यह जानकारी नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में टाऊ वेंडिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में दी गई।

बैठक में वेंडिंग एजेंसियों से बकाया राशि की वसूली, ड्राफ्ट डिटेल्ड इंप्लीमेंटेशन प्लान, नए वेंडिंग जोन, नए वेंडर्स को शामिल करने, नो वेंडिंग जोन, वेंडर सेटलमेंट, वेंडिंग सर्टिफिकेट रिन्यूवल एवं मासिक फीस की वसूली, अनाधिकृत वेंडर, इनफोर्समेंट टीम उपलब्ध करवाने, वेंडर सर्वे लिस्ट का रिवीजन सहित पीएम स्वनिधि योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ड्राफ्ट डिटेल्ड प्लान प्रस्तुत किया गया। यहां बताया गया कि कुल 148 वेंडिंग जोन में से 58 का डीआईपी तैयार कर लिया गया है। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि डीआईपी में मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार कार्य करें तथा अगर वेंडिंग जोन का आकार संभव हो तो बदलें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वेंडिंग जोन के साथ दुपहिया वाहनों की पार्किंग उपलब्ध हो तथा गाड़ियों के लिए आसपास में स्थित पार्किंग स्थल को वेंडिंग जोन के साथ लिंक करें। उन्होंने कहा कि सभी साईटों की विजिट करें तथा डिजाईन को वेरीफाई किया जाए। इसके साथ ही फुटपाथ तथा बर्म पर वेंडिंग जोन नहीं होना चाहिए। न्यू वेंडिंग जोन की स्वीकृति के बारे में बताया गया कि बस डिपो वर्कशॉप की दीवार के साथ न्यू वेंडिंग जोन बनाया जाना प्रस्तावित है। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, असिस्टेंट टाऊन प्लानर एवं रेहड़ी-पटरी एसोसिएशन के पदाधिकारी इसका निरीक्षण करें।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस ने एफडीसीआई के सहयोग से की विजेताओं के नाम की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**ब्लेंडर्स** प्राइड फैशन टूर द शोकेस को एफडीसीआई के सहयोग से 6 अगस्त को लॉन्च किया गया था। इसकी शुरुआत फैशन डिजाइनर्स, शटरबग, मॉडल और कंटेंट क्रिएटर्स की नई पीढ़ी की तलाश करने और उनके करियर को शानदार शुरुआत देने के उद्देश्य से की गई थी।

देश भर से मिले शानदार रिस्पॉन्स और एक दमदार टीम चैलेंज के बाद, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस ने दूसरे एडिशन के विजेताओं की घोषणा की गई है। जिस टीम ने ज्यूरी का सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया उसमें पांडिचेरी के सस्टेनेबल फैशन डिजाइनर नौशाद अली, नई दिल्ली की उभरते हुए मॉडल इशप्रीत कौर, नई दिल्ली के फैशन शटरबग तनय बब्बर और मुंबई के कॉर्पोरेट पेशेवर और फैशन एवं लाइफस्टाइल कंटेंट क्रिएटर उरबासी चौधरी शामिल हैं। दूसरे एडिशन की समाप्ति के साथ, द शोकेस ने देश भर में युवा और उभरती प्रतिभाओं को एक शानदार प्लेटफॉर्म प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अन्य उभरते डिजायनर्स में फर्स्ट रनर अप




टीम में डिजाइनर अदा मलिक (मुंबई), मॉडल कनिष्क माहेश्वरी (बरेली), शटरबग श्रेयांस डूंगरवाल (हैदराबाद) और कंटेंट क्रिएटर अरिया कृष्णमूर्ति (हैदराबाद) शामिल हैं। सेकेंड रनरअप टीम में डिजाइनर श्रीगोकुल विश्वनाथ (कन्नूर), मॉडल अनिवर्या पवार (मुंबई), शटरबग प्रतिम शंकर (मुंबई) और कंटेंट क्रिएटर श्रिया कंडुडे (हैदराबाद) शामिल हैं।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के अगले एडिशन में काम को पेश करने के मौके के साथ, विजेताओं को फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ लंबी अवधि के सहयोग से लाभ होगा। इन सभी प्रात्साहनों के साथ विजेताओं को नकद पुरस्कार भी मिलेंगे। प्रतियोगियों को अमित अग्रवाल, अंजू मोदी, जेजे वलाया, नम्रता जोशीपुरा, राहुल मिश्रा, शांतनु और निखिल, सुनीत वर्मा, अब्राहम और ठाकोर, रीना ढाका और कुणाल रावल जैसे इडस्ट्री के ट्रेलब्लेजर द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। माई प्लैनेट. माई प्राइड की थीम के तहत अग्रणी भारतीय फैशन डिजाइनरों के परिधानों को फिर से तैयार करते हुए, प्रत्येक कैटेगरी के प्रतिभागियों की टीमों ने एक साथ सुंदर पहनावा, एक फाइनल फिल्म फाइनल फैशन फिल्म और सोशल मीडिया कंटेंट तैयार किया गया जो उनके खास अंदाज और स्टाइल को प्रदर्शित करती है।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस के दूसरे एडिशन की सफलता पर टिप्पणी करते हुए, ईशविंदर सिंह, जनरल मैनेजर मार्केटिंग, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस के साथ, हमने भविष्य के लिए फैशन ईकोसिस्टम की नींव तैयार की है। हम देश में उभरती फैशन प्रतिभाओं को उनके कैरियर की जबर्दस्त शुरुआत करने के लिए यह अनूठा प्लेटफॉर्म पेश करते हुए बेहद खुश हैं। हमें देश भर से एक हजार से अधिक प्रविष्टियों के साथ शानदार रिस्पॉन्स प्राप्त हुए। ऐसी अविश्वसनीय प्रतिभा को सामने देखना वाकई प्रेरणादायक है।

## ग्लोबल हैण्ड वाश डे : संस्थाओं ने मनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

### एसआरएफ फाउंडेशन और एमवे इंडिया ने 22 गांवों में चलाया अभियान

**जिले** में एसआरएफ फाउंडेशन व एमवे इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पतिवार को ग्लोबल हैंड वॉश डे मनाया गया। संस्थाओं ने लोगों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया।

संस्था से जुड़े गुनानिधि ने बताया कि एसआरएफ फाउंडेशन व एमवे इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से जिले में कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए पिछले एक साल से नूंह के 22 गांवों में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक गांव से एक पोषण मित्रा जुड़ी हुई है। जिनके माध्यम से महिलाओं और बच्चों को जागरूक करने का प्रयास जारी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को नूंह खण्ड के गांव खेड़ला में ग्लोबल हैंड वाशिंग डे मनाया गया। जिसमें एसएमओ नूंह डॉ संदीप राजपुत मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर


ग्लोबल हैंड वॉश डे पर हाथ धोकर स्वच्छ रहने का संदेश देती हुई महिलाएं।

उन्होंने बताया कि संक्रमण फैलने का मुख्य कारण हाथों का गन्दा होना है जानलेवा बीमारी फैलाने वाले रोगाणुओं के संक्रमण को रोकने के लिए हाथ की सफाई बेहद महत्वपूर्ण है। कोरोना महामारी को फैलने से बचने लिए 40 सेकेण्ड तक साबुन एवं पानी से हाथ डूबे रहने चाहिए। मास्क पहनना एवं सामाजिक दूरी बनाए रखना महत्वपूर्ण है। बहुत सी बीमारियां दूषित पानी और स्वच्छता के अभाव से जुड़ी हुई हैं। जो छोटे बच्चों में अतिसार, पीलिया, मियादी बुखार जैसी बीमारियां सफाई सम्बन्धी मुद्दों से जुड़ी हैं। इसलिए हाथों की सफाई बेहद महत्वपूर्ण है। जिससे खुद तो स्वस्थ रहेंगे और दूसरे लोगों को भी बीमारी फैलने से बचाएंगे। इस अवसर पर एसआरएफ फाउंडेशन की टीम आबिद हुसैन, सागर बागड़ी, पोषण मित्रा और गांव की महिलाएं मौजूद रही।

## दहेज में दो लाख रुपये ना मिलने पर महिला से मारपीट

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर दहेज में दो लाख रुपये की नगदी ना देने पर सुसराल वालों के खिलाफ मारपीट करने, हाथ-पैर तोडने, घर से बाहर निकालने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव भुलवाना निवासी सुखबती ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि मेरी शादी मैदान गढी नई दिल्ली-68 निवासी अनिल के साथ हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब ठेके को क्षतिग्रस्त करने और छीना झपटी के आरोप में गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव सुंध में गत अगस्त माह में बदमाशों द्वारा टाटा 407 गाड़ी से शराब ठेके को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने और ठेका कर्मचारी से नकदी छीनने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है। जांच अधिकारी हरविंदर सिंह ने बताया कि गत 20 अगस्त सुंध गांव में शराब के ठेके पर कार्यरत कर्मचारी और सुंध निवासी रम्मी के बीच में कुछ कहासुनी हुई थी। जिसके बाद रम्मी अपने दो अन्य साथियों के साथ एक टाटा-407 गाड़ी में सवार होकर आया और शराब के ठेके में टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए 5 हजार रुपए भी छीन लिए थे, वहीं वहां पर खड़े एक व्यक्ति से उनका मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने अगले दिन आरोपी रम्मी को गिरफ्तार कर घटनास्थल की निशानदेही कराई, आरोपी ने अपना जरूर अपना जुर्म कबूलते हुए दूसरे सुन्ध निवासी साबिर की संलिप्तता को स्वीकारा है। बुधवार को पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है।

### तावडू तहसील में तीन दिनों से सर्वर डाउन के कारण कामकाज ठप

**तावडू।** तहसील में सर्वर में दिक्कत आने की वजह से लोगों को परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। सॉफ्टवेयर न चलने के कारण तहसील कर्मचारियों को भी लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है। कुछ लोग कई दिन से रोजाना जमीन की,जमाबंदी निकलवाने व भूमि पंजीकरण के लिए आ रहे हैं, लेकिन उन्हें बिना काम हुए निराश होकर लौटना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को भी तहसील में खिड़की पर लोगों की भीड़ रही, लेकिन सिस्टम के ठप होने से शाम तक लोग तहसील में ही खिड़की के पास खड़े रहे। विभिन्न क्षेत्रों से तहसील परिसर में पहुंचे दीपक हारून, चंदा, जब्बार, शाहिद व इसराईल आदि ने बताया कि वह कई दिनों से जमाबंदी निकलवाने, भूमि पंजीकरण से संबंधित जैसे आदि कार्यो को लेकर तहसील के चक्कर काट रहे है, लेकिन सर्वर में खराबी के कारण उनके कार्य नहीं हो पा रहे है। उन्होंने कहा कि समस्या को लेकर अधिकारी भी गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से तहसील में यह समस्या बनी हुई है। बृहस्पतिवार सुबह तहसील खुलने पर जब वह तहसील कार्यालय पहुचें तो सर्वर डाउन की समस्या ज्यो की त्यो मिली। दोपहर बाद उन्हें सर्वर चालू होने की सूचना मिली लेकिन तब तक अधिकांश लोग बिना कार्य कराए ही लौट गए। जिसकी वजह से लोगों को भारी जहमत का सामना करना पड़ा है। वही इस बारे में तावडू तहसीलदार शालिनी लाठर ने समस्या को स्वीकार करते हुए कहा कि कोई तकनीकी समस्या के चलते नेट सर्वर डाउन हो गया है। जिसका समाधान कराने के लिए कर्मचारी जुटे हुए हैं। लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, जल्दी ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

### क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े दो आरोपियों से सुलझी चोरी की 5 वारदातें

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शहर में चोरी की बड़ी बड़ी वारदातों को अंजाम देने वाले 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवम तथा आदिब हुसैन उर्फ अभिषेक उर्फ लल्लन का नाम शामिल है। आरोपी शिवम फरीदाबाद के धीरज नगर का रहने वाला है वहीं आरोपी आदिब सराय मेट्रो स्टेशन के पास रह रहा था। आरोपियों ने शहर में चोरी की पांच वारदातों को अंजाम दिया था जिसमें से तीन बड़ी वारदात में शामिल हैं जिसमें आरोपियों ने लाखों रुपए के सोने व चांदी के आभूषण चोरी किए थे। फरीदाबाद के थाना पल्ला में चोरी की धाराओं के तहत 5 मुकदमे दर्ज हैं जहां आरोपियों ने चोरियां की थी। क्राइम ब्रांच को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी सेक्टर 30 एरिया में चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी सुमेर सिंह ने टीम गठित करके आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई तथा बताए गए स्थान से आरोपियों को चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने पूर्व में की गई चोरी की वारदातों को कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि वह नशा करने के आदी हैं और अपनी अय्याशी की जिंदगी जीने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। उन्हें जैसे ही किसी बंद पड़े सुनसान मकान के बारे में पता चलता तो वह मौका देखकर रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम दे देते थे।आरोपियों ने थाना पल्ला एरिया में तीन स्थानों से महंगे आभूषण व नगदी तथा दो अन्य स्थानों से 3 मोबाइल चोरी किए। इससे पहले भी वह चोरी के मुकदमों में जेल की हवा खा चुके हैं। आरोपी आदिब 4 महीने पहले ही जेल से छूट कर आया था जो आते ही इसने अपने साथी के साथ मिलकर फिर से चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। आरोपियों के कब्जे से सोने के 2 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी कान की बाली, 1 कलई, 1 नाक की कील, चांदी की 4 जोड़ी पाजेब, 3 कंगन, 2 जोड़ी बिछुआ, 1 तागड़ी, 1 चांद, 1 सूरज, 1 कमरबंद तथा 2 मोबाइल व 3500 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। पूछताछ पूरी होने व चोरीशुदा जेवरात, मोबाइल व नकदी बरामद करने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# नौ देवी के रूप में कन्याओं को श्रद्धापूर्वक कराया भोजन

### घर-घर में श्रद्धालुओं ने नौ देवी के रूप में कंजिकाओं को पूजा

### नवरात्रों के आखिरी दिन सुबह से ही मंदिरों में जुटी महिलाओं और पुरुषों की खासी भीड़

ललित गर्ग। पुन्हाना


नवमी को कन्याओं को भोजन कराती महिलाएं।

**नवरात्रों** के समापन पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के नौ देवी के रूप में कंजिकाओं का पूजन किया। अधिकतर लोगों द्वारा दुर्गाष्टमी व महानवमी पर्व गुरुवार को ही पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। शहर के मंदिरों में माता के जयकारों के साथ लोगों ने माता के दर्शन करके अपना उपवास खोलकर कंजिकाओं को श्रद्धा भाव से भोजन कराया। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार जिन घरों में नवदुर्गा का पूजन होता है।

उन घरों में अष्टमी और नवमी के दिन कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। उनको श्रद्धा भाव से भोजन कराकर उपहार व यथासंभव दक्षिणा दी जाती है। ऐसा करने से मां दुर्गा श्रद्धालुओं के कष्टों को दूर करती है तथा उनकी मनोकामना पूरी करती है। नवरात्रों के आखिरी दिन गुरुवार को सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं व पुरूषों की भारी भीड़ रही। इधर नूंह के बड़ौजी गांव स्थित माता मनसा मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। बताते हैं कि इस मंदिर में मत्था टेकने वालों मुरादे पूरी होने के कारण अधिक मान्यता है। इसके अलावा जमालगढ़ रोड स्थित वैष्णो देवी मन्दिर व मां काली मंदिर में विशेष साज सज्जा के साथ मां दुर्गा की सुबह शाम पूजा अर्चना होती है।

जिसमें पुन्हाना सहित आस-पास के गांवों व शहरों के काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। जमालगढ़ रोड़ स्थित वैष्णो देवी मंदिर, काली मां मंदिर, सीताराम बगीची, लक्ष्मीनारायण मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, नथिया देवी मंदिर, क्क्रीर्तन भवन सहित सभी मंदिरों को रंग बिरंगी लाईटों व फूलों से सजे हुए हैं। प्रात: के समय मंदिरों में हवन भी किया गया।

नवरात्र में घरों में देवी प्रतिमा घट स्थापना की जाती है, घर घर में उत्साह का माहौल रहता है। नौ दिन तक अलग-अलग देवी के रूप में घरों में पूजा की जाती है। जिसमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कुष्मांड़ा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व मां दुर्गा का नौवां रूप सिद्धीदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों की देने वाली हैं। नवरात्र के नवम् तिथि के इनकी उपासना की जाती है। नवदुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते हैं।

## राम नवमी के दिन श्रद्धालुओं ने भंडारे में लिया प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** शहर के प्राचीन तालाब वाले हनुमान मंदिर पर राम नवमी के मौके पर एक विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ों महिला-पुरुषों के अलावा आस पास के श्रद्धालुओं ने मंदिर में बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले मंदिर में पूजा अर्चना की गई और भोग लगाया गया।

मंदिर में काफी लंबे समय तक पुजारी रहे बाबा गजेंद्र भारती की समाधि पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंदिर में देखभाल का काम संभालने वाले वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह प्राचीन मंदिर उनके पूर्वज सेठ चूहिमल के समय का है। इस मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर के अलावा माता व शिव के भी मंदिर स्थापित हैं। मान्यता के मुताबिक मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं की इच्छा पूरी होती है। मंदिर में प्राचीन समय से ही पूजा अर्चना होती रही है। मंदिर में पहले गजेंद्र भारती नाम के पुजारी रहते थे।

इन पुजारी ने अपना पूरा जीवन मंदिर में रहकर लगाया था। जीवन के अंतिम क्षण में उन्होंने मंदिर में ही समाधि ली थी। परिसर में स्थापित माता मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की है। श्रद्धालुओं को प्रसाद देने के लिए आखिरी नवरात्र के नवें दिन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसे शहर के ही लोगों के सहयोग से किया गया। भंडारे में सेवा के लिए स्थानीय लोगों का भी सहयोग रहा।

## मनसा देवी मंदिर में मत्था टेकने वालों की होती हैं मुरादें पूरी

### अरावली की पहाड़ियों की तलहटी के गांव गहबर बड़ौजी में है माता का मंदिर


मनसा माता मंदिर में दर्शन करने के बाद खड़े श्रद्धालुजन।

**पुन्हाना।** नवरात्रों को लेकर जहां शहर के जमालगढ़ रोड स्थित माता वैष्णो देवी मन्दिर व मां काली मन्दिर सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। नवरात्रों में इन मन्दिरों में विशेष पूजा अर्चना हो रही है, वहीं नूंह के गांव गहबर बड़ौजी स्थित माता मनसा देवी मंदिर भी श्रद्धालुओं की पूरी आस्था का प्रतीक है। नवरात्रों को लेकर जिला के माता मंदिरों में माता मनसा देवी मंदिर अपना प्राचीन इतिहास समेटे हुए है। नवरात्र पर्व को लेकर जिले के माता मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। गांव गहबर बड़ौजी के माता मनसा देवी मंदिर प्राचीन गाथाओं से क्षेत्र का इतिहास पौराणिक बना हुआ है। नूंह से करीब 8 किलो मीटर दूरी पर बसे गांव गहबर बड़ौजी में अरावली की पहाडियों की तलहटी में बना हुआ है माता मनसा देवी मंदिर।

मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने बताया कि उनके पूर्वज पहले माता की पूजा अर्चना करने के लिए पहाड़ी पार करके राजस्थान क्षेत्र के इंदौर जाते थे, लेकिन उनके पूर्वज जब वृद्ध हो गये तो उन्होंने मन ही मन माता से प्रार्थना कि माता मैं अब बूढ़ा हो गया हूं और पहाड़ पार करके मै आपके दर्शन करना मुश्किल है, आप यहीं नजदीक ही आपना स्थान बना लो। इस पर भक्त को स्वप्न में माता के दर्शन हुए और माता के पिंडी स्वरूप लिंग व बांये तरफ लांगुरिया (हनुमान) व दांये तरफ भैरव के स्वरूप मिले। इस पर उसी जगह मंदिर बना दिया गया है, जो अब माता मनसा देवी मंदिर से मशहूर है।

नवरात्रों की अष्टमी पर मुख्यत: यहां विशाल मेला लगता है, जबकि यहां पर भक्त दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा के अलावा दूरदराज से आते हैं। बच्चों के बाल व नव-विवाहित जोड़े अपनी जात लगाते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे भी यहां प्रतिदिन भक्तगण दर्शन के लिए आते रहते हैं। पुन्हाना निवासी महेन्द्र गर्ग रूपड़िया ने बताया कि वे पिछले लगभग पैतीस वर्ष से लगातार वर्ष में दोनों बार नवरात्रों के अवसर पर मनसा माता मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं।

वर्षों से उनके परिवार की माता मंदिर के प्रति आस्था है। वहां जाने से जहां माता उनकी मन की मुरादें पूरी करती हैं वहीं दुखों को दूर करती हैं। मन्दिर के प्रमुख कार्यकर्ता प्रभु दयाल ने बताया कि दूर-दूर शहरों से श्रद्धालु आकर माता के दरबार में मत्था टेक कर अपनी मन की मुराद माता के दरबार में रखते हैं। जिन्हें माता रानी पूरा करती हैं। लोगों में इसी कारण माता रानी के प्रति पूरी आस्था है।


प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## मेवात प्रो कबड्डी लीग का जल्द होगा आगाज


प्रो लीग कबड्डी आयोजन को लेकर बैठक करते गणमान्य लोग।

रिजवान कासिम। मेवात

### 70 किग्रा से अधिक वजन के खिलाड़ी होंगे अयोग्य घोषित

**गुरुवार** को नगीना बाइट में हुई बैठक में मेवात प्रो कबड्डी लीग के पांचवें संस्करण के आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ अब्दुल रहमान प्रिंसिपल बाइट द्वारा की गई। बैठक में कमेटी के सदस्यों को आने वाले टूर्नामेंट के बारे में अवगत करवाया, तथा कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से मास्टर सूबेदार व खान मोहम्मद रिठौड़ा को प्रधान चुना गया।

बैठक के दौरान मौजूद सभी सदस्यों ने टूर्नामेंट आयोजन के सभी पहलुओं पर चर्चा की। आयोजन स्थलों तथा टीमों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें खिलाड़ियों के वजन को लेकर तय किया गया कि इस बार टूर्नामेंट में 70 किलोग्राम से ज्यादा वजन के खिलाड़ी को नहीं खेलने दिया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि टीमों का रजिस्ट्रेशन तय समय सीमा में किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को एबीएस के मुख्य कार्यालय पर अपने आधार कार्ड से खुद को वैरीफाई करवाना होगा, खिलाड़ी के लिए आयु की कोई सीमा तय नहीं है परंतु 70 किलोग्राम से अधिक वजन के खिलाड़ी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। टूर्नामेंट गत वर्षों की भांति अलग-अलग स्थानों पर प्रत्येक रविवार आयोजित किये जायेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत नॉकआउट दौर से होगी।

## संदीप की छठी बरसी पर 214 लोगों ने दिया रक्तदान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### रूपेश कटारिया बने गौशाला के नए चेयरमैन

**श्री राधा** कृष्ण गोशाला में स्वर्गीय संदीप कटारिया की याद में छठी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व हवन यज्ञ शाला में पांच विद्वान पंडितों द्वारा हवन यज्ञ कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बवानीखेड़ा के विधायक बिसम्बर वाल्मीकि, डीसीपी वेस्ट दीपक सहरान, कैन विन फाउंडेशन चेयरमैन नवीन गोयल पहुंचे। उन सभी का साध्वी सविता जी व प्रबंधक कमेटी ने स्वागत किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। विधायक बिसम्बर बाल्मीकि ने कहा कि गौ माता के चरणों में ही दुनिया की सारी ताकत है। जिस व्यक्ति ने गौ माता की सेवा मन से की है। उसका कल्याण हो गया है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरे हरियाणा में भ्रमण करने का अवसर मिलता है। डीसीपी वेस्ट दीपक सहरान ने कहा कि युवा ही देश की ताकत होते हैं। आज जिस


गौभक्त संदीप कटारिया की बरसी पर रक्तदान करते लोग।

प्रकार युवाओं ने रक्तदान किया है। वह किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाएगा । ऐसे पुण्य कार्य समय समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने गौशाला संचालिका साध्वी सविता जी को आश्वासन दिया कि गौशाला में किसी भी प्रकार की आपको जरूरत होगी तो वह मैं वह जरूर पूरी करूंगा। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि भागवत सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति भागवत कराता है उसको भी उतना ही पुण्य मिलता है। जितना सुनने वाले को मिलता हैं।


भागवत में दिए हुए ज्ञान को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उससे हमारा कल्याण होगा। बादशाहपुर विधायक व चेयरमैन राकेश दौलताबाद ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा गोशालाएं हैं।

## 9 दिसंबर को झज्जर में मनाएंगे जेजेपी का स्थापना दिवस

दीपक कुमार। नूंह

### कार्यक्रम को लेकर जल्द मेवात में भी की जाएगी मीटिंग

**हरियाणा** में जननायक जनता पार्टी अस्तित्व में 9 दिसंबर 2018 को आई। जिसके 3 साल पूर्ण 9 दिसंबर को हो रहे हैं। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मीटिंग में जेजेपी नेताओं, पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने के उपरांत जेजेपी स्थापना दिवस को आगामी 9 दिसंबर झज्जर में मनाने की घोषणा की है। जिसमें प्रदेश के हर वर्ग, हर इलाके से लोग पहुंच कर जेजेपी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेंगे। जेजेपी का स्थापना दिवस मनाएंगे। ये बातें जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहीं। जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर जेजेपी का गठन हुआ। उसकी पूर्ति गठबंधन सरकार में शामिल होने के बाद निरंतर पूरी हो रही है। जेजेपी प्रत्येक वर्ग, हर समाज, हरियाणा के प्रत्येक जिले के


डॉक्टर अजय सिंह चौटाला।


राहुल जैन जिला प्रवक्ता।

समान विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। जल्द ही सदस्यता अभियान के तहत जेजेपी के 10 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे। जिला प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार पंचकूला में की गई जेजेपी राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी मीटिंग में मेवात जिले के नेतागण व पदाधिकारी भी शामिल हुए। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला सहित अनेक जेजेपी वरिष्ठ नेताओं ने अपना संबोधन दिया। जिसमें मुख्य रुप से नूंह जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, जिलाध्यक्ष तैयब हुसैन घासेड़िया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन,प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया, वरिष्ठ नेता इकबाल जेलदार, वरिष्ठ नेता अमन अहमद, युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन,इनसो प्रधान साकिर हुसैन, अल्पसंख्यक सैल प्रधान शिराजुद्दीन सिराज, हलका प्रधान नूंह आस मोहम्मद, हल्का प्रधान जान मोहम्मद, हल्का प्रधान दाऊद, अकबर लहरवाडी, लुकमान खान, मुनफैद खान, जावेद खान सहित जिला नूंह की तीनों विधानसभा नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के सभी वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी ने भी भाग लिया। झज्जर कार्यक्रम की घोषणा पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर आने वाले समय में मेवात में भी मीटिंग की जाएंगी। जिसमें मेवात की सहभागिता तय की जाएगी।

## पायनियर क्लासीफाइड

### सार्वजनिक सूचना

मैं, श्रीमति रेखा पुत्री होशियार सिंह निवासी वार्ड न.10. राधेनगर, तावडू जिला नूह बयान करती हूं कि मैं जमाबन्दी वर्ष 2018-19 अराजी खेवट / खाता न. 380 / 402 मुस्ततील न. 92 कीला न. 6/3( 1-16 ) 7/1 ( 2-8 ). 14 /2 ( 2-8 ). 15/1 ( 1-16 ) रकबा 8 कनाल 8 मरला का 5/168 भाग रकबा 5 मरला ( 150 वर्गगज ) राधेनगर, तह0 तावडू जिला नूह की मालिक काबिज हूँ जो मौके पर खाली प्लाट है। इस प्लाट की प्रोपर्टी आई.डी. न. 051510770/1/05 है। जो कि नगरपालिका असससमेंट रजिस्ट्रर में मेरे नाम दर्ज नहीं है। प्लाट को असससमेंट रजिस्ट्रर नगरपालिका रिकार्ड तावडू में मेरे नाम दर्ज किया जाये। इस जानकारी पर यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह 15 दिन के अंतर्गत नगर पालिका कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

### बेदखली सूचना

मैं, प्रताप सिंह (आधार न. 2862-2398-1329) पुत्र मेहर सिंह निवासी मकान न.-2 एचके 32 शास्त्री कालोनी एनआईटी फरीदाबाद हरियाणा ने अपने पुत्र विक्रम सिंह, पुत्रवधु रितू सिंह व पौत्र हेमांग को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## छठ पूजा
### गरमाई राजनीति

**जैसी** कि उम्मीद थी, दिल्ली में त्योहारी मौसम पर राजनीति हावी हो गई है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी तथा भारतीय जनता पार्टी 10 नवंबर को होने वाली छठ पूजा में जनता की सहभागिता के मामले में आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ने जानबूझ कर 'उत्तराचंलियों', यानी बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को इस विवाद में समेट लिया है। 2020 में जब सारा देश कोविड-19 के घातक शिकंजे में जकड़ा हुआ था, पुलिस को कुछ नहीं करना पड़ा था क्योंकि केन्द्र व राज्य सरकारों ने सभी त्योहारों को सार्वजनिक रूप से मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय आप या भाजपा या कोई और छोटा-मोटा धार्मिक संगठन त्योहार मनाने की नहीं सोच सकता था। लेकिन इस बार वैश्विक महामारी की स्थिति में सुधार है और राजनीति ने एक बार फिर अपना सिर उठाया है। इसकी शुरुआत दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा 29 सितंबर को जारी आदेश से हुई है जिसमें राज्य में 1 जनवरी, 2022 तक पटाखे बेचने या दगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान और हरियाणा इस साल इस मुद्दे पर अभी खामोश हैं। चूंकि पटाखों का मुद्दा सीधे प्रदूषण से जुड़ा है, इसलिए पार्टियां इससे राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की ज्यादा उम्मीद नहीं करती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि वह रसायनों वाले पटाखों के प्रयोग की अनुमति देकर जीवन के अधिकार को खतरे में नहीं डालना चाहता है।



दिल्ली सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध के बाद एक आदेश द्वारा सार्वजनिक स्थलों, सार्वजनिक मैदानों, नदियों के किनारे और मंदिरों में छठ पूजा मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण-डीडीएमए ने वैश्विक महामारी का हवाला देते हुए लोगों से इसे घरों में मनाने की सलाह दी है। दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने डीडीएमए की उस बैठक की अध्यक्षता की थी जिसमें दिल्ली के मंत्रियों के साथ ही एम्स दिल्ली, नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, आईसीएमआर तथा एनडीएमए उपस्थित थे। आश्चर्यजनक है कि इसी डीडीएमए ने रामलीला व दुर्गा पूजा पर बड़े आयोजनों से नियंत्रण अटा लिया है, हालांकि सुरक्षा प्रोटोकाल अभी लागू हैं। सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य कोविड उपयुक्त व्यवहारों का पालन करने की स्थिति में इन आयोजनों में भीड़ की अनुमति दी गई है। दिल्ली सरकार द्वारा रामलीला के आयोजनों में भीड़ की अनुमति के मामले में दिल्ली सरकार के साथ सहमति जताने वाली भाजपा ने छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाने का विरोध किया है। इसके साथ ही उसने दिल्ली में रहने वाले 'उत्तरांचलियों' का मुद्दा उठा कर कई प्रदर्शन किए। राष्ट्रीय राजधानी में राजनीति गरमाने के साथ ही दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केन्द्र को छठ संबंधी दिशानिर्देश जारी करने के लिए लिखा। शायद वे दिल्ली में 'उत्तरांचलियों' की बड़ी संख्या होने के कारण उनको नाराज करने के राजनीतिक प्रभावों से परिचित हैं। सिसोदिया ने याद दिलाया कि छठ पूजा एक ऐतिहासिक त्योहार है और उन्होंने इस मनाने के तरीके तथा लोगों की इसमें सहभागिता पर केन्द्र से दिशानिर्देश मांगे हैं। क्या उन्होंने सुविधाजनक रूप से यह तथ्य भुला दिया कि उनकी सरकार ने आयोजनों पर प्रतिबंध लगा दिया है और इस बैठक में उप-राज्यपाल तथा केन्द्रीय कोविड टास्क फोर्स के लोग उपस्थित थे? अथवा वे परोक्ष रूप से इसकी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर डालना चाहते हैं? किसी भी स्थिति में त्योहारों के दौरान सुरक्षा दिशानिर्देश लंबे समय से अतार्किक होने के कारण निष्प्रभावी सिद्ध होते रहे हैं। इनमें उदाहरणार्थ भीड़ द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने का कोई रास्ता नहीं है।

# लखीमपुर कांड पर जारी राजनीति

विरोध प्रदर्शन का विशेष उद्देश्य तथा इसमें समस्या समाधान का तरीका होना चाहिए। इसका अर्थ नियम से स्वतंत्र बेलगाम कार्रवाई नहीं हो सकता है।



**विवेक गुमास्ते**
(लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



लखीमपुर खीरी की घटना में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान आठ लोगों ने अपनी जान गंवा दी। यह भयानक त्रासदी है और इससे बचा जा सकता था। विडंबना है कि यह एक आसन्न विभीषिका का संकेत भी है। काफी समय से दुष्ट तत्वों की राजनीतिक सक्रियता बढ़ रही थी। जानबूझ कर दिखाई जाने वाली जिद तथा विचारहीन उकसावों के कारण तनाव बहुत बढ़ गया था। प्रदर्शनकारियों में बढ़ती निराशा और गुस्सा लंबे समय से जारी आंदोलन के कारण है और इसक फट पड़ने की आशंका थी। इस स्थिति में सीधे टकराव भी अपरिहार्य हो गया था। यह विस्फोट 3 अक्टूबर को हुआ जब कथित रूप से केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के काफिले से प्रदर्शनकारी किसानों का एक समूह कुचल गया जिसमें चार किसान मारे गए। इन मौतों से आक्रोशित हुए प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की, भाजपा सदस्यों को कारों से बाहर घसीट लिया और उनमें से चार लोगों को निर्दयता से पीट-पीट कर मार डाला।

इस भयानक घटना के विस्तृत विवरण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। किसान प्रदर्शनकारी जगजीत सिंह द्वारा दायर की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मैदान में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, जब केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा अपनी एसयूवी में दो अन्य चारपहिया वाहनों के साथ तेजी से आए जिनमें हथियार तथा गोला बारूद भरा था। महिंद्रा थार कार में बांई ओर बैठे आशीष मिश्रा ने गोलियां चलाईं तथा आगे बढ़ते वाहन से लोगों को कुचल दिया।' लेकिन अजय मिश्रा ने इसका खंडन करते हुए दावा किया है कि 'वाहन पर उस समय पत्थर चलाए गए जब वे मुख्य अतिथि को बुलाने के लिए जा रहे थे। इससे ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और हो सकता है कि कुछ लोग इस दुर्घटना में मर गए हों।

वाहन में बैठे मेरे ड्राइवर तथा तीन भाजपा कार्यकर्ताओं का पीछा किया गया, उन पर पत्थर बरसाए गए तथा उन पर लाठियों व तलवारों से हमला कर भीड़ ने उनको मार डाला।'

अजय मिश्रा ने पहले इस बात से इनकार किया था कि उनका बेटा घटनास्थल पर था। इस चरण पर यह तय करना कठिन है कि इन दो परस्पर विरोधी वर्णनों में से कौन सही है। लेकिन घटना के अनेक आनलाइन वीडियो सामने आए हैं जिनसे संकेत मिलता है कि शुरुआती चरण में पत्थरबाजी इस भयानक घटना का कारण बनी। लेकिन इसके बावजूद एक समुचित जांच की आवश्यकता है ताकि दोषी का पता लगा कर उसे कानून के अनुसार दंड दिया जा सके। स्थिति को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। लेकिन विडंबना है कि जांच की मांग करने के साथ ही एक खतरनाक व दुष्टतापूर्ण विमर्श मीडिया के कुछ हिस्सों द्वारा तैयार किया जा रहा है।

यह स्थिति परेशान करने वाली व चिन्ताजनक है। इस मामले में पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए एक पक्ष का समर्थन किया जा रहा है तथा कुछ मृतकों को दूसरों की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इन सबका उद्देश्य सरकार को कटघरे में खड़ा करना है, जबकि अभी प्रकरण में दोषियों का पता लगाया जाना बाकी है। एक प्रमुख समाचारपत्र के अनुसार यह व्यापक विरोध प्रदर्शन से निपटने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा है। वह मुद्दे को लंबा खींच कर प्रदर्शनकारियों को थकाना चाहती है तथा उनको 'देश-विरोधी' व अन्य विशेषण देकर उनकी वैधता समाप्त करने के सक्रिय प्रयास कर रही है। ऐसे में मामला भड़कने पर वह बैरीकैडों और बल का प्रयोग करती है। वह इसे पुलिस राज्य की तरह कानून-व्यवस्था के मुद्दे की तरह व्यवहार करती है तथा प्रदर्शन या हिंसा के स्थल पर विपक्षी नेताओं को नहीं जाने दे रही है, जबकि वहां जाना निश्चित रूप से राजनेताओं तथा जन-प्रतिनिधियों का काम है। पहले तो ऐसे संवेदनशील मामले में काल्पनिक सिद्धान्तों के आधार पर पहले से ही किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं है।

दूसरा, भाजपा की कार्यशैली को परिभाषित करने के लिए 'बैरीकैड और बल प्रयोग' शब्दों का प्रयोग उचित नहीं है। इस प्रकार के संपादकीय द्वारा सुनवाई के पहले ही भाजपा को दोषी ठहरा दिया गया है। बिना प्रमाणों के ऐसे कथन अनुचित व भ्रामक हैं। इसके साथ ही विपक्षी नेताओं को बाहर रखने के लिए सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार का इरादा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखना तथा शांति स्थापना है। वास्तव में यह कदम किसान नेता राकेश टिकैत की सलाह पर उठाया गया था। कुछ खबरों के आधार पर उनको डर था कि राजनेता इस स्थिति का लाभ उठाने का प्रयास कर सकते हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस घटना से बचा जा सकता था? विरोध और विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का अविभाज्य अंग हैं। लेकिन हमें यह भी अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि विरोध प्रदर्शन कोई अंतिम लक्ष्य न होकर एक रास्ता है और यह रास्ता भी अपने आप में संपूर्ण नहीं है। किसी भी विरोध प्रदर्शन को वैध होने के लिए इस विरोध प्रदर्शन का विशेष उद्देश्य तथा इसमें समस्या समाधान का तरीका होना चाहिए। यह किसी भी नियम से स्वतंत्र बेलगाम कार्रवाई नहीं हो सकता है। एक लंबा और दिशाहीन विरोध प्रदर्शन निराशा, हिंसा और हत्याओं के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करता है। जैसा कि इस घटना से स्पष्ट है, समाज-विरोधी तत्व भी ऐसी स्थितियों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस खानविलकर ने 1 अक्टूबर को एक किसान संगठन द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति मांगने का जवाब देते हुए किसानों के इस सवाल पर उचित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'आप कह रहे हैं कि आप प्रदर्शन का अधिकार चाहते हैं। यह प्रदर्शन किस बात पर है? कानून को अदालत ने स्थगित कर दिया है। केन्द्र ने कहा है कि वह इसका क्रियान्वयन नहीं करेगा।' लखीमपुर में हुई मौतों के संदर्भ में भी सम्मानित जज ने जवाबदेही की कमी पर जोर देते हुए कहा, 'जब ऐसी घटनायें होती हैं, तो कोई उनकी जिम्मेदारी नहीं लेता है।' किसानों के विरोध प्रदर्शन में हिंसा की घटना पहली बार नहीं हुई है। 26 जनवरी अभी हमारे दिमागों में ताजा है। किसानों का विरोध आंदोलन अपनी सार्थकता खो चुका है।

लंबे समय से खींचे जा रहे आंदोलन ने इस गंदे टकराव के लिए उपजाऊ जमीन तैयार कर दी है। थोड़ी समझदारी से इस स्थिति से बचा जा सकता था। समय आ गया है कि लखीमपुर जैसी अन्य घटनायें रोकने के लिए किसानों का विरोध आंदोलन वापस लिया जाए। इसके साथ ही आठ लोगों में से प्रत्येक की मौत के दोषियों को दंड दिया जाए। वे चाहे जो हों, उनको फौरन गिरफ्तार कर अभियोजन चलाया जाए तथा कानून के अनुसार कठोरतम दंड दिया जाए।

# स्वास्थ्यरक्षा ढांचे का परीक्षण आवश्यक

**हर्षवर्धन**
(लेखक ईआरपी साल्यूशंस के अध्यक्ष हैं)



देश में पिछले लगभग डेढ़ साल से अधिक समय से चले आ रहे कोविड -19 संक्रमण के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए अस्पताल के बेड, वेंटिलेटर, चिकित्सा उपकरण और डॉक्टरों और नर्सों की कमी की रिपोर्ट ने दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आधुनिक चिकित्सा को जीनोमिक्स, टेलीमेडिसिन, सर्जरी के लिए आभासी वास्तविकता और कई जैव-फार्मास्युटिकल अग्रिमों से समृद्ध किया गया है। लेकिन कई चिकित्सा प्रगति के पीछे, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का सही डिजिटल परिवर्तन - अस्पताल, रक्त और वैक्सीन बैंक, डायलिसिस के लिए केंद्र, एम्बुलेटरी सर्जरी, इमेजिंग और रेडियोलॉजी - धीमा है।

अन्य क्षेत्रों के विपरीत, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), 5जी कनेक्टिविटी, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धि) और मशीन लर्निंग (एएल/ एमएल) को सक्षम करने के लिए डिजिटल परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा के लिए बहुत अधिक जटिल है। स्वास्थ्यरक्षा अवसंरचनना संबंधी नवीन पहलकदमियां तीन मुख्य मुद्दों से कम हो गई हैं और बना हुआ ह : पहला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियामक मानकों का अनुपालन; दूसरे, रोगी के रिकॉर्ड से लेकर एक्स-रे, सीटी स्कैन और अन्य एनालॉग या डिजिटल डेटा तक चिकित्सा डेटा के कई रूप; और तीसरा, परिवर्तन के प्रति अनिच्छा जो प्रशासकों को वास्तविक समय में प्रतिक्रिया, योजना और भविष्यवाणी करने की अनुमति देने के लिए एक स्पष्ट डिजिटल डैशबोर्ड को रोकता है।

परिष्कृत उपकरणों वाले कई अस्पतालों ने अभी तक चिकित्सीय निर्णय समर्थन और रीयल-टाइम अस्पताल कार्यप्रवाह को सक्षम करने के लिए मेडिकल रिकॉर्ड को पूरी तरह से कैप्चर और अद्यतित नहीं किया है, अकेले उन्हें दीर्घकालिक देखभाल और रोग प्रबंधन के साथ जोड़ देना चाहिए।

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक सच्चे डिजिटल परिवर्तन की तैयारी के लिए योजनाकार और प्रशासक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) बुनियादी ढांचे में कैसे सुधार कर सकते हैं? कई महत्वपूर्ण कदम प्रक्रिया को किक-स्टार्ट या तेज कर सकते हैं। पहला है हेल्थकेयर हार्डवेयर के हर टचपॉइंट पर रीयल-टाइम डेटा कैप्चर बनाना या सक्षम करना।



इसका अर्थ है सेंसर स्थापित करना, और उपकरण के अंतिम टुकड़े तक प्रत्येक सुविधा में और उच्च गति संचार को एम्बेड करना। दूसरा एक बार और सभी के लिए सूचना साइलो को तोड़ना है। अस्पताल के सिस्टम और डेटाबेस से गुजरने वाले डेटा को डिजीटल, सामंजस्यपूर्ण और साझा किया जाना चाहिए, रोगी के रिकॉर्ड, एक्स-रे और सीटी स्कैन से लेकर बुनियादी ढांचे के भीतर उपकरण और मशीनरी के प्रत्येक टुकड़े के कामकाज पर डेटा तक। इस अवरोध ने आईटी सलाहकारों और सिस्टम इंटीग्रेटर्स के दशकों के प्रयास को विफल कर दिया है। एक सामान्य प्रारूप में गोल्डन डेटा का एक प्रोटोकॉल संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उद्यम की दृश्यता को सक्षम करेगा। तीसरा, एक ही दृश्यता विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियों की अंत:क्रियाशीलता की सुविधा प्रदान कर सकती है - इलेक्ट्रॉनिक रोगी स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण कोविद -19 संक्रमण प्रवृत्तियों और टीकों की मांग और उन्हें स्टोर करने या वितरित करने के लिए आवश्यक कोल्ड-चेन बुनियादी ढांचे के साथ किया जा सकता है। चौथा, स्वास्थ्य देखभाल की संपत्ति, चाहे वह सीटी स्कैनर हो, ऑपरेटिंग रूम या वेंटिलेटर हो, उपयोग और स्थान के स्तर पर नज़र रखी जानी चाहिए। यह टूटने की भविष्यवाणी करने, रखरखाव की योजना बनाने और चिकित्सा कर्मचारियों की अगली पारी को उनका पता लगाने में मदद कर सकता है।पांचवां, इस तरह की ट्रैकिंग अधिक महत्वपूर्ण सी-सूट निर्णयों का समर्थन करेगी जैसे कि परिदृश्य योजना जो संभावित उपकरण की कमी, पुर्जों की उपलब्धता, और अस्पताल की जनशक्ति योजना के साथ आपूर्तिकर्ताओं के साथ सेवा-स्तर के समझौतों को जांच सकती है। रखरखाव के लिए प्रोटोकॉल का मानकीकरण करके - क्लाउड-सक्षम रीयल-टाइम डेटा द्वारा सहायता - उत्पादकता में सुधार होगा।

छठा, एमआरओ सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रचलित इन्वेंट्री तकनीकी प्रबंधन के रूप में जानी जाने वाली अवधारणा से सबक लिया जाना चाहिए। जो अधिक डिजिटल रूप से सक्षम हैं, वे अगले स्तर तक बढ़ गए हैं - दोहराव को रोकने और हार्डवेयर को अधिक समझदारी से साझा करने के लिए इन्वेंट्री की लचीली पूलिंग। अंत में, हेल्थकेयर हार्डवेयर के संरक्षक चिकित्सा परिणामों का त्याग किए बिना एआई/एमएल में संभावित कदम उठा सकते हैं। इनमें सेंसर शामिल हैं जो नर्सों द्वारा जांच की तुलना में प्रत्येक रोगी के स्वास्थ्य डेटा की अधिक बार निगरानी कर सकते हैं, और चैटबॉट्स का उपयोग नर्सों या जूनियर डॉक्टरों को कुछ रोगी लक्षण होने पर प्रश्न पूछने की अनुमति देने के लिए या यह जांचने के लिए कि उपकरण का एक टुकड़ा कब सर्विसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए।

एआई/एमएल के माध्यम से, स्वास्थ्यरक्षा हार्डवेयर को स्वयं को दुरुस्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। यह प्रोटोकॉल के माध्यम से निर्देशात्मक रखरखाव सीख सकता है जो विफलताओं की भविष्यवाणी भी कर सकता है और साथ ही कार्रवाई करने की सिफारिश कर सकता है। समय के साथ, उपकरण का प्रत्येक प्रमुख टुकड़ा खुद को निर्देश दे सकता है कि रखरखाव के लिए कब तैयार किया जाए, संभावित जोखिम, और पूर्व-खाली उपाय जो इसे करने चाहिए।

कोविड -19 ने स्वास्थ्य प्रशासन के पीछे की सोच में दशकों में एक बार बदलाव की शुरुआत की है। अस्पताल के बीमार बिस्तर से बाहर निकलने और डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का समय आ गया है।

## आप की बात

### अब सस्ता होगा खाद्य तेल

**भारत** सरकार ने पाम सोयाबीन एवं सूरजमुखी के तेल की कच्ची किस्मों पर मार्च 22 तक के लिए बेसिक कस्टम ड्यूटी घटा दी है इन पर लगने वाला कृषि उपकर कम किया गया है पाम सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल की क्रूड वैरायटी पर कस्टम ड्यूटी अब क्रमश: 8.25 प्रतिशत, 5.5 प्रतिशत, 5.5 प्रतिशत होगी जो पहले 24.75 प्रतिशत थी। अगर भारत सरकार के इस निर्णय से आम जनता का भला होता है तो गरीब मध्यम वर्ग के लिए यह सरकार का एक बड़ा एवं महत्वपूर्ण कदम होगा ।एक लंबे समय से गरीब मध्यम वर्ग की रसोई से तेल, घी काफी दूर जा चुके हैं एवं उनकी किस माथापच्ची के साथ रसोई बनती है यह तो वही जानता है। एक दिहाड़ी मजदूर, एक रोज कमाने वाला मजदूर का दर्द ना समझने वाली सरकार अब अगर इन्हें आज खानपान में अभय दान दे रही तो यह एक सोने में सुहागा वाला कदम होगा। काफी समय से विपक्षी दल सरकार पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि यह सरकार केवल पूंजी पतियों का ही समर्थन करती है उन्हें ही फायदा पहुंचाती है तो यह बात भी सत्य नजर आ रही थी मगर अब सरकार इस मोह जाल से बाहर आकर गरीबों की रसोई पर नजर डाल रही है तो यह हम सब के लिए काफी प्रशंसनीय बात है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### विजयदशमी का संकल्प

**भारत** में विभिन्न त्योहारों की प्राचीन परंपरा रही है। हर त्योहार किस लिए होता है? शास्त्रों में बताया गया है। कई आक्रमणकारियों ने भारत पर शासन करने की कोशिश की। लेकिन वे समय-समय पर असफल होते रहे। वीर राजा-महाराजा ने उन्हें यहां से भगा दिया है। इसलिए जब भी उन्होंने दोबारा हमला किया और अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की तो उन्हें मौके पर ही पीटा गया। यह सच्चा इतिहास है। लेकिन क्या हम इससे कुछ सीखते हैं? या बस इसे अस्थायी रूप से पढ़ें और इसके बारे में भूल जाएं? भारत पश्चिमी देशों की तुलना में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर समाज को परेशान करने वाली घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ता ही जा रहा है। प्रगति और सामाजिक स्वास्थ्य के बीच उचित संतुलन होना चाहिए। लोगों के बीच कलह और दूसरों के हक का लूटने और अपना पेट भरने की प्रवृत्ति है। यह बहुत बढ़ गयी है। जो लोग इस विकृति से संतुष्ट हैं, उन्हें मानव कैसे कहा जा सकता है? देवी-देवताओं ने राक्षसों से लड़कर उन्हें सबक सिखाया है। देवताओं की भक्ति के साथ-साथ उनके गुणों को भी आत्मसात करना चाहिए। एक लोकतांत्रिक देश में, लोकतंत्र के आधार पर गलत कामों को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### हिन्दी को सम्मान दें!

**एक** तरफ हम हिंदी को बढ़ावा देने में लगे है। वही दूसरी तरफ हम पालतू पशु पक्षियों को अंग्रेजी नामों से पुकारते है। जैसे स्वान का नाम जैकी या अन्य अंग्रेजी नाम रख कर बुलाते ,बातें करते है। हिंदी में कई सुंदर नाम हैं। फिर भी हम अंग्रेजी के पीछे न जाने क्यों पड़े रहते हैं। जब वातावरण में हिंदी का समावेश करेंगे तो स्वत: हिंदी भाषा से प्रेम होने लगेगा। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। देखने में आ रहा है कि आजकल विदेशों में लोग हिंदी के चुम्बकीय आकर्षण को पहचानने लगे। वे धार्मिक भजन आदि वे बढ़िया ढंग से गा रहे है।अत: पशु पक्षियों के नाम हिंदी में रखे। हिंदी के प्रचार -प्रसार हेतु लेखन कार्य हिंदी में ही अनिवार्य करना होगा ताकि हिंदी लिखने की शुद्धता बनाई जा सके । मातृभाषा की सही स्तुति के लिए ये कार्य करना आवश्यक है ताकि मातृ भाषा का सही मायने में सम्मान हो सके। विधार्थियों को अपनी सृजनात्मकता ,मौलिक चिंतन को विषयान्तर्गत रूप से हिंदी व्याकरण और वर्तनी में सुधार की और ध्यान देना होगा।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**फिर भी,** मैं फड़नवीस को बधाई देता हूं। उनकी वजह से मुझे याद आया कि मैं चार बार सीएम रह चुका हूं।

– **शरद पवार**
राकांपा प्रमुख



**वीटी-4** टैंक पाकिस्तान-चीन रणनीतिक सहयोग और रक्षा सहयोग का एक और प्रतीक है। इसके शामिल होने से हमारी क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

– **पाकिस्तानी सेना प्रमुख**
कमर जावेद बाजवा



**पंजाब** में केवल दो या तीन प्रतिशत किसान ही आंदोलन का हिस्सा हैं। पंजाब में ज्यादातर लोग शांतिप्रिय हैं।

– **दुष्यंत गौतम**
राष्ट्रीय महासचिव भाजपा

# दुर्गा पूजा : महानवमी के हवन में दी लोगों ने आहूति

कविता। फरीदाबाद

**दुर्गा नवमी** के दिन शहर में बंगाली समुदाय के लोगों ने पूजा स्थल पर पहुंच कर हवन में आहुति दी। कुछ स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को पंडालों से मां दुर्गा को विदाई दी जाएगी। इस मौके पर महिलाओं द्वारा परम्पारिक तरीके से सिंदुर खेलने की रस्म अदा की जाएगी। इसके साथ ही बंगाल का प्रसिद्ध नृत्य भी होगा।

शहर के दुर्गापूजा पंडालों में अष्टमी और नौवीं की रात को संधि पूजा की गई थी। जिसका दृश्य बेहद की मनोहर नजर आया। जिसमें 108 कमल, 108 दीपकों की रोशनी और 108 मोमबतियों की रोशनी के बीच 108 मंत्रों के द्वारा पूजा की गई।

बृहस्पतिवार को सुबह पूजा पंडालों में मां पूजा अर्चना की गई। वहीं महानवमी के हवन में श्रद्धालुओं ने अपनी आहुति दी। दशमी को इन सभी पूजा पंडालों में सिंदुर खेलने और नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

### आज दुर्गा पूजा पंडालों में खेला जाएगा सिंदुर, होगा नृत्य

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सेक्टर-16** स्थित फरीदाबाद कालीबाडी में अष्टमी पूजा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कालीबाड़ी के मुख्य सदस्य हिलोल बिश्वास, विश्वनाथ सरकार और अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। नवमीं पर कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं कोरोना महामारी को कम करने के लिए पूजा पंडाल में वैक्सीनेशन कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें यहां मां के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को वैक्सीन लगाई गई।



दुर्गा बाडी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा करती हुई।

### लगा रहा तांता

**पूरी** 81 हाईस्ट्रीट में भी सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई। यहां केदारनाथ धाम की थीम पर बने मां दुर्गा के पंडाल को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जो लोग केदारनाथ धाम जाकर दर्शन नहीं कर सकते उनके लिए पूजा का पंडाल ही केदारनाथ के दर्शन करने से कम नहीं था। पंडाल में देर शाम संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूजा पंडाल को तैयार करवाने वाली सोनार बांग्ला संस्था के सदस्यों ने बताया कि यह उनका पहला पूजा पंडाल है। आगे भी वह इसी तरह के आयोजन करते रहेंगे।

### बिना पुष्प के पुष्पांजलि

**बाटा**- हार्डवेयर रोड स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए। लेकिन मां दुर्गा का भव्य पंडाल तैयार किया गया था। मां की पूजा विधि विधान से की गई। पूजा पंडाल में मां को बिना पुष्प के पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को बिना मास्क के एंट्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी।

# श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा के बाद खोला व्रत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मंदिरों** में मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद मंदिरों में हवन किया गया। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन करके अपना व्रत खोला। इस अवसर पर घरों में भी नौवीं पूजन के बाद कंजक पूजन का कार्यक्रम किया गया।

तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ वैष्णों देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के नौवें स्वरूप की पूजा अर्चना के बाद हवन किया। इस हवन में उद्योगपति व मंदिर के गणमान्य लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने भी आहुति दी। श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है। पूजा अर्चना के बाद मां के नवरात्रों की समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने मां से सुख व शांति की मनोकामनाएं मांगी। वहीं श्री सिद्धदाता आश्रम में भी नवरात्रों पर नवमी के दिन हवन द्वारा नवरात्रों की समाप्ति की गई।



तिकोना पार्क महारानी वैष्णव मंदिर में नवमी के अवसर पर हवन करते प्रधान जगदीश भाटिया व भक्तगण ।

# बरसात से टूटी सड़कों की मरम्मत तुरंत पूरा करें: मनोहर लाल खट्टर

### चण्डीगढ़ में आयोजित वीसी से उपायुक्तों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने वीरवार चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से जल जमाव/भराव वाले क्षेत्र, धान की खरीद, पराली प्रबन्धन, खाद की उपलब्धता व सड़कों के रिपेयर से संबंधित एजेंडे में रखें बिन्दुओं बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी विषयों में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए इनमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीसी के दौरान बताया कि वर्षा के बाद कुछ स्थानों पर पानी के खड़े रहने की समस्या रहती है और अबकी बार वर्षा भी ज्यादा हुई है। जहां पर हर बार पानी खड़ा होने की समस्या रहती है, वहां स्थाई व्यवस्था करते हुए उसका समाधान करना सुनिश्चित करना हैं। विभाग द्वारा इस विषय के दृष्टिगत मशीनरी भी खरीदने का काम किया गया हैं, टयूबवेलों की संख्या भी बढ़ाई गई हैं। हमें पानी की स्टोरेज करके उस दिशा में व्यापक कदम उठाना हैं, हो सके तो दक्षिण हरियाणा के क्षेत्रों के तरफ पानी को भिजवाना हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने धान खरीद के कार्य को लेकर जानकारी हासिल करी। वहीं पराली प्रबन्धन को लेकर किए जा रहे कार्यो बारे भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए और किसानों को उनकी फसलों की अदायगी भी नियमानुसार समय अवधि के तहत उनके खातों में होनी चाहिए। खाद की उपलब्धता के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली और कहा कि हरियाणा में खाद की कोई कमी नहीं रहनी दी जाएगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से खाद की उपलब्धता बारे भी विस्तार से जानकारी ली। सड़कों की मरम्मत विषय के तहत उन्होंने लोक निर्माण विभाग, हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड, पंचायती राज, एचएसआईडीसी, शहरी स्थानीय निकाय विभाग बेहतर समन्वय के साथ जो सड़कों के रिपेयर सम्बधी कार्य है उन्हें जल्द करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपायुक्त जितेंद्र यादव ने अवगत करवाते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद में सभी मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। सभी एजेंसियों द्वारा इस कार्य को निर्धारित मापदण्डों के तहत किया जा रहा हैं। पराली प्रबन्धन को लेकर बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। किसानों को कस्टम हॉयरिंग सेन्टर में उपलब्ध कृषि यंत्रों को अनुदान पर देने के साथ-साथ व्यक्तिगत कृषि यंत्रों को खरीदने वाले किसानों को इन कृषि यंत्रों को स्वयं प्रयोग करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का काम किया गया हैं। पराली न जले इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ग्रामीण स्तर पर भी पंचायत सचिव, पटवारी व अन्य को शामिल करते हुए टीम गठित की गई है, जोकि पूरी गतिविधियों पर नजर रखेगीं, कहीं पर भी अगर आगजनी की घटना होती है तो नियुमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।

उपायुक्त ने यह भी बताया कि पराली प्रबन्धन के लिए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य गत 11 व 12 अक्तूबर को किया गया हैं। विभाग द्वारा 18 अक्तूबर को भौतिक सत्यापन के लिए एक बार फिर मौका दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि यही प्रक्रिया कस्टम हॉयरिंग सैन्टर में उपलब्ध प्रतिनिधियों के लिए भी हैं। यदि उन्होंने भी अपने यंत्रों का सत्यापन नहीं करवाया हैं वे भी इस कार्य को करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि पराली प्रबन्धन से सम्बधित कृषि यंत्रों पर विभाग द्वारा अनुदान राशि देने का काम किया गया हैं। वहीं जिन किसानों ने पराली से गाठे बनाने का काम किया हैं उन्हें भी प्रति एकड़ एक हजार रूपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में देने का काम किया जा रहा हैं। इस मौके पर एसडीएम सतबीर मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया के साथ अन्य सम्बधित विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के सभागार में मुख्य मंत्री की ओन लाईन बैठक में आयोजित बैठक में भाग लेते उपायुक्त जितेंद्र यादव व अन्य अधिकारी।

# सुषमा गुप्ता भारतीय रेडक्रॉस समिति सदस्य मनोनीत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** रेडक्रॉस समिति, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में 12 सदस्यों के लिए चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सुषमा गुप्ता, उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य रेडक्रॉस चंडीगढ़ उत्तरजोन में सबसे अधिक वोट प्राप्त कर सदस्य मनोनीत हुई। हरियाणा राज्य ने तीसरी बार अंतराष्ट्रीय स्तर की कमेटी के चुनावों में जीत हासिल कर हैट्रिक बनाई है। इस से पहले डीआर शर्मा, महासचिव, हरियाणा राज्य रेडक्रॉस समिति दो बार सदस्य रह चुके हैं।

सुषमा गुप्ता रेडक्रॉस की मानवीय गतिविधियों में पिछले 15 वर्षो से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने संस्था में शुरुआत समिति की आजीवन सदस्य बनकर की तथा रेडक्रॉस के कार्यो में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। उन्होंने गरीब लड़कियों की शादी, लड़कियों की शिक्षा एवं उनकी सुरक्षा से संबंधित अनेकों कार्य किए। जिसके लिए उन्हे अनेक बार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। वर्तमान में सुषमा गुप्ता हरियाणा राज्य रेडक्रॉस की गतिविधियों को और गतिप्रदान कर रहीं है और मानवीय सेवाओं के लिए, नए-नए कार्य क्रियान्वित कर रहीं हैं। सुषमा गुप्ता के प्रयासों द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत महिलाओं के लिए नए सिलाई केन्द्र खुलवाए गए जिससे महिलाओं को अपनी आर्थिक स्तिथि सुधारने में मदद मिलेगी। उन्होंने कोरोना महामारी के समय में भी अनेक अच्छे कार्य किए जैसे दवाइयां, मास्क, सैनीटाइजर, भोजन एंव राशन गरीब व जरूरतमंद लोगों में वितरित करवाना इत्यादि शामिल हैं। जिला रेडक्रॉस समिति, फरीदाबाद द्वारा दूसरी लहर के चलते एक 75 बेड का अस्पताल तैयार किया गया। जिसमें आने वाले प्रत्येक मरीज को दी जाने वाली दवाइयां, भोजन सुषमा गुप्ता द्वारा ही मुहैया करवाया गया।

हरियाणा राज्य रेडक्रॉस समिति के महासचिव डी.आर. शर्मा ने बताया कि गुप्ता हर विपरीत परिस्थिती में मानवता की सहायता के लिए तत्पर रहतीं हैं और उन्हें यह पद उनमें विद्धमान सेवाभाव की वजह से ही प्राप्त हुआ है। जिसके लिए वह सम्पूर्ण रूप से योग्य एंव कुशल हैं। मैं यह समझता हूँ कि उनको यह जिम्मेदारी मिलने से रेडक्रॉस को मानवता की सेवा के लिए नये आयाम मिलेंगे।



सुषमा गुप्ता।

## संक्षिप्त समाचार

### ई ऑफिस व्यवस्था गंभीरता से लागू करें सभी कार्यालय

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में जिला में स्थित सभी विभागों व कार्यालयों में पेपरलैस काम होना चाहिए तथा सभी पत्रों की मूवमेंट ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से होनी चाहिए। यह दिशा-निर्देश नगराधीश पुलकित मल्होत्रा ने लघु सचिवालय सेक्टर-12 के सभागार कक्ष में ई-ऑफिस, सीएम विंडो, एसएमजीटी के सम्बंध मे आयोजित समीक्षात्मक बैठक मे उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जिला प्रशासन के माध्यम से सभी विभागों को पेपरलैस बनाने की दिशा में कार्य करते हुए ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत की है। जिसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारियों का ईएमडी डाटा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जिलास्तर पर सभी विभागों व कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली पर काम करने के लिए एक-एक नोडल अधिकारी व एक-एक मास्टर ट्रैनर नियुक्त किए हैं। नोडल अधिकारी व मास्टर ट्रैनर को निरंतर ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, अब मास्टर ट्रैनर की जिम्मेवारी होगी कि वह अपने विभाग के कार्यालय में स्थित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी ई-ऑफिस प्रणाली व फाइल की मूवमेंट करने के लिए फाइल क्रिएट करने, रिसीट करने तथा सेंड करने संबंधी संपूर्ण जानकारी दें तथा फाइल की मूवमेंट इस प्रकार से ई-ऑफिस के माध्यम से करनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग में जो अधिकारी व कर्मचारी फाइल की मूवमेंट से संबंधित कार्य कर रहे हैं, वह अपने यूजर आईडी व पासवर्ड को भी सुरक्षित रखें।

### जल संरक्षण आज के समय की मांग: दीपक

**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों, ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों, पंप ऑपरेटरों और आरएमई कर्मचारियों के लिए ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन और रखरखाव पर पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (वासो) के सौजन्य से खंड एवं विकास पंचायत कार्यालय, गुहला में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन की कार्यशाला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में 180 करोड़ लोग क्षेत्रों में ऐसे जहां पानी नहीं होगा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका केपटाउन टाउन का उदाहरण देते हुए बताया कि फरवरी 2018 में केप टाउन में नहाने पर भी रोक लगा दी गई थी। उन्होंने ग्राम पंचायतों से जल जीवन मिशन को सफल बनाने की अपील की। दीपक कुमार ने जल संरक्षण का उदाहरण देते हुए बताया कि जब मक्खी दूध या देसी घी में गिर जाती हैं तो हम दूध या देसी घी को खिडाते नहीं है, वहीं दूसरी तरफ अगर मक्खी पानी में गिर जाती है तो हम पानी को खिडाते दे देते हैं। हमें हमारी आदतों में सुधार करके जल संरक्षण करना होगा नहीं तो हमारे आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा।



क्षमता संवर्धन में प्रशिक्षण सर्टिफिकेट लेती प्रतिभागी।

### लापता युवक को बरामद कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने 10 दिन से लापता 32 वर्षीय युवक को बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। 4 अक्टूबर को पुलिस थाना बीपीटीपी में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें शिकायतकर्ता राजेंद्र ने बताया कि उसका 32 वर्षीय छोटा भाई अनिल बिना किसी को बताए घर से लापता हो गया है। उन्होंने बताया कि उनका भाई घर से अपनी गाड़ी लेकर निकला था परंतु वह घर वापस नहीं पहुंचा। उन्होंने काफी समय तक अपने भाई का इंतजार किया परंतु काफी समय बाद भी जब वह घर नहीं आया तो उन्हें उसकी चिंता होने लगी। उसने अपने भाई को फोन मिलाया परंतु उसने अपना नंबर बंद किया हुआ था। अनिल के परिजनों ने चिंतित होकर अनिल की खोजबीन शुरू कर दी। उन्होंने अपने दोस्तों रिश्तेदारों में उसके बारे में पता किया परंतु उन्हें उसकी कोई खबर नहीं मिली। अनिल के भाई की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। लापता व्यक्तियों को बरामद करने के लिए गठित की गई कैट टीम ने तकनीकी सहायता से अनिल के साथ संपर्क साधकर उसके साथ बातचीत की और उसे समझाते हुए घर वापस आने की अपील की। काफी समझाने के पश्चात अनिल अपने घर आने वापस आने को राजी हुआ जिसके पश्चात वापस आते समय अनिल को क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा सकुशल बरामद करके पुलिस थाने लाया गया जहां पर पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह किसी बात को लेकर डिप्रेशन में चल रहा था।

# डालसा की वैन घर-घर जाकर करेगी जागरुक



कानूनी जागरुकता वैन को झंडी दिखा कर रवाना करते न्यायधीश तैयब हुसैन।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### न्यायधीश ने किया वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना

**जिला** सत्र एवं न्यायाधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाईएस राठौर के दिशा निर्देश के अनुसार वीरवार को स्वतंत्रता 75वें दिवस के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डालसा द्वारा जागरूकता मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मोबाईल वैन को एसीजेएम तैयब हुसैन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

सीजेएम कम डालसा के सचिव मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मोबाइल वैन स्वराज मजदा को एसीजेएम तैयब हुसैन ने अदालत परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस वैन का मुख्य उद्देश्य विशेष कानूनी साक्षरता शिविर व डोर टू डोर अभियान का शुभारंभ किया गया है। डालसा टीम ने मोबाइल वैन के जरिये कवर किए गए गांव भटोला, फतुपुरा,फरीदपुर, मिर्जापुर, नवादा, नीमका, तिगांव और सदपुरा में माध्यम से कानूनी साक्षरता शिविर और डोर टू डोर अभियान का आयोजन किया। उन्होंने इस दौरान शिकायत के पांच आवेदन दायर भी किए। डालसा के पैनल अधिवक्ताओं ने 50 लोगों को कानूनी सहायता प्रदान की और 2000 कानूनी साक्षरता पुस्तकें और 1000 पर्चे पूर्व गिरफ्तारी और गिरफ्तारी, मानदंड, लोक अदालत आदि पर वितरित किए। इस प्रक्रिया के माध्यम से 1600 लोग लाभान्वित हुए।

# बच्चे खेलें शरीर को फिट रखने वाले खेल : डीसी

### फरीदाबाद मॉर्निंग हेल्थ क्लब और जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने दिन की शुरुआत की एसओएस सीसीआई के बच्चों के साथ हैंडबॉल खेलकर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** मॉर्निंग हेल्थ क्लब के मेंबर्स ने एसओएस चिल्डर्न विलेज होम में रह रहे बच्चों के साथ टाउन पार्क में हैंडबॉल और पिट्ठू आदि खेलकर अपने दिन की शुरुआत की। एसओएस सीसीआई के इन बच्चों की हौसला अफजाई के लिए जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव सहित एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगर निगम बल्लभगढ़ जोन के संयुक्त आयुक्त अनिल कुमार यादव, एसीपी मानेसर विनोद कुमार, डिविजनल कमिश्नर के ओएसडी जितेंद्र कुमार, निगम पार्षद दीपक यादव, एयरफोर्स के रिटायर्ड विंग कमांडर हरीचंद मान सहित फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब के मेंबर्स ने खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया। जिन्होंने स्वयं भी इन बच्चों के साथ हैंडबॉल और पिट्ठू आदि खेलकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चों को अपने घरों और मोबाइल-टीवी आदि से बाहर निकलकर अपने शरीर को फिट रखने के लिए शारीरिक रूप से खेले जाने वाले खेल खेलने चाहिए ताकि उनका पूर्ण रूप से शारीरिक विकास हो सके। इसी क्रम में फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब ने जो आज एसओएस चिल्डर्न विलेज होम के बच्चों के साथ हैंडबॉल आदि खेल खेला है, उससे शहर के दूसरे लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त विचार व्यक्त करते हुए जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि फरीदाबाद शहर दिलवालों का शहर है, इसलिए स भी को फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब से प्रेरणा लेकर बच्चों के साथ ऐसे खेल समय-समय पर खेलने चाहिएं। इस अवसर पर जिला उपायुक्त ने कहा कि मोर्निंग हेल्थ क्लब के मे बर्स ने इन बच्चों के साथ खेलकूद कर आज जो मानसिक रूप से अपनेपन का अहसास कराया है, वो वास्तव में काबिलेतारीफ है। ये बच्चे देश की धरोहर है, जिन्हें आज आप लोगों की जरूरत है। बता दें कि एसडीएम बडखल पंकज सेतिया की अगुवाई में फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब के साथ मिलकर एसओएस चिल्डर्न विलेज होम के बच्चों के साथ सैक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में हैंडबॉल और पिट्ठू आदि खेल का खेला गया।

फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब द्वारा आयोजित इस हैंडबॉल के खेल में उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर मॉर्निंग हेल्थ क्लब के मे बर्स ने इन बच्चों के खाने-पीने और उनकी जरूरत की चीजें भी भेंट की और भविष्य में भी हर प्रकार की हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर मॉर्निंग हेल्थ क्लब के अजय नरवत, जितेंद्र चौधरी, दीपक पूरी, विजय शर्मा, नवीन गुप्ता, उज्ज्वल, दीपक मेंदीरत्ता, सुरेश शर्मा, जतिन चौहान, सुरेन्द्र डुडी, कमल चौधरी, संजय शर्मा, राजेन्द्र मेंदीरत्ता, पवन मिगलानी आदि मेंबर्स भी मौजूद रहे।



सेक्टर-12 टाउन पार्क में बच्चों के साथ हेंड बाल खेलते जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव।

# पड़ोसी के घर चोरी करने वाला लाखों के जेवरात संग पकड़ा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने तीन दिन पहले थाना सूरजकुंड क्षेत्र के बड़खल गांव में घर से की गई चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों का नाम सद्दाम तथा सलीम है और बड़खल गांव के रहने वाले हैं। कमरुद्दीन निवासी बड़खल ने शिकायत दी कि उसकी सेक्टर 48 में कबाड़ी की दुकान है। पोती की तबीयत खराब होने की वजह से सात अक्टूबर को उनके दोनो बेटे व पुत्रवधू उसे लेकर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में गए हुए थे तथा पीछे अपने गोदाम में ही था। 10 अक्टूबर को कमरुद्दीन को उसके पड़ोसी ने सूचना दी कि रात उसके घर में चोरी हो गई। कमरुद्दीन तुरंत अपने घर आया और चेक किया तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। लोहे की अलमारी से 70 हजार रुपये तथा उसकी पुत्रवधू के सोने व चांदी के आभूषण गायब थे।

### देश के पहले एक्सक्लूसिव वुमंस डबल्स टूर्नामेंट 'रेडबुल शटल अप' के दिल्ली संस्करण में

# सना वर्मा और एकता जोशी की जोड़ी को चैंपियन का ताज पहनाया

पायनियर समाचार सेवा नई। दिल्ली

**दिल्ली** के त्यागराज स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में 9 अक्टूबर 2021 को पहले एक्सक्लूसिव वुमेंस डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। दिल्ली क्वॉलिफायर में 35 टीमों ने भाग लिया। वुमेंस डबल्स में कुछ बेहद शानदार और बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद सना वर्मा और एकता जोशी की जोड़ी ने मोलिका माथुर और साधना सिकरवार को सीधे सेटों में 1-7, 11-7 से हराकर विजेता का ताज पहना। अब विजेता राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले फाइनल्स में भाग लेंगे।

बैडमिंटन के खेल की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, चाहे वह देखने की बात हो या उसमें हिस्सा लेने की, इस टूर्नामेंट का उद्देश्य इच्छुक महिला खिलाड़ियों की खेल में भागीदारी के स्तर को सुधारना और खेल की लोकप्रियता को बढ़ाना है।

रेडबुल शटल अप क्वॉलिफायर्स के मैच 5 शहरों, हैदराबाद, चंडीगढ़, दिल्ली, मुंबई और गुवाहाटी में 18 सितंबर से आयोजित किए जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट 30 अक्टूबर 2021 तक चलेगा। संबंधित शहरों के विजेता रेडबुल शटल अप के नेशनल फाइनल्स में पहुंचेंगे। विजेता जोड़ी को देश की सर्वश्रेष्ठ बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक अश्विनी पोनप्पा और उनकी पार्टनर के खिलाफ खेलने का आकर्षक मौका मिलेगा।

### बुकिंग डॉट कॉम ने क्रिकेट प्रशंसकों को

# द टी-20 पवेलियन में अल्टीमेट क्रिकेट स्टे के लिए आमंत्रित किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**क्रिकेट** के असली प्रशंसक को बेहतरीन क्रिकेट अनुभव मुहैया कराते हुए, यात्रियों के स्टे के लिए कई सारी बेहतरीन और खास जगहों के विकल्प उपलब्ध कराने वाले ग्लोबल लीडर, बुकिंग डॉट कॉम आईसीसी टी-20 मेन्स वर्ल्ड कप के लिए 'आधिकारिक अकोमोडेशन बुकिंग पार्टनर' भी है जो क्रिकेट प्रेमियों और उनके साथियों को 'द टी-20 पवेलियन एन अल्टीमेट क्रिकेट स्टे इंडिया' में आमंत्रित कर रहा है, ताकि वे सबसे बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप मैच देखने का आनंद शाही अंदाज में ले सकें। इतना ही नहीं, मेहमानों को द टी20 पवेलियन में बॉलीवुड एक्टर श्रद्धा कपूर से मिलने का विशेष अवसर भी मिलेगा। केवल एक रात के लिए उपलब्ध, द टी-20 पवेलियन, ग्रैंड हयात मुम्बई होटल्स और रेजिडेंसेस के 'प्रेसिडेंशियल सुइट' को एक क्लासिक क्रिकेट स्टेडियम में बदल दिया गया है, जहां हमारे खास मेहमान 24 अक्टूबर 2021 को आयोजित होने वाले भारत-पाकिस्तान आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप मैच' का कुछ बेहतरीन और रोमांचक अनुभव ले पाएंगे।

रितु मेहरोत्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक, दक्षिण एशिया, बुकिंग.कॉम, ने कहा कि भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि वह एक भावना है। जो देश को एकजुट करती है। हर व्यक्ति के लिए दुनिया का अनुभव लेना आसान बनाने वाले डिजिटल ट्रैवल लीडर के रूप में, द टी-20 पवेलियन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए मुम्बई में एक होटल सुइट के आरामदायक माहौल में रिक्रिएट किए गए क्रिकेट स्टेडियम की जीवंतता और उत्साह को अनुभव करने का रोमांचक, 'वंस-इन-ए-लाइफटाइम' मौका है। यह एक समर्पित क्रिकेट प्रेमी को क्रिकेट की दुनिया का अद्वितीय आनंद एवं दिलचस्प अनुभव लेने का अवसर प्रदान करता है। हम आशा करते हैं कि यह स्टे प्रशंसकों के लिए अविस्मरणीय 'ऑफ-द-पिच' यादें और अनुभव प्रदान करेगा, जो बुकिंग डॉट कॉम की खासियत है।

## प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

बार-बार दोहराइए बस आप ये ,
मिट जाएगा प्रकृति का ताप ये,
कहिए कि मैं स्वस्थ हूं, मैं शांत हूं,
कहिए कि मैं प्रसन्न हूं, मैं शांत हूं।

# हार्ट अटैक होने पर गरीब परिवारों की मदद करेगी सरकार: मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत प्रदेश के अत्यंत गरीब परिवारों के हृदय रोग जैसी गम्भीर बीमारियों का तुरंत एवं सुगमता से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में भाजपा सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत गरीब परिवारों को जिला स्तर पर हार्ट-अटैक जैसे रोगियों को उपचार के लिए दिक्कतें आने की शिकायतें मिल रही हैं, जिसके निवारण के

## सीएम राहत कोष से गरीबों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

## मकान मरम्मत की राशि का जल्द होगा ऑनलाइन भुगतान

लिए सरकार पूरी तरह से गम्भीर है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिलों में तीन वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी का गठन किया जाएगा।

इस कमेटी में उपायुक्त के अलावा सिविल सर्जन एवं एक अन्य अधिकारी को शामिल किया जाएगा। इस समिति से भाजपा सेवा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी भी



सम्पर्क में रहेंगे, ताकि राज्य के किसी भी व्यक्ति को समय पर सहायता प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को मकान की मरम्मत के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि को ऑनलाइन प्रक्रिया से शीघ्र उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि ऐसे परिवारों को किसी भी कारण से मकान खण्डित होने पर तुरंत लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार जिनकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक होगी उन्हें स्वत: ही बीपीएल कार्ड उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके साथ ही जिन लोगों के पास आयु प्रमाण पत्र नहीं है, उनके लिए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी एक वर्ष के दौरान जिन दो लाख परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम है, उनकी आय बढाकर 1.80 लाख रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है, जिसके लिए कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। इसमें करीब 800 पाठयक्रमों में हुनर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों के दौरान राज का मतलब स्वार्थ, लूटपाट और भ्रष्टाचार हुआ करता था, परंतु हमने राज में इसके मतलब को बदलते हुए सेवा, त्याग और समर्पण को चरितार्थ किया है।

प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को हरियाणा रत्न की उपाधि से सम्बोधित किया और उन्हें सम्मान पूवर्क फोटो और पुस्तक भेंट कीं। इस अवसर पर सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल, सह संयोजक प्रवीन सरदाना, कविन्द्र राणा, रमन सिंह, सोमनाथ सिंह, सुरेश सेनी, विवेक यादव, दलीप अवस्थी, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खेतों में जलभराव की समस्या का तुरंत करें समाधान : मनोहर लाल

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिला उपायुक्तों को मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## तय समय में पूरा हो जल निकासी का काम, किसानों को न आए दिक्कत

## जल निकासी के लिए अफसर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जल भराव वाले क्षेत्रों में से पानी की निकासी जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसान समय से अगली फसल की बिजाई कर सकें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में उपायुक्तों को यह कार्य तय समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने



खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी बैठक में मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निकासी के लिए आवश्यकता हो तो और पंपों की व्यवस्था करें ताकि समय से खेतों में से पानी निकाला जा सके। जल निकासी के बाद पानी ड्रेन में डालने की बजाए रिचार्जिंग के लिए इस्तेमाल किया जाए, इससे जलस्तर में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को कहा कि विभागों, निगमों, सोसाइटी एवं कमेटियों की बैठक निर्धारित समय अवधि में नियमित रूप से करें। साथ ही उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं की फिजिकल वैरिफिकेशन करके प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निकासी के लिए इलेक्ट्रिक पंपों का इस्तेमाल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने इसके लिए बिजली विभाग को प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन देने और 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित समय अवधि में जल निकासी हो सके।

मुख्यमंत्री ने बाजरे की फसल पर दी जाने वाली भावांतर योजना का लाभ छोटी जोत के किसानों को प्राथमिकता से दिए जाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने भावंतर भरपाई की राशि जल्द से जल्द किसानों के खातों में जमा करने के निर्देश दिए। मौजूदा समय में धान की फसल के अवशेषों के प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री ने स्थानीय स्तर पर कमेटियां बनाने के निर्देश दिए ताकि ये कमेटियां पराली प्रबंधन के लिए उचित व्यवस्था बना सकें। मुख्यमंत्री ने ऐसी योजना बनाने के लिए कहा जिससे किसानों को पराली की एवज में आर्थिक लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के कारण टूटी सड़कों की रिपेयर जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सिंघू और टिकरी बॉर्डर के आसपास की लिंक सड़कों को भी जल्द से जल्द रिपेयर करने के लिए भी कहा। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल, पीके दास, आलोक निगम, अनुराग रस्तोगी, सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, उपप्रधान सचिव आशिमा बराड़ सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल 17 तक खोला

**बैठक** में बताया गया कि कुछ क्षेत्रों में किसानों को आ रही दिक्कतों को देखते हुए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल को खोला गया है। इस पोर्टल पर किसान 17 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि धान खरीद के दौरान किसानों को किसी तरह की कोई समस्या न आए। इसके साथ-साथ उन्होंने मंडियों में बारदाना, लिफ्टिंग और लेबर आदि की कोई समस्या न आना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री खट्टर ने दिल्ली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की समीक्षा की



मुख्यमंत्री खट्टर की वीडियो कान्फ्रेंस में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी।


## वीडियो कान्फ्रेंस से विभिन्न विषयों पर उपायुक्तों से की विस्तृत चर्चा

**सोनीपत।** किसानों के धरने के चलते अवरूद्ध हुए कुंडली बॉर्डर से उपजी समस्या से आम जनमानस को निजात दिलाने के लिए वैकल्पिक मार्गों को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। चिन्हित किये गये आठ वैकल्पिक मार्गों में से अधिकांश मार्गों पर पैच वर्क का कार्य पूरा किया जा चुका है। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त ललित सिवाच ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भरोसा दिलाया कि शेष कार्य भी अति शीघ्र पूर्ण करवा देंगे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री खट्टर ने कुंडली बॉर्डर के बाधित होने के कारण चिन्हित वैकल्पिक मार्गों के संदर्भ में उपायुक्त ललित सिवाच से विशेष रूप से चर्चा की। चिन्हित मार्गों में सेरसा खटकड़ से भैराबांकीपुर वाया मनोली (8.03 किलोमीटर), जीटी रोड (एनएच-44) से जांटीकलां अप टू जांटी खुर्द (5.50 किलोमीटर), जीटी रोड से नाथूपुर सबोली (4.60 किलोमीटर), जीटी रोड सेवली जाखोली पबसेरा मनोली अटेरना नांगल कलां प्याऊ मनियारी अप टू नरेला बॉर्डर (19.64 किलोमीटर), लामपुर बॉर्डर (नाहरा-नाहरी रोड 12.69 किलोमीटर), राई नाहरा बहादुरगढ़ रोड (एमडीआर-138)(बीसवामील जठेड़ी अप टू नाहरा) (11.75 किलोमीटर), सोनीपत राठधना अकबरपुर बारोटा अप टू सफियाबाद (दिल्ली बॉर्डर) (12.00 किलोमीटर) और राठधना से बहालगढ़ रोड (2.35 किलोमीटर) शामिल हैं। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि इन मार्गों को अपग्रेड भी किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## 72 हजार रुपये का बिजली बिल देखकर परिवार परेशान



मकान का बिजली बिल दिखाता परिवार का सदस्य।

**सोनीपत।** सोनीपत में एक परिवार केवल 50 गज के घर में रहता है। उसके घर में तीन एलईडी बल्ब और एक पंखा है, लेकिन उसके घर बिजली निगम ने 72 हजार रुपये का बिल भेज दिया है, जिसे परिवार बेहद मायूस और परेशान है। परिवार कहता है कि हम गरीब हैं और अब यह इतना बिल कैसे भर पाएंगे। बिल ठीक कराने को लेकर बिजली निगम को भी शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जीवन नगर निवासी अनिल कुमार सोनी ने बताया वे बिल ठीक करवाने के लिए कई बार बिजली कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं। सोनीपत शहर के जीवन विहार में आप देख सकते हैं कि यह मकान केवल 50 गज में बना हुआ है। इस घर का बिजली रीडिंग मीटर घर से बाहर खंबे पर लगा हुआ है। घर में एक पंखा है, एलईडी बल्ब है। बिजली निगम ने इनको 72 हजार रुपये का बिल बनाकर भेज दिया है। अब यह परिवार बेहद मायूस वह दुखी है कि आखिर अब इस बिल को कैसे भरा जाएगा। बिल को ठीक करवाने के लिए कई बार बिजली निगम एसडीओ कार्यालय में चक्कर लगाए गए, लेकिन इस टेबल से उस टेबल पर घूमते रहे। परिवार से लिख कर भी लिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## रेडक्रॉस ने दुर्गा नवमी पर लगाया रक्तदान शिविर

**भिवानी।** रेडक्रॉस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं देवसर धाम ट्रस्ट के सहयोग से दुर्गा नवमी के अवसर पर देवसर धाम मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 23 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पारुल लता व देवसर धाम ट्रस्ट के प्रधान रमेश तंवर ने किया। देवसर धाम के प्रधान तंवर ने कहा कि मां देवी के अश्विन व चेत्र नवरात्रों में हर वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें युवा रक्तदान के लिए बढ़-चढ़ कर भाग लेते है। उन्होंने कहा कि हर युवा को नशे से दूर रहकर धार्मिक कार्यों में अपनी रुचि रखनी चाहिए, जिससे एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके। डीआईपीआरओ पारुल लता ने कहा कि हर उस युवा को अवश्य रक्तदान करना चाहिए जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुका है। दूसरों की मदद के लिए सदैव सेवा करने का भाव रखना चाहिए। रेडक्रॉस भिवानी द्वारा मेले में फर्स्ट एड पोस्ट भी लगाई गई है ताकि किसी भी घायल व्यक्ति की समय रहते मदद की जा सके जो कि एक मानव सेवा का कार्य हैं।

## विश्व विद्यार्थी दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरुक



डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर नमन करते बच्चे।

**कुरुक्षेत्र।** मोहन नगर स्थित नवयुग सीनियर सेकेंडरी में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में विश्व विद्यार्थी दिवस विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया गया। प्रधानाचार्य बीडी गाबा द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर फूलमाला अर्पित की गई और बच्चों ने फूल चढ़ा कर नमन किया। यह कार्यक्रम हरियाणा शिक्षा विभाग एवं हरियाणा कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में करवाया गया। विद्यालय में एक सुसज्जित दीवार पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई ड्राइंग, पेंटिंग, पोस्टर आदि को लगाया। इनके माध्यम से बच्चों ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को याद किया और छात्र दिवस के महत्व को समझाने का प्रयास किया। इस अवसर पर कक्षा नौवीं से बारहवीं की निबंध प्रतियोगिता करवाई गईं। जिसमें लगभग सत्तर बच्चों ने भाग लिया। निबन्ध के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न कानूनी अधिकारों के बारे में अपनी जागरूकता को लिखकर प्रकट किया। विद्यालय की अध्यापिका मधु शर्मा ने प्रार्थना सभा में बच्चों को छात्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## जागरण में महामाई का किया गुणगान



जागरण में भेंटों की प्रस्तुति देती इंटरनेशनल टीवी आर्टिस्ट तृप्ति शाक्या।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप मां भद्रकाली मंदिर में गत रात्रि मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जागरण में 52 शक्तिपीठों की प्रतीक स्वरूप 52 महाज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस महाज्योति का 52 सौभाग्यशाली परिवारों ने पूजन किया। मुख्य यजमान के रूप में सांसद नायब सैनी व विधायक सुभाष सुधा ने ज्योति प्रज्वलित की तथा मां भद्रकाली का भाव भक्ति से पूजना-अर्चना की। इस अवसर पर मां भद्रकाली के जागरण में मंदिर के पीठाधीश सतपाल शर्मा तथा अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संकल्प करवाया। सभी के जीवन की मंगल सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर इंटरनेशनल टीवी आर्टिस्ट एवं प्लेबैक सिंगर तृप्ति शाक्या ने मां भद्रकालीजी की आरती की। इस अवसर पर अनेक अति गणमान्य व्यक्तियों ने जागरण में अपनी हाजिरी भरी। इस अवसर पर सजा मां का भव्य दरबार का नजारा देखते ही बनता था। जागरण समापन पर आरती नरेश-मुकेश रोहिला ने की। इस अवसर पर आईएएस धीरेंद्र खड़गटा विशेष तौर पर मौजूद रहे। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व अध्यक्ष नरेंद्र वालिया ने गायकों को सम्मानित किया। अर्जुन एंड पार्टी के कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं।

# रोडवेज कर्मियों ने दिया सांकेतिक धरना

**थानेसर।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर राज्य भर में सांकेतिक धरने दिए गए। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र डिपो में भी विपिन कुमार डिपो प्रधान की अध्यक्षता में सांकेतिक धरना दिया गया। धरने का संचालन राकेश कुमार डिपो सचिव व जय कुमार डिपो सह सचिव ने संयुक्त रूप से किया।

धरने में विशेष रूप से शामिल होते हुए ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व राजकुमार रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य कमेटी सदस्य ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार रोडवेज के बेड़े को तहस नहस कर अपने चहेतों को प्राइवेट प्रमिट देकर लाभ पहुंचाना चाहती है। इससे आम जन को मिलने वाली सुविधाएं समाप्त हो जाएंगी। इसका सीधा असर हमारे बच्चे बच्ची जो गांवों से शहरों में पढ़ने आते हैं। प्राईवेट बसों में महंगा सफर होने से उनको पढ़ाई करना भी दुर्भर हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि विभाग में किलोमीटर स्कीम व स्टेज कैरिज स्कीम 2016 रद् की जाए। प्रदेश की आबादी अनुसार विभाग में 14 हजार सरकारी बसें शामिल की जाए। निजीकरण, ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

# मां की पूजा से मिलता है यश, धन और बल: शास्त्री

**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष वेदाचार्य अनिल शास्त्री कथावाचक ने बताया कि नवरात्रि उत्सव के गुरुवार को आज पूर्ण दिवस है।

यह उत्सव प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नवमी पर्यंत प्रतिवर्ष साल में 4 बार मनाया जाता है अर्थात एक साल में चार नवरात्र होते हैं। वीरवार को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। मां की पूजा करने से व्यक्ति को यश, धन और बल वैभव की प्राप्ति होती है। साथ ही साथ माता सिद्धिदात्री की आराधना करने से अष्ट सिद्धियां की प्राप्ति होती है।

# बुराइयों का अंत करने का संदेश देता है दशहरा: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दशहरा पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गुरुवार को जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

यह त्योहार हमें सभी बुराइयों का अंत करने और जीवन में सद्गुण एवं सदाचार को ग्रहण करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी इस पर्व को कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार हर प्रदेशवासी के जीवन में शांति, खुशहाली और समृद्धि लेकर आए।

## सीएम और डिप्टी सीएम ने दी दशहरे की शुभकामनाएं

इसी दौरान हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दशहरा (विजयादशमी) पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है। डिप्टी सीएम ने कहा कि दशहरा पर्व हमें सिखाता है कि सत्य एवं सदाचार के मार्ग पर चलकर बुराई को पराजित किया जा सकता है, अंत में जीत सत्य की ही होती है।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात् करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने प्रदेशवासियों से यह भी अनुरोध किया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए हैल्थ प्रोटोकॉल की पालना करते हुए दशहरे का त्यौहार मनाएं।

# कुंजपुरा मंडी सचिव-सुपरवाइजर सहित तीन किए सस्पेंड, कई मंडियां निशाने पर

## घीड़ के बाद करनाल-निसिंग के राइस मिल में कभी भी हो सकती है चैकिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**कुंजपुरा** के अंतर्गत आने वाली घीड़ में करीब 24 हजार क्विंटल का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर विनय सिंह ने कुंजपुरा मंडी सचिव, घीड़ मंडी सुपरवाइजर धीरज कुमार, आक्शन रिकार्डर धर्मवीर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया हैं।

बोर्ड सीए की करनाल में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है, इससे पहले ही करनाल, तरावड़ी, इंद्री के सचिवों को सस्पेंड किया जा चुका है। यही नहीं भ्रष्टाचार के बड़े मामले सामने आने के बाद करनाल जिले की कई मंडियां अब रडार पर आ चुकी हैं, जिनकी पुख्ता रिपोर्ट मिल चुकी हैं, जल्द ही कई मंडियों में कार्यरत अधिकारियों पर गाज गिर सकती हैं। हालांकि इस बारे में अभी विभाग के अधिकारी ने पूरी




कुंजपुरा मंडी का मैनगेट।

जानकारी देने से मना कर दिया, लेकिन इतना तय है कि कार्यवाही जल्द ही होने की संभावना हैं।

वहीं घीड़ मंडी में धान खरीद में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सरकार ने करनाल ओर निसिंग के कई राइस मिलर्स निशाने पर आ चुके हैं, क्योंकि जिला नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारी को कई शिकायतें मिली हैं। जिसके बाद कभी भी इन राइस मिलर्स पर चैकिंग की जा चुकी हैं। क्या मंडियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला, जो अधिकारी सख्त कार्यवाही पर भी नहीं मानते

सवाल है कि क्या मंडियों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार का खेल चलता हैं, करोड़ों रुपये का लेन-देन होता हैं। इसकी पुष्टि इसी बात से हो रही है कि करनाल की मंडियों में कार्यरत चार सचिवों को संस्पेंड किया जा चुका हैं, बावजूद मंडियों में खेल बदस्तूर जारी है। हालांकि सरकार इस खेल को रोकने के लिए पूरी सर्तकता से काम कर रही हैं, फिर भी बड़े पैमाने पर क्यों भ्रष्टाचार का खेल नहीं रुक रहा?

### दोषियों को नहीं बख्शेंगे

**हरियाणा** राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर विनय सिंह ने बताया कि घीड़ मंडी में भ्रष्टाचार को देखते हुए कुंजपुरा मंडी सचिव अनिल कुमार, घीड़ मंडी सुपरवाइजर धीरज कुमार, आक्शन रिकार्डर धर्मवीर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। करनाल की कई मंडियों की रिपोर्ट उनके संज्ञान में है, जल्द ही उन पर कार्यवाही होगी। इन मंडियों के बारे में फिलहाल कुछ नहीं बता सकते। मंडियों में भ्रष्टाचार अब नहीं चलेगा, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिके, सीधा लाभ किसानों को। इसके लिए गंभीरता के साथ हर मंडी पर पूरी नजर हैं।

### कई राइस मिलर्स की मिली शिकायतें : डीएफएससी

**डीएफएससी** अशोक रावत ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही जारी है, करनाल व निसिंग के कई राइस मिलर्स की शिकायतें मिली हैं, मामला हेड क्वार्टर के संज्ञान में हैं। किसी भी वक्त इन मिलों में चैकिंग होगी। हर पहलू को खंगाला जा रहा हैं, काफी कुछ सबूत मिले हैं। जिनके आधार पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# न्यूनतम समर्थन तो था नहीं, अब खाद का भी संकट: पूर्व मंत्री

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से परेशान किसानों के लिए खाद का संकट कोढ़ में खाज बन रहा है। अपराध में भी जिले लगातार तरक्की कर रहा है। आए दिन सरेआम बदमाश लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। लगातार बढ़ती जा रही अपराधिक घटनाओं से सरकार व प्रशासन की कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है।

आज जारी एक बयान में कप्तान अजय सिंह यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीतसिंह ने रविवार को मानेसर में कहा था कि सोमवार से किसानों को बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा, लेकिन उनका कथन मिथ्या साबित हुआ है। स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राव इंद्रजीत सिंह किसानों को को बरगलाने में लगे हुए हैं। जब सरकार को यह पता कि किसानों को खाद की जरूरत पड़ेगी तो उसे फिर पहले से इंतजाम करना चाहिए था। किसान बाजरे का न्यूतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से वैसे ही परेशान है और अब अगली फसल के लिए खाद भी नहीं मिल रहा है।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

### सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **श्रीमति कृष्णा देवी,** सुनील कुमार खाता सं. LNSIR03718-190096839 LNSIR01018-190104480 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 759321.6/- व ₹ 728184.67/- 8 अक्टूबर 21 | हाउसिंग बियरिंग प्रोपर्टी टैक्स आईडी नं. एसआरएस/बी20/4911, गली नं. 3, प्रीत सागर, बेरू रोड, पेट्रोल पम्प के पास, सिरसा हरियाणा. **क्षेत्रफल 99 वर्ग गज** |
| **राजपाल वर्मा,** श्रीमति सुनीता वर्मा खाता सं. LNKNL00318-190096448 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 1482008/- 8 अक्टूबर 21 | प्रोपर्टी हाउसिंग नं. 470/12, (एचटीएमसीडब्ल्यू-3100159), स्थित मोहल्ला डेरां खेड़ा, धोबी मोहल्ला, थानेसर, कुरूक्षेत्र, हरियाणा. **क्षेत्रफल 66.83 वर्ग गज** |
| **परगट सिंह,** श्रीमति मनप्रीत कौर खाता सं. LNSIR02918-190097547 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 873967/- 8 अक्टूबर 21 | प्लॉट सम्मिलित खेवट नं. 1316, ग्राम जीवन नगर, पट्टी संत नगर, सिरसा, हरियाणा. **क्षेत्रफल 117 वर्ग गज** |
| **राम निवास,** श्रीमति अन्जू जमानतदार : प्रदीप कुमार खाता सं. LNPPT00619-200107761 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 715937/- 8 अक्टूबर 21 | सम्पत्ति सम्मिलित खेवट नं. 103/10, खेवट नं. 103/9, स्थित ग्राम. खण्डराई, किला नं. 83/7/2, खण्डराई किला नं. 83/2/2/2, तहसील गोहाना, सोनीपत, हरियाणा. **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** |
| **सोनू वी कुमार,** श्रीमति नीलम देवी दिनेश कुमार खाता सं. LNPPT03520-210146114 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 1383391/- 8 अक्टूबर 21 | सम्पत्ति क्षेत्रफल 2 मारला 1 सरसई, 63 वर्ग गज, बिइंग 67/648 भाग 1 कनाल में से 0 मारला सम्मिलित खेवट नं. 525 मिन. खतोनी नं. 708 मिन, खसरा नं. 577(1-0), वसिका नं. 68, म्यूटेशन नं. 5408-दिनांक 30/05/2020, ग्राम अहार, तह. ईसराना, जिला पानीपत, हरियाणा. **क्षेत्रफल 63 वर्ग गज** व सम्पत्ति क्षेत्रफल 2 मारला 2 सरसई, 67 वर्ग गज, बिइंग 71/648 भाग 1 कनाल में से, सम्मिलित खेवट नं. 525 मिन. खतोनी नं. 708, खसरा नं. 577(1-0), वसिका नं. 69, म्यूटेशन नं. 5407-दिनांक 30/05/2020, ग्राम अहार, तह. ईसराना, जिला पानीपत, हरियाणा. **क्षेत्रफल 67 वर्ग गज** |
| **श्रीमति चरणजीत कौर,** रन्जीत सिंह, अमरजीत सिंह, कवलजीत सिंह खाता सं. LNKNL00620-210146458 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 864568/- 8 अक्टूबर 21 | सम्पति लैण्ड/प्लॉट सम्मिलित खेवट नं. 3536, खतोनी नं. 4960, खसरा नं. 1327/(0-6), रकबा 6 मारला आईटीएस (1/2 शेयर) अर्थात 3 मारला, स्थित ग्राम आसंध, करनाल, क्षेत्रफल 3 मार्ले लगभग, हरियाणा. **क्षेत्रफल 816.752 वर्ग फीट** |
| **राम नाथ कुमार,** श्रीमति सीता देवी खाता सं. LNBHI01217-180050904 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 1102417/- 8 अक्टूबर 21 | खेवट नं. 242/263, मुस्तसिल नं. 12 किला नं. 9/2/1(0-12), 10/3(0-13), 11/2(7-12) बिनोला, तहसील-मानेसर, हरियाणा. **क्षेत्रफल 30 वर्ग गज** |
| **दाना राम,** श्रीमति सुखवीर कौर जमानतदार : कश्मीरी लाल खाता सं. LNSNG00619-200115653 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 658697/- 8 अक्टूबर 21 | आवासीय सम्पत्ति स्थित शिव नगर, रकबा 0, कनाल 5 मारले, बिइंग 5/118 शेयर ऑफ 5 कनल 18 मारलास, पुराना खेवट नं. 1221, न्यू खेवट नं. 1730, पुराना खतोनी नं. 2212, न्यू खतोनी नं. 2539, वार्ड नं. 19, नई डाबवाली तह. डाबवाली, सिरसा, हरियाणा. **क्षेत्रफल 1360.8 वर्ग फीट** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 15.10.2021    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# जंगलों को बचाने के लिए आदिवासियों ने की 300 किलोमीटर की पदयात्रा

एजेंसी। रायपुर

### हसदेव बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य आलोक शुक्ला ने किया नेतृत्व किया

**छत्तीसगढ़** के उत्तर क्षेत्र में मौजूद जंगलों को बचाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण 10 दिनों में तीन सौ किलोमीटर की पैदल यात्रा करके गुरुवार को रायपुर पहुंचे। ग्रामीणों ने हसदेव अरण्य क्षेत्र की कोयला खनन परियोजनाओं को निरस्त करने की मांग की है।

हसदेव बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य आलोक शुक्ला ने गुरुवार को यहां बताया कि हसदेव अरण्य क्षेत्र को बचाने और ग्राम सभाओं के अधिकारों के हनन के खिलाफ न्याय की गुहार लगाने के लिए लगभग 350 की संख्या में ग्रामीण तीन सौ किलोमीटर की पदयात्रा करके रायपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं।

शुक्ला ने बताया कि पिछले एक दशक से हसदेव अरण्य को बचाने के लिए वहां निवासरत गोंड, उरांव, पंडो और कंवर आदिवासी समुदाय संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि यहां के ग्राम सभाओं ने क्षेत्र में कोयला खनन परियोजनाओं का विरोध किया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, क्षेत्र में खनन परियोजनाओं के आवंटन और स्वीकृति प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों को उजागर करते हुए आदिवासियों और ग्रामीणों ने हजारों पत्र लिखे तथा जिम्मेदार लोगों से मिलने का लगातार प्रयास किया। आदिवासी यहां लगातार अपने जल-जंगल-ज़मीन तथा उसपर निर्भर जीवन-यापन, आजीविका और संस्कृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं लेकिन जन विरोध के बावजूद क्षेत्र में खनन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में, अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने तथा हसदेव-अरण्य क्षेत्र को बचाने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीणों ने दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन सरगुजा जिले के फतेपुर गांव से पदयात्रा की शुरूआत की थी जो 10 दिन बाद आज रायपुर पहुंची।

शुक्ला ने बताया कि राजधानी में पदयात्रा के पहुंचने के बाद राज्य भर से आए कई अन्य समाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रदयात्रियों से मिलकर आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को हसदेव अरण्य से आए ग्रामवासी रायपुर के बूढ़ा-तालाब के करीब धरना प्रदर्शन और सम्मेलन आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल अनुसूइया ऊईके ने पदयात्रियों के एक दल से संवाद का समय दिया है। शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा और कोरबा जिले में स्थित हसदेव अरण्य वन क्षेत्र मध्य भारत के सबसे समृद्ध, जैव विविधता से परिपूर्ण वन-क्षेत्रों में गिना जाता है। पद यात्रा के रायपुर पहुंचने के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और अंबिकापुर क्षेत्र के विधायक टी एस सिंहदेव ने पदयात्रियों से मुलकात की और उनकी मांगों का समर्थन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, देश में ऐसा कोई कानून नहीं है जो सरकार को ग्रामीणों से जमीन लेने की इजाजत देता है, अगर वे देना नहीं चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर कोल बेयरिंग एक्ट या किसी अन्य कानून के माध्यम से, आप कोयला खनन में लगे लोगों को अनैतिक लाभ पहुंचाना चाहते हैं, तो यह गलत है। सिंह देव ने कहा, इसे प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग (वैश्चिक तापमान बढ़ना) और प्रदूषण वैश्विक स्तर पर ऐसे स्तर पर पहुंच रहा है कि आप उस स्तर से वापस नहीं आ पाएंगे। ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए मंत्री ने कहा कि जब भी सरकार के स्तर पर बातचीत होगी, वह उनके रुख का समर्थन करेंगे। छत्तीसगढ़ के फेफड़े के रूप में जाने जाने वाला हसदेव अरण्य वन मध्य भारत के सबसे बड़े अक्षुण्ण घने वन क्षेत्रों में से एक हैं जो 170,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

## युवा कांग्रेस ने लखीमपुर मामले में मशाल जुलूस निकाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा इकाई ने लखीमपुर खीरी में मारे गए किसानों को न्याय दिलाने और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी की मांग करते हुए बुधवार को मशाल आक्रोश जुलूस निकाला।

भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. की अगुवाई में यह जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर श्रीनिवास ने कहा, लखीमपुर खीरी कांड में भाजपा सरकार का रवैया शुरू से संदेहास्पद रहा है। आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन सच्चाई क्या है, सभी को मालूम है। सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी किसानों की न्याय की आवाज को न कुचला जा सकता है, ना ही उनका दमन किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा, गृह राज्य मंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए, क्योंकि उन्हें एक पल के लिए भी अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने के प्रयास विफल

# केंद्रीय एजेंसियों का हो रहा है दुरुपयोग : पवार

एजेंसी। मुंबई

### राकांपा प्रमुख ने कहा, महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने के लिए कई नाकाम प्रयास किए

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में विपक्ष को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) समेत केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि पिछले दो साल में राज्य की शिव-सेना नीत एमवीए सरकार को अस्थिर करने के लिए कई नाकाम प्रयास किए गए।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शिवसेना और कांग्रेस के साथ शामिल राकांपा के अध्यक्ष ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके राजनीतिक विरोधियों को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया, केंद्र सीबीआई, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, एनसीबी जैसी कुछ संस्थाओं का लगातार इस्तेमाल कर रहा है। राजनीतिक उद्देश्यों से इन सभी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़े कुछ ठिकानों पर आयकर विभाग के छापों की पृष्ठभूमि में यह बयान आया है। इसका जिक्र करते हुए शरद पवार ने कहा कि एजेंसियों के अधिकारी बुधवार को छठे दिन भी छापे की कार्रवाई कर रहे हैं। पवार ने कहा कि केवल राकांपा को ही नहीं बल्कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन के अन्य दो सहयोगी दलों को भी केंद्रीय जांच एजेंसियां निशाना बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि अजीत पवार, कांग्रेस के मंत्री अशोक चव्हाण और उनके मंत्रिमंडल सहयोगी शिवसेना के सुभाष देसाई के करीबी लोगों को भी निशाना बनाया गया। पवार ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने के नाकाम प्रयासों के बाद वे राज्य सरकार के मंत्रियों के करीबी लोगों को निशाना बना रहे हैं। यह एक रणनीति जान पड़ती है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राकांपा



नेता अनिल देशमुख के मामले का उल्लेख करते हुए राकांपा अध्यक्ष ने कहा कि मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा उनके खिलाफ आरोप लगाए जाने के बाद देशमुख को पद छोड़ना पड़ा था। देशमुख के खिलाफ अनेक आरोपों में केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं।

सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख चाहते थे कि पुलिस अधिकारी मुंबई के बार और होटलों से हर महीने 100 करोड़ रुपए की उगाही करें। अपने नेता के बचाव में आए पवार ने कहा, आरोप लगाने वाले (परमबीर सिंह) का अता-पता नहीं है। ऐसा कभी नहीं होता कि कोई जिम्मेदार अधिकारी किसी जिम्मेदार मंत्री के खिलाफ आरोप लगाए। लेकिन अनिल देशमुख ने इस्तीफा दे दिया और उनके खिलाफ अनेक आरोप हैं। और वह (सिंह) लापता हो गए। यह अंतर है।

परमबीर सिंह पर जबरन वसूली के अनेक मामले दर्ज किए गए हैं। उन पर अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला चल रहा है जो एक पुलिस निरीक्षक की शिकायत पर इस साल अप्रैल में दर्ज हुआ था। पवार ने पूछा, उनके (देशमुख के) घर पर पांचवीं बार छापा मारा गया। मुझे समझ नहीं आता कि एजेंसियों को पांचवीं बार वहां जाकर क्या मिल गया। लेकिन उन्होंने रिकॉर्ड बना लिया है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के बचाव में पार्टी के नेता सबसे आगे रहते हैं। राकांपा अध्यक्ष ने कहा कि 54 साल के उनके सार्वजनिक जीवन में उन्होंने करीब 26 साल तक प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाली हैं और जब वह विपक्ष में थे या सरकार में थे तो प्रशासन से उनके अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा, हमने कभी सत्ता का अहंकार नहीं दिखाया। हाल में कुछ नामचीन लोगों पर छापे मारने समेत अनेक जगह ऐसी कार्रवाई करने वाली एनसीबी पर निशाना साधते हुए पवार ने कहा कि मुंबई पुलिस के नारकोटिक्स (मादक पदार्थ) रोधी प्रकोष्ठ ने एनसीबी से बेहतर काम किया है।

उन्होंने कहा, राज्य की एजेंसी ईमानदारी से अपना काम करती है, लेकिन ऐसा लगता है कि केंद्रीय एजेंसी केवल केंद्र को अपना रिकॉर्ड देने के लिए काम करती है। एनसीबी के मुंबई क्षेत्र के निदेशक समीर वानखेड़े ने हाल में मुंबई के समुद्र तट के पास एक क्रूज जहाज पर मादक पदार्थों की पार्टी पर छापा मारा था जिसके बाद अभिनेता शाहरुख खान के बेटे की गिरफ्तारी हुई। वानखेड़े ने पिछले साल अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थों के एक मामले की जांच की थी और कई अन्य मशहूर लोगों से जुड़े मामलों में भी जांच की। शरद पवार ने कहा कि उन्हें हवाई अड्डे पर वानखेड़े के कार्यकाल में अन्य घटनाओं के बारे में भी पता चला है। हालांकि राकांपा अध्यक्ष ने विस्तार से कुछ नहीं बताया और कहा कि उन्हें इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी वानखेड़े पिछले कार्यकाल में मुंबई हवाई अड्डे पर कार्यरत थे।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में पिछले दिनों किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान चार किसानों की हत्या की घटना के संदर्भ में पवार ने कहा, पहले दिन से सत्तारूढ़ पार्टी (भाजपा) ने यही रुख अपनाया कि इसमें कोई सचाई नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपराध के खिलाफ कार्रवाई करने की अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते।

# मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पदों को लिया गंभीरता से

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने बुधवार को कहा कि सरकार ने सार्वजनिक मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में रिक्त पदों के मुद्दे को गंभीरता से लिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्य सचिवों की होने वाली बैठक के दौरान इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

एनएमसी के चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड ने सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों के संबंधित प्रभारी को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने पाया है कि उनके कई विभाग कई वर्षों से खाली हैं। एनएमसी के सदस्य प्रोफेसर जी सूर्यनारायण राजू ने 11 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा, कॉलेज/ संस्थान शिक्षकों की आवश्यक योग्यता के बिना ही स्नातक, स्नातकोत्तर और सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर रहे हैं।

हमने यह भी पाया है कि डॉक्टरों के शिक्षण और प्रशिक्षण के मानक को बरकरार रखने के विभागों के पास आवश्यक और जरूरी उपकरणों की कमी है। ऐसे में एनएमसी ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों व संस्थानों के डीन/प्रधानाचार्या/निदेशक को उनके यहां कर्मचारियों के रिक्त पदों और उपकरणों की कमी के मुद्दों को 24 घंटे के अंदर उठाने का अनुरोध किया है।

## दाभोलकर कांड में सीबीआई ने 32 गवाहों की सूची सौंपी

**पुणे।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में यहां की एक विशेष अदालत में 32 गवाहों की सूची सौंपी। चूंकि मामले में आरोप पहले ही तय हो चुके हैं। कई अन्य दस्तावेज शामिल हैं जिन्हें मामले में सबूत माना जाता है। हालांकि, बचाव पक्ष ने दस्तावेजों की इस सूची को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। मामले में सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक प्रकाश सूर्यवंशी ने कहा, हमने गुरुवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष अदालत) एसआर नवंदर के समक्ष 32 गवाहों की एक सूची प्रस्तुत की और मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को तय की गई।

# अखिलेश ने फूलन की मां के पैर छुए

### यूपी के जालौन में रथ पहुंचने पर फूलन की मां से लिया आशीर्वाद

एजेंसी। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को दस्यु से राजनेता बनी दिवंगत पूर्व सांसद फूलन देवी की मां से मुलाकात करके उनका आशीर्वाद लिया। मीडिया को साझा किए गए वीडियो में दिख रहा है कि अखिलेश का रथ जब जालौन पहुंचा तो उनकी नजर फूलन देवी की मां मूला देवी पर पड़ी तो उन्होंने अपने वाहन से उतर कर उनके पैर छुए।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि फूलन की मां ने अखिलेश के कान में कुछ कहा, जिसके बाद



सपा अध्यक्ष ने उनसे आगामी विधानसभा चुनाव में कामयाबी के लिए आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि बेहमई कांड से सुर्खियों में आई फूलन देवी पर दर्ज मुकदमों को तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने वापस ले लिया था। उसके बाद मुख्यधारा में लौटने पर फूलन देवी 1996 में मिर्जापुर सीट से सपा के टिकट पर सांसद बनी थीं। उसके बाद 1999 में वह दोबारा चुनी गई थीं।

वर्ष 2001 में फूलन देवी की दिल्ली स्थित उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फूलन देवी मिर्जापुर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई अन्य हिस्सों में रहने वाले सर्वाधिक पिछड़ी जाति के लोगों में खासी लोकप्रिय थीं। फूलन देवी का जन्म वर्ष 1963 में जालौन जिले के घूरा का पुरवा गांव में एक निषाद परिवार में हुआ था।

सपा के पिछड़ा वर्ग इकाई ने हाल ही में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की थी, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। पार्टी के इस कदम को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से ऐन पहले निषाद पार्टी द्वारा खुद को सपा के साथ गठबंधन से अलग कर लेने के बाद निषाद समुदाय को जोड़ने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

# असुद्दीन ओवैसी ने सावरकर की सराहना करने पर भाजपा-आरएसएस की आलोचना की

### सांसद ने कहा सावरकर फासीवाद और नाजीवाद को अपनाया करते थे

### पूछा, सावरकर की तस्वीर संसद में लगाकर आप क्या चाहते हैं बताना

एजेंसी। हैदराबाद

**वीर** सावरकर की सराहना करने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को दावा किया कि संसद में सावरकर की तस्वीर लगा कर वे यह संदेश दे रहे हैं कि राष्ट्रपिता के तौर पर महात्मा की



गांधी की जगह सावरकर लेने जा रहे हैं। ओवैसी ने यहां मीडिया कर्मियों से कहा, एक सांसद होने के नाते मुझे यह चीज सबसे अधिक चुभती है कि संसद के सेंट्रल हॉल में महात्मा गांधी की तस्वीर के साथ-साथ सावरकर की भी तस्वीर है, जिनका जिक्र न्यायमूर्ति जीवन लाल कपूर आयोग ने (अपनी रिपोर्ट में) किया था।

ओवैसी ने कहा, सावरकर को महात्मा गांधी की हत्या के मुकदमे की सुनवाई के दौरान शुरूआती साक्ष्य को प्रमाणित करने वाले सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया था। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा, लेकिन सावरकर की तस्वीर लगा कर आप क्या बताना चाहते हैं? आरएसएस और भाजपा ने देश को यह संदेश दिया है कि जल्द ही एक ऐसा क्षण आने वाला है जब बापू राष्ट्रपिता नहीं रहने वाले हैं, बल्कि सावरकर उनकी जगह ले लेंगे। ओवैसी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की उस कथित टिप्पणी के बारे में सवाल किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सावरकर मुस्लिमों के दुश्मन नहीं थे और उन्होंने उर्दू में गजल लिखी थीं। ओवैसी ने दावा किया कि यह एक लिखित तथ्य है कि सावरकर उर्दू के खिलाफ थे। उन्होंने कहा , सावरकर फासीवाद और नाजीवाद को अपनाया करते थे। ओवैसी ने आरोप लगाया कि आरएसएस नेताओं को लगता है कि यदि वे सारे तथ्यों को ढक देंगे और झूठ बोलेंगे तो देश (सावरकर को) स्वीकार करना शुरू कर देगा।

उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या भागवत न्यायमूर्ति कपूर आयोग की रिपोर्ट में मौजूद निष्कर्षों से इनकार करेंगे कि सावरकर, महात्मा गांधी की हत्या की साजिश का हिस्सा थे। ओवैसी ने दावा कि कि सावरकर कहा करते थे कि सिर्फ हिंदू ही देश के नागरिक हैं। उन्होंने देश में कथित कोयला संकट को लेकर भी केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर प्रहार किया।

# आवाज दबाने को हो रहा यूएपीए का इस्तेमाल:जयंत

### मोदीजी के सत्ता में आने के बाद यूएपीए में 8,300 मामले हुए दर्ज

**हाथरस/बुलंदशहर।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बुधवार को कहा कि सरकार के विरोध में बोलने वालों की आवाज को दबाने के लिए केंद्र सरकार गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई कर रही है। चौधरी ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने पर भी केंद्र की आलोचना की।

टेनी के बेटे को लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। आरएलडी नेता ने बुधवार को हाथरस और बुलंदशहर में आयोजित जनसभाओं के दौरान भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारों पर हमला बोला। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चौधरी ने अपनी आशीर्वाद पथ यात्रा के दौरान जनसभाएं की। आरएलडी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उन्होंने जनसभा में कहा, प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को गिरफ्तार करना चाहिए था, लेकिन वह गिरफ्तार नहीं किए गए और इसकी बजाय उन्हें दिल्ली बुलाया गया और केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) ने उन्हें अपने बगल में बिठाया। इसके बाद उन्होंने उन्हें आशीर्वाद देकर वापस भेज दिया ताकि वह किसानों को कुचलने और विरोध में उठने वाले स्वर को दबाने का अपना काम कर सकें। चौधरी ने कहा, एक कानून है यूएपीए, जिसका इस्तेमाल आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए किया जाता है। आज उसी कानून के इस्तेमाल से सरकार अपने विरोध में उठने वाले स्वरों को दबा रही है। जब से मोदीजी सत्ता में आए हैं, यूएपीए के तहत 8,300 मामले दर्ज किए गए हैं। यह कानून उनके खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है जो सरकार के विरोध में बोलते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मादक पदार्थ के बारे में सूचना दें और पाएं नकद इनाम

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने मादक पदार्थ के खतरे को काबू करने के मकसद से बुधवार को नकद इनाम देने की योजना की शुरुआत की। इसके तहत मादक पदार्थ की सूचना देने वाले को जब्त खेप की कीमत की 20 फीसदी तक की राशि नकद पुरस्कार के रूप में दी जाएगी, चाहे सूचना देने वाला सरकारी अधिकारी हो या कोई अन्य व्यक्ति। लंबी तटीय रेखा के चलते गुजरात में पाकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान से मादक पदार्थों की खेप तस्करी कर लाए जाने के मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। पिछले महीने कच्छ जिले की मुंद्रा बदरगाह पर 21,000 करोड़ रुपये कीमत की 2,988.21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने संवाददाताओं से कहा कि युवाओं को नशे की चपेट में जाने से बचाने के लिए इस योजना पर काफी समय से विचार-विमर्श जारी था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बुधवार को इसे लागू करने का फैसला लिया।

### राजस्थान में 39 आईएएस और 18 आईपीएस के तबादले

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने अपने प्रशासनिक अमले में बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 39 अधिकारियों और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 18 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें हाल ही में विवादों में रहे कुछ अधिकारी भी शामिल हैं। राज्य के कार्मिक विभाग ने देर रात दो आदेश जारी किए। इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा के 39 व भारतीय पुलिस सेवा के 18 अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है उनमें श्रम, रोजगार व कौशल सचिव नीरज के पवन, राजस्थान कौशल व आजीविका विकास निगम के प्रबंध निदेशक प्रदीप गावंडे तथा माध्यमिक शिक्षा निदेशक सौरभ स्वामी का भी नाम है। पवन तथा गावंडे हाल ही में अपने विभाग में रिश्वतखोरी कांड में विवाद में घिरे थे। वहीं आईपीएस अधिकारियों में जयपुर के रेंज के पुलिस महानिदेशक हवासिंह घुमारिया को हटाकर उनकी जगह संजय कुमार श्रोत्रिय को लाया गया है। कुल मिलाकर दो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तीन पुलिस महानिरीक्षक, आठ उप महानिरीक्षक और 26 पुलिस अधीक्षक के तबादले किए गए हैं।

### अटैम्प्ट टू रैप के आरोपी पूर्व विधायक को जमानत नहीं मिली

**मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)।** मुजफ्फरनगर में एक विशेष अदालत ने एक महिला से बलात्कार करने की कोशिश के आरोपी एवं पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की अंतरिम जमानत याचिका खारिज दी। उनसे अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा है। अदालत में पेश नहीं होने के कारण राणा के खिलाफ पहले ही एक गैर जमानती वारंट जारी किया जा चुका है। विशेष न्यायाधीश गोपाल उपाध्याय ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए राणा से अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर राणा के खिलाफ 2001 में मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने सिविल लाइन्स पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया था कि राणा ने नौकरी दिलाने के बहाने उसे मुजफ्फरनगर बुलाया और एक अन्य व्यक्ति सरताज के साथ मिलकर उसका बलात्कार करने की कोशिश की।

### कांग्रेस शासनकाल में हुई सभी भर्तियों की जांच हो: भाजपा

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की मौजूदा कांग्रेस सरकार के शासनकाल में हुई सभी भर्तियों की जांच करवाने की मांग की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राजस्थान में जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार आई है तब से लेकर अब तक जितनी भी भर्तियां हुई है, वह सभी अब संदेह के घेरे में आती दिखाई दे रही हैं। शर्मा के अनुसार, हाल ही में हुई राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) में कथित गड़बड़ियों की जांच विशेष कार्यबल एसओजी द्वारा की जा रही है। शर्मा के अनुसार, इस जांच के बाद अब एक-एक कर पर्तें खुलती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि राजस्थान में कांग्रेस के शासनकाल के दौरान जो भर्तियां हुई है उन सारी भर्तियों की जांच हो। इसके साथ ही भाजपा चाहती है कि मुख्यमंत्री लाखों युवाओं से माफी मांगें और शिक्षा मंत्री अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए तत्काल इस्तीफा दें। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने 26 सितंबर को आयोजित रीट परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों और अनियमितताओं में शामिल एक आरएएस और दो आरपीएस अधिकारियों, शिक्षा विभाग के 14 कर्मियों और तीन अन्य पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है। इस परीक्षा के पेपर लीक होने के मामले में गिरफ्तारियां भी हुई हैं।

### बंगाल की खाड़ी में कम दबाव क्षेत्र से ओडिशा में होगी बारिश

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य हिस्से और आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती हवाओं के प्रभाव से कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, जिससे ओडिशा में अगले 24 घंटे के दौरान हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को बताया कि कम दबाव के क्षेत्र की वजह से अगले तीन दिनों में ज्यादातर जगहों पर हल्की बारिश होगी। कुछ स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। उसने बताया कि इस दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश का अनुमान है। भुवनेश्वर के मौसम केंद्र ने ट्विटर पर बताया कि कल की चक्रवाती हवाओं के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य हिस्से और आसपास के क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है।

### जनता को महंगाई से राहत को प्रभावी कदम उठाए सरकार

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से बृहस्पतिवार को मांग की कि वे जनता को बढ़ती मंहगाई से राहत देने के लिए तुरंत सख्त एवं प्रभावी कदम उठाएं। मायावती ने ट्वीट किया, देश में एक तरफ पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस आदि की बढ़ती कीमतों तथा दूसरी तरफ, रोजर्मा की वस्तुओं के बढ़ते दाम से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। बसपा की मांग है कि केंद्र सरकार एवं सभी राज्य सरकारें जनता को राहत देने के लिए तुरंत सख्त एवं प्रभावी कदम उठाएं।

### आरोपों की जांच के लिए पीसीआई का दल श्रीनगर पहुंचा

**श्रीनगर।** भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) की एक तथ्य खोजी समिति बुधवार को यहां तीन दिवसीय दौरे पर पहुंची। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि समिति कश्मीर के मीडिया वर्ग के लोगों से मुलाकात करेगी। समिति में दैनिक भास्कर के संयोजक और समूह संपादक प्रकाश दुबे, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस के गुरबीर सिंह और जन मोर्चा के संपादक सुमन गुप्ता शामिल हैं। पीसीआई ने जम्मू कश्मीर में पत्रकारों को परेशान किए जाने के आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन किया है।

### केजरीवाल ने बैजल को छठ पूजा के लिए पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर उनसे छठ पूजा समारोह की अनुमति देने का अनुरोध किया। कहा कि दिल्ली में कोविड-19 से उत्पन्न हालात नियंत्रण में है। उन्होंने बैजल से छठ समारोह की अनुमति देने के लिए जल्द से जल्द दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक बुलाने का अनुरोध किया। डीडीएमए ने 30 सितंबर को अपने आदेश में कोविड-19 से उत्पन्न खतरे के मद्देनजर नदी के किनारे, जलाशयों और मंदिरों सहित सार्वजनिक स्थानों पर छठ कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक लगा दी थी, जिसके कारण दिल्ली भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया था। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पिछले तीन महीनों से कोविड की स्थिति नियंत्रण में है और उनका मानना है कि कोविड नियमों के अनुसार छठ मनाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### मथुरा में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के आठ गिरफ्तार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में पुलिस ने दिल्ली के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चार कारें, कलपुर्जे, एक तमंचा, दो कारतूस और एक चाकू भी मिला है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बृहस्पतिवार को बताया, कोसीकलां पुलिस की टीम ने बुधवार की रात बठैन गेट क्षेत्र में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक कार को रोका। कार में सवार दो आरोपियों को उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस और एक चाकू मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया।

# पिंक वेंडिंग: सिर्फ महिलाएं के लिए होगा बाजार

## प्राधिकरण ने जगह चिन्हित करने का काम शुरू किया, एक महीने में होगी शुरुआत


सीईओ ऋतु महेश्वरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिंक मेट्रो स्टेशन और पिंक टॉयलेट्स के बाद अब नोएडा प्राधिकरण शहर में पिंक वेंडिंग जोन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके तहत शहर में अलग-अलग स्थानों पर सिर्फ महिलाओं को व्यवसाय करने की आजादी दी जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण ने जगह चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है।

एक महीने में इस प्रोजेक्ट को आरंभ कर दिया जाएगा। साथ ही नोएडा प्राधिकरण महिलाओं को सशक्त बनाने और आगे बढ़ाने के लिए जेंडर बजट का भी प्रावधान


फाइल फोटो

### ● आगे बढ़ाने के लिए जेंडर बजट का भी प्रावधान होगा: सीईओ

करेगा। इस दिशा में भी काम हो रहा है। सीईओ ऋतु माहेश्वरी की अगुवाई में नोएडा प्राधिकरण मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और उन्हें स्वावलंबी बनाने से जुड़ी योजनाओं पर काम कर रहा है।

इंदिरा गांधी कला केंद्र पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। इसमें सीईओ ने कहा था कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। हम नारी शक्ति के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। अथॉरिटी के एसीईओ प्रवीण मिश्रा ने बताया, प्राधिकरण के वित्तीय बजट में जेंडर बजट को शामिल किया जाएगा। इसमें कम से कम 50 प्रतिशत रिक्रियन कार्यों पर खर्च किया जाएगा। खेलकूद कंप्टीशन में विजेता महिला स्वास्थ्य कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में एसीईओ नेहा शर्मा, ओएसडी अवनीश त्रिपाठी और जन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ परियोजना अभियंता एससी मिश्रा मौजूद रहे। प्राधिकरण महिला सशक्तिकरण को बल देने के लिए अब उन्हें प्रमोशन भी देगा। स्वास्थ्य विभाग में सफाई आदि का काम महिलाएं कर रही है। लेकिन इनसे ऊपर के पदों पर पुरुष बैठे हैं। महिला कर्मचारियों को प्रोन्नत करते हुए ऐसे स्थानों पर सुपरवाइजर और इंस्पेक्टर के पदों पर महिलाएं भी तैनात की जाएंगी। बुधवार को तीन सुपरवाइजर और एक स्वास्थ्य निरीक्षक पद पर महिलाओं को नियुक्ति पत्र जारी किया गया।

### इन स्थानों पर तैनात होंगी महिलाएं

ओएसडी ज्योत्सना यादव के मुताबिक नारी शक्ति को सशक्त बनाते हुए 11 स्थानों पर 26 महिलाएं सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात रहेंगी। इसके तहत सेक्टर 15 लाइब्रेरी प्राधिकरण कार्यालय के कंप्यूटर सेल वित्त कार्यालय सेक्टर 21 नोएडा स्टेडियम सेक्टर 95 मानसरोवर पार्कए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यालयए सेक्टर 62 मेघदूतम पार्क तथा डी पार्क सेक्टर 93 में स्थित एक्सप्रेस व्यू पार्क और सेक्टर 91 के औषधि एवं हर्बल पार्क शामिल हैं। सीईओ ऋतु महेश्वरी ने बुधवार को इन सभी को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए। बताते चलें कि इससे पहले शहर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट और पिंक स्टेशन बनाए गए हैं।

# 'सदस्यता अभियान चलाएगी भाजपा'

**गाजियाबाद।** भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. दिवाकर मिश्रा गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठने पश्चिमी क्षेत्र की 70 विधानसभाओं में 100-100 शिक्षण संस्थानों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसी प्रकार सभी क्षेत्रों का लक्ष्य निर्धारित हैं।

भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिश्रा ने कहा, प्रकोष्ठ की सभी 6 क्षेत्रों की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं । उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 403 विधानसभा में 100-100 शिक्षण संस्थाओं को जोड़ने का कार्य 15 अक्टूबर को पूर्ण हो जाएगा। इस प्रकार शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ पूरे प्रदेश में 40 हजार 300 शिक्षण संस्थानों को जोड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्रारंभ होते ही शिक्षण संस्थान इन शिक्षण संस्थानों में सदस्यता का अभियान चलाएगा। नवंबर माह में भाजपा के संगठनात्मक 6 क्षेत्रों में 12 सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

# विस्फोटक लगाने को बेसमेंट से टॉप मंजिल तक लिया जायजा

**सुपरटेक ट्विन टावर**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सुपरटेक एमराल कोर्ट के ट्विन टावर को गिराने की कार्य योजना तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है।

इसमें नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन एनबीसीसी के पूर्व सीएमडी अनूप कुमार मित्तल इंडियन डिमोलिशन एसोसिएशन आईडी और सीबीआरआई के अधिकारी शामिल किए गए हैं। कमेटी के अधिकारियों ने मौके पर जाकर बेसमेंट से लेकर उपरी मंजिल तक का निरीक्षण किया है। उसके बाद प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ उन्होंने आगे की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया।

एनबीसीसी के पूर्व सीएमडी आईडी और सीबीआरआई के अधिकारियों की टीम ने टावर का गहन निरीक्षण किया। इमारतों से उनकी दूरी की भी जांच की गई। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार कमेटी ने यह जांच की है कि ट्विन टावर को गिराने के लिए कौन सी इमारत पर किस जगह कितना विस्फोटक लगेगा।

# नोएडा से मेरठ के लिए मासिक पास में 50 फीसदी की छूट

**नोएडा।** रोजाना मेरठ का सफर करने वाले लोगों के लिए बड़ी खबर है। नोएडा डिपो से 50 फ़ीसदी कम किराए में भी मेरठ आने जाने की सहूलियत मिलेगी। खास तौर पर छात्रों के लिए बड़ी रियायत दी गई है। सिर्फ 2305 रुपए के मासिक पास में छात्र मेरठ की यात्रा कर सकेंगे। जबकि सामान्य तौर पर एक तरफ का बस का किराया 92 रुपए है। इस लिहाज से अगर देखा जाए तो हर महीने दोनों तरफ का किराया 5520 होगा। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने बताया, नोएडा-मेरठ के बीच की दूरी 80 किलोमीटर है।

# ग्रेनो में घंटों बिजली कटौती से लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोयले की कमी का असर ग्रेटर नोएडा में दिखाई दे रहा है। बिजली संकट ने ग्रेटर नोएडा के लोगों की ही मुसीबत बढ़ा दी है।

लगातार लोगों को घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। अलग-अलग सेक्टरों में अलग-अलग समय पर कटौती की जा रही है। शाम के समय औद्योगिक क्षेत्रों में भी बिजली गुल रही। एनपीसीएल के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में 4 घंटे तक की कटौती की गई है। फीडर वाइज यह कटौती की गई है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में 2 से 3 घंटे की कटौती की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में

### ● मांग से 20 से 80 मेगावाट तक कम मिल रही है बिजली

शाम 7 बजे के बाद कटौती की गई। बिजली की उपलब्धता कम होने के चलते यह कटौती की जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, मांग के अनुरूप 20 से 80 मेगावाट तक बिजली कम मिल पा रही है। कभी 20 मेगावाट कम आती है तो कभी यह बढ़कर 80 मेगावाट तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि बिजली कटौती करनी पड़ रही है। स्थितियां सामान्य होते ही कटौती बंद कर दी जाएगी। दरअसल एनपीसीएल को भी 20 से 25 फ़ीसदी कम बिजली मिल रही है। ऐसे में गौतमबुद्ध नगर जैसे तीन लाख से ज्यादा उपभोक्ता वाले जिले में आपूर्ति सुनिश्चित कराना बेहद कठिन होगा। इसको देखते हुए विभाग ने कटौती का निर्णय लिया है।

कोयले की कमी के चलते देश में पावर प्लांट से बिजली का उत्पादन कम हो गया है। इस वजह से इसकी आपूर्ति में बाधा आ रही है। अगर इसी तरह उत्पादन का संकट रहा तो बिजली की दरें बढ़नीं भी तय हैं। एनपीसीएल इंडिया एनर्जी एक्सचेंज से 100 मेगावाट बिजली खरीदता है। सामान्य तौर पर इनकी दर 3.6 रुपये प्रति यूनिट होती है।

# किसानों ने वर्षों से बंद रास्ते को खोला, हजारों ग्रामीणों को राहत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सैकड़ों** किसानों ने जेपी स्पोर्ट्स सिटी की बाउंड्री तोड़कर वर्षों से बंद रास्ते को खोल दिया। इस रास्ते के खुलने से गुनपुर और अट्टा गुजरान सहित आसपास के दर्जन भर गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब हजारों लोगों को 9 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। वे कम वक्त में आवागमन कर सकेंगे।

किसान एकता संघ काफी दिनों से इस रास्ते को खोलने की मांग कर रहा था। इस संबंध में यमुना विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अधिकारियों को किसान संगठन ने ज्ञापन भी दिया था, लेकिन यह रास्ता अभी तक नहीं खोला गया था। गांव वाले इससे परेशान थे। इस संबंध में सोमवार को किसान एकता संघ की पंचायत अट्टा गुजरान के शिव मंदिर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान की अध्यक्षता में हुई। कई गांव के लोग शिव मंदिर पर एकत्रित हुए। पंचायत में किसानों ने रास्ते को खोलने का निर्णय लिया। किसानों का आरोप था कि जेपी कंपनी की वजह से 10 किलोमीटर की दूरी तय करके कई गांव के लोगों को घर जाना पड़ता है। मात्र कुछ दूरी पर रास्ता बंद हो जाने से यह असुविधा होती है। पुलिस.प्रशासन और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की मौजूदगी में आक्रोशित किसानों ने दोपहर में शिव मंदिर पर पंचायत करने के बाद 400 वर्ष पुराने रास्ते को खोल दिया।

# फ्लाईओवर से गिरी बस मामलें में जांच कमेटी गठित

### ● हादसे में एक बाइक सवार की हुई थी मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सिहानी गेट थाना अंतर्गत भाटिया मोड़ फ्लाईओवर से बुधवार की रात को एक डबल डेकर सवारी बस हादसे की जांच के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एक जांच कमेटी का गठन किया है।

वहीं प्रदेश के राज्यमन्त्री अतुल गर्ग ने अस्पताल पहुंचकर बस हादसे में घायल लोगों का हाल चाल लिया। बुधवार की देर रात एक डबल डेकर बस नोएडा की तरफ से गाजियाबाद आ रही जिसमें एक निजी कंपनी के कर्मचारी सवार थे जैसे ही बस भाटिया मोड़ पर लाल कुआं की तरफ से गाजियाबाद की ओर फ्लाईओवर पर चढ़ी, तब ही बस चालक का उस पर नियंत्रण खो बैठा और बस रेलिंग तोड़ते हुए नीचे आकर गिर गयी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी जबकि कई घायल हो गए थे।

क्षेत्राधिकारी द्वितीय अवनीश कुमार के मुताबिक बस चालक महेंद्र ने अपने बयान में बताया कि बाइक सवार बृजेश पांडे उनकी गाड़ी के आगे चल रहा था और उसने अचानक ब्रेक लगाई। इससे बस का बैलेंस खराब हो गया। जबकि मृतक बृजेश पांडेय के परिजनों ने अपनी तहरीर में बताया है कि उसके लालकुआं की तरफ से आने का सवाल ही नहीं है। वह तो गुरुग्राम से नया बस अड्डा मेट्रो से उतरा और वहां से बाइक लेकर लालकुआं की ओर जा रहा था।


घायलों से जानकारी लेते स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग

# जीडीए के नर्सरी ध्वस्त करने पर मेयर नाराज

### ● राजनगर और कवि नगर में निगम ने बनाई थी नर्सरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

राजनगर और कवि नगर में निगम द्वारा आवंटित नर्सरी को जीडीए द्वारा ध्वस्त करने पर मेयर आशा शर्मा ने सख्त एतराज जताया है।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राजनगर और कवि नगर कॉलोनी बहुत पहले ही रखरखाव के लिए नगर निगम को हैंड ओवर की जा चुकी है। इसलिए इन दोनों कॉलोनियों की ग्रीन बेल्ट पर भी गाजियाबाद नगर निगम का अधिकार है। अधिकार के चलते ही यह दोनों नर्सरी नगर निगम ने नर्सरी संचालकों को आवंटित की थी। इससे पूर्व भी वसुंधरा और वैशाली में नगर निगम की ग्रीन बेल्ट पर जीडीए ने नर्सरी आवंटित कर दी थी। जिसको आज तक निरस्त नहीं किया गया है।


मेयर आशा शर्मा

मेयर ने कहा कि पहले जीडीए उन नर्सरी को खाली कराकर कृत करवाई से नगर निगम को अवगत कराएं और जब तक वसुंधरा वैशाली में जीडीए नगर निगम की ग्रीन बेल्ट पर आवंटित नर्सरी को खाली कराएं तब तक शहर में नगर निगम द्वारा आवंटित किसी भी नर्सरी को जीडीए द्वारा ध्वस्त न किया जाए। मामले मे आगे भी तूल पकड़ सकता है।

# पांच साल से फरार प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के आरोप में पांच साल से वांछित एक प्रॉपर्टी डीलर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की गोरखपुर इकाई द्वारा तलाशी लिए जाने के बाद आरोपी को उसके गांव में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बयान में कहा, फयाज अहमद प्रॉपर्टी डीलर है। उसके विरुद्ध धोखाधड़ी फर्जीवाड़े और आपराधिक साजिश का मामला गौतम बुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा के बीटा दो पुलिस थाने में 2016 से दर्ज है। वह तभी से फरार था।

**केमिकल टैंक मजूदर मौत मामला**

# आरोपी ठेकेदार को पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कासना की साइट-5 में स्थित जगदम्बा पेट्रोलियम प्रा.लि. में भूमिगत केमिकल टैंक की सफाई के लिए गए दो मजदूरों के मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। ठेकेदार पर आरोप है कि लापरवाही बरतते हुए बिना किसी सेफ्टी उपकरण के मजदूरों से टैंक की सफाई करवाई। इस दौरान सफाई करते समय केमिकल टैंक से विषैली गैस निकलने से दोनों मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत हुई जिससे पंकज व रामभेष बेहोश हो गये थे। दोनों को बेहोशी की हालत में टैंक से बाहर निकालकर कैलाश अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने पंकज व रामभेष को मृत घोषित कर दिया था।

मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ठेकदार हेमंत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस फरार आरोपी फैक्ट्री मालिक की तलाश कर रही है।

कोतवाली कासना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि रविंद्र ने आरोपी ठेकेदार हेमंत और जगदम्बा पेट्रोलियम के मालिक सुरेंद्र गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था।

# 10 लाख के अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट पुलिस ने गुरुवार को बसंत चौक के पास स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर 10 लाख के पटाखों के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से आतिशबाजी व पटाखों के 109 कार्टून बरामद की है।

गिरफ्तार युवक का नाम राहुल है। पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वितीय अवनीश कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सिहानी गेट पुलिस ने छापा मारा था। उन्होंने बताया कि आरोपी से विस्तृत जानकारी की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में अवैध रूप से आतिशबाजी तैयार कर रही एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था जिसमें 6 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन करोड़ रुपए के पटाखे बरामद किए थे।

# दोगुनी तेजी से होगा युमना एक्सप्रेस का मरम्मत कार्य

## मजदूरों की संख्या बढ़ेंगी, सीईओ ने 30 नवंबर तक काम पूरा करने का कहा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मरम्मत कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कार्य को 30 नवंबर तक पूरा कराए जाने का आदेश दिया गया है, जिसके बाद अब नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर काम करने वाले मजदूरों की संख्या बढ़ा दी गई है।

एक्सप्रेसवे की मरम्मत के काम में तेजी लाने के लिए दोगुने मजदूर काम में जुट गए हैं। इसके अलावा प्राधिकरण ने धीमी गति से काम करने पर सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन पर 20 लाख का जुर्माना लगाया है।



नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे करीब 24 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 20 किलोमीटर का हिस्सा नोएडा क्षेत्र में आता है। कुछ सालों से एक्सप्रेसवे की सड़क खराब होने लगी थी।

ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने एक्सप्रेस वे की री-सरफेसिंग कराने का निर्णय लिया। इस बार परंपरागत तरीके से होती आ रही री-सरफेसिंग की प्रक्रिया में बदलाव करने का निर्णय लिया। ऐसे में री-सरफेसिंग का काम हॉट इन प्लांट तकनीक पर कराने को लेकर सहमति बनी।

इसी साल जनवरी महीने से एक्सप्रेसवे की मरम्मत का काम शुरू किया गया था। नोएडा के 20 किलोमीटर हिस्से में नोएडा से महामाया फ्लाईओवर की ओर आने वाले रास्ते पर चारों लेन पर एक लेयर डालने का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले रास्ते पर करीब सात किलोमीटर रास्ते पर भी एक लेयर डाली जा चुकी है। इस समय सेक्टर.105 के सामने मरम्मत का काम चल रहा है। कंपनी का प्लांट चूहडपुर गांव के पास लगा हुआ है। वहीं से निर्माण सामग्री तैयार कर एक्सप्रेसवे पर लाई जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में अभी तक करीब 30 मजदूर काम कर रहे थे। अब इनकी संख्या बढ़ाकर 60 कर दी गई है। इससे काम में तेजी आएगी। काम में देरी होने के कारण नोएडा प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे पर काम करने वाली कंपनी सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आपको बता दें कि सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन पर इससे पहले भी करीब 2 महीने पहले काम में देरी होने पर जुर्माना लगाया गया था। जिसके कारण ही अब कंपनी ने मजदूरों की संख्या बढ़कर 60 कर दी गई है।

# राष्ट्रवादी विकास और स्वाभिमान पार्टी ने बनाया मोर्चा

**नोएडा।** एकता में ताकत है और जब दो कर्मठ व्यक्ति मिल जाए तो उन्हें कोई हरा नहीं सकता। यह कहना है राष्ट्रवादी विकास पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अनूप के श्रीवास्तव का। उन्होंनें कहा कि केंद्र में सशक्त विपक्ष न होने के कारण सरकार अपनी मनमानी करने लगी है इसलिए राष्ट्रवादी विकास पार्टी और स्वाभिमान पार्टी ने मिलकर एक नई शक्ति और एक विकल्प लाने की तैयारी कर दी है। पार्टी यूपी में नोएडा, कानपुर, लखनऊ से लेकर अयोध्या तक हर क्षेत्र से चुनाव में अपने प्रतियशी खड़े करेंगे। इस दौरान एसी भटनागर अध्यक्ष राष्ट्रवादी विकास पार्टी ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रवादी विकास पार्टी वीरेंद्र पांडे मौजूद रहे।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। भागदौड़ भरी दिनचर्या रहेगी। जीवनसाथी खुद को दरकिनार महसूस कर सकता है। सभी से सराहना मिलेगी। भाई-बहनों की सामाजिक स्थिति में अप्रत्याशित और अचानक वृद्धि होगी। प्रेमी युगलों के लिए दिन शुभ नहीं है। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होने के योग बन रहे हैं। जो आने वाले दिनों में कारगर साबित होगी। आज का दिन सामान्य रहेगा।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** देवी लक्ष्मी की आराधना करें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आपकी बात और काम का असर भी लोगों पर हो सकता है। लोग आपकी बातें सुनेंगे। किसी समारोह का बुलावा भी मिल सकता है। परिवार वालों का पूरा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दूर स्थान के लोगों से बातचीत होगी। यात्रा हो सकती है, जिसका फायदा आने वाले दिनों में मिलेगा। घर पर आराम कर सकते हैं। पुराने विवाद निपटाने का मन बना सकते हैं। मनपसंद चीज गिफ्ट में मिल सकती है।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** श्री सुक्तम का पाठ करें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

आज पैसे को लेकर स्थिति अच्छी होगी। कहीं से रुका हुआ, पैसा वापस आने से मन में हर्ष होगा। प्रॉपर्टी डील कर रहे हैं, तो अच्छी सफलता मिल सकती है। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन बहुत अच्छा रहेगा और जीवन साथी के साथ मिलकर काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम जीवन बिता रहे लोग प्रिय से खूब प्यार भरी बातें करेंगे काम को लेकर स्थितियां बिल्कुल पक्ष में होंगी, जिसके अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** छोटी कन्याओं की आर्थिक मदद करें।

### कर्क

(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आज क्रोध पर नियंत्रण रखें। मित्रों के साथ रमणीय पर्यटन होगा। कोर्ट के बाहर मुकदमे का निपटारा हो जाएगा। नौकरीपेशा वाले का बुजुर्ग महिला के साथ भी झगड़ा हो सकता है। विदेशगमन के अवसर निर्मित होंगे। व्यापार में बेहतर सफलता मिलेगी। सोचे हुए काम पूरे होंगे। स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य जीवन में समरसता बनी रहेगी। पारिवारिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** देवी लक्ष्मी के सम्मुख देसी घी का दीपक जलाएं।

### सिंह

(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

सामाजिक दायरे में बहुत सक्रिय और सफल भी हो सकते हैं। कठिन परिस्थिति में लोग साथ देने के लिए तैयार रहेंगे। ज्यादातर दोस्त साथ हैं और आपका साथ निभाएंगे। दोस्त गुप्त रुप से भी मदद कर सकते हैं। अच्छा समय चल रहा है। अदालत कामों में जीत मिलने के योग हैं। मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक परेशानियां भी खत्म हो सकती हैं। नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। भावुकता पर नियंत्रण रखें।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** देवी लक्ष्मी को प्रसाद चढ़ा कर गरीबों में बांटे।

### कन्या

(टो, पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

आप काम में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आ खूब मन लगेगा और जल्द से जल्द काम निपटा लेंगे और खाली समय में साथियों के साथ गपशप का भी समय निकाल लेंगे। परिवार के लोग काफी खुश होंगे। घर का माहौल थोड़ा धार्मिक हो सकता है। रिश्तेदारों के आने से रौनक आ सकती है। प्रेम जीवन बिता रहे लोग प्रिय के बर्ताव से थोड़ा निराश हो सकते हैं। इसके लिए उनसे बात करें।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** घर के आंगन में तिल के तेल का दीपक जलाएं।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)

आपकी जिम्मेदारी बढ़ाई जा सकती है। छात्र मेहनत से आवश्य सफल होंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा। दिन स्त्रियों के लिए लाभदायक रहने वाला है। सबकी बात ध्यान से सुनें और सबको सम्मान दें। साझा कोशिशों में अधिक सफल रहेंगे। परिवार के सदस्य से थोड़ी अनबन हो सकती है। खर्चों को लेकर सोच-विचार में रह सकते हैं। खर्च पर लगाम लगाना चाहिए। दिन अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** ललिता सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### वृश्चिक

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू,)

नए स्थान पर जाने का योग हैं। नई चीज भी आप सीख सकते हैं। प्रेमी के साथ संबंधों और नजदीकी रिश्तों के मामलों में प्रगति होगी। दिमाग में उथल-पुथल हो सकती है, लेकिन आपको फायदा भी होगा। जितना हो सके प्रैक्टिकल रहें। नौकरी में खुद के प्रदर्शन पर ध्यान दें तो बेहतर रहेगा। पैसों के काम से छोटी यात्रा भी करनी पड़ सकती हैं। परीक्षा देने जा रहे हैं, तो आपकी परीक्षा अच्छे से होगी।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** माथे पर केसर का तिलक लगाएं।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

आज का दिन बहुत खूबसूरत रहेगा। अनुभव और अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन लगभग सभी क्षेत्रों में करेंगे। इनकम भी बढ़ेगी और आज विरोधियों पर भी भारी पड़ेंगे। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में लगे हैं, तो दिन आपकी तैयारियों को आगे बढ़ाएगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग रिश्ते को लेकर सजग रहेंगे और वह अपने प्रिय से सच्चाई की उम्मीद करेंगे मन में कुछ गलतफहमी होगी, जिसे दूर करना जरूरी होगा। काम को लेकर स्थिति बढ़िया होगी।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** सोने की चैन धारण करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आत्मविश्वास बढ़ेगा। उच्च पदाधिकारियों का प्रोत्साहन उत्साह बढ़ाएगा। व्यापारिक अवसर खतरों से भरे होंगे। इसमें कुछ कानूनी पेंच भी आ सकता है। पारिवारिक संबंध आंतरिक शक्ति है। धन उधार न दें, हानि हो सकती है। अच्छी कंपनी से जॉब के अवसर मिलेंगे। बड़ा काम पूरा करने की जिम्मेदारी मिल सकती है। पड़ोसी से तनाव मिल सकता है। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन एक संपूर्ण सुखद जीवन के रूप में दिखाई देगा।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** सफेद रुमाल जेब में रखें।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

पुराने संबंधों में सफलता मिलेगी। एक्स्ट्रा काम हाथ में लेने के पहले ध्यान रखें कि आपको रोज की कुछ जिम्मेदारियां भी निभानी हैं। धन लाभ हो सकता है। सोचे हुए काम भी पूरे हो जाएंगे। कुछ ऐसे अनुभव हो सकते हैं, जो इसके पहले कम ही हुए हों। पिता से मदद मिल सकती है। ऑफिस या फील्ड में साथियों से सहयोग मिलेगा। जीवन को आनंदित होकर जिएं। सेहत अच्छी रहेगी। अपने खानपान का ध्यान रखें।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** देवी लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें।

### मीन

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

दिन खुशियां देगा। परिवार आप की सबसे बड़ी ताकत है और आज वह ताकत महसूस होगी। परिवार वालों की मदद और अच्छी सलाह बहुत काम आएगी। काम को लेकर स्थितियां बढ़िया होंगी और कुछ लोग खास बात को लेकर सलाह भी मांगेंगे। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे जीवनसाथी के बीच थोड़ी झड़प हो सकती है। प्रेम जीवन बिता रहे लोग लव लाइफ को लेकर थोड़े आशंकित होंगे। अपने प्रिय पर भरोसा रखें।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** पीला चंदन पानी में डालकर स्नान करें।

# बुराई पर अच्छाई की जीत



भारत वर्ष में मनाये जाने वाले त्योहार किसी न किसी रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देते हैं, लेकिन असल में जिस त्योहार को इस संदेश के लिए जाना जाता है, वह है दशहरा। दिवाली से ठीक 20 दिन पहले, पंचाग के अनुसार आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को विजयदशमी अथवा दशहरे के रूप में देशभर में मनाया जाता है। दशहरा हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार भगवान श्रीराम की कहानी तो कहता ही है, जिन्होंने लंका में 9 दिनों तक लगातार चले युद्ध के पश्चात अहंकारी रावण को मार गिराया और माता सीता को उसकी कैद से मुक्त करवाया। वहीं इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार भी किया था, इसलिए भी इसे विजयदशमी के रूप में मनाया जाता है और मां दूर्गा की पूजा भी की जाती है। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने भी मां दूर्गा की पूजा कर शक्ति का आह्वान किया था, भगवान श्रीराम की परीक्षा लेते हुए पूजा के लिए रखे गए कमल के फूलों में से एक फूल को गायब कर दिया। चूंकि श्रीराम को राजीवनयन यानि कमल से नेत्रों वाला कहा जाता था, इसलिए उन्होंने अपना एक नेत्र मां को अर्पण करने का निर्णय लिया। ज्यों ही वे अपना नेत्र निकालने लगे देवी प्रसन्न होकर उनके समक्ष प्रकट हुईं और विजयी होने का वरदान दिया। माना जाता है इसके पश्चात दशमी के दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया। भगवान राम की रावण पर और माता दुर्गा की महिषासुर पर जीत के इस त्योहार को बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में देशभर में मनाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे मनाने के अलग अंदाज भी विकसित हुए हैं। कुल्लू का दशहरा देश भर में काफी प्रसिद्ध है, तो पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा सहित कई राज्यों में दुर्गा पूजा को भी इस दिन बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

### दशहरा

दशहरा का त्योहार इस साल 15 अक्टूबर शुक्रवार को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। इसलिए इसे विजया दशमी के रूप में भी मनाते हैं।

### शुभ मुहूर्त

15 अक्टूबर को विजया दशमी के दिन दोपहर 2 बजकर 1 मिनट से 2 बजकर 47 मिनट तक विजय मुहूर्त है। इस मुहूर्त की कुल अवधि 46 मिनट की है। दोपहर के समय पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से लेकर दोपहर 3 बजकर 33 मिनट तक है।



### इस दिन किए जाते हैं ये शुभ काम

इस दिन भगवान श्रीराम, दुर्गाजी, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश और हनुमान जी की आराधना करके सभी के लिए मंगल की कामना की जाती है। समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विजयादशमी पर रामायण पाठ, श्रीराम रक्षा स्त्रोत, सुंदरकांड आदि का पाठ किया जाना शुभ माना जाता है।

### पर्व के बारे में मान्यता

माना जाता है कि तारा उदय होने के साथ 'विजय' नामक काल होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। भगवान श्रीराम ने इसी विजय काल में लंका पर चढ़ाई करके रावण को परास्त किया था। दशहरा वर्ष की तीन अत्यन्त शुभ तिथियों में से भी एक माना गया है। इस दिन लोग नया कार्य भी प्रारम्भ करते हैं साथ ही क्षत्रिय वर्ग के लोगों की ओर से इस दिन शस्त्र-पूजा किये जाने की परम्परा है। इस दिन ब्राम्हण सरस्वती पूजन तथा वैश्य बही पूजन करते हैं। पुराणों में कहा गया है कि दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों-काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

### दशहरा के दिन पूजा की परंपरा

दशहरा का विजय मुहूर्त सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। मान्यता है कि शत्रु पर विजय प्राप्त करने के लिए इसी समय निकलना चाहिए। विजय मुहूर्त में गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, आभूषण और वस्त्र खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस मुहूर्त में कोई भी नया काम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। इस दिन शस्त्र पूजा के साथ ही शमी के पेड़ की पूजा की जाती है। साथ ही रावण दहन के बाद थोड़ी सी राख को घर में रखना शुभ माना जाता है।

## रावण के 10 सिर का रहस्य

**हिंदू** पंचांग के अनुसार इस साल दशहरा पर्व 15 अक्टूबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था और देवी दुर्गा ने नौ रात्रि और दस दिन के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी इसलिए इस पर्व को असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। दस सिर होने के कारण रावण को दशानन भी कहा जाता है, लेकिन क्या आप जानते है कि रावण को दस सिर कैसे प्राप्त हुए थे, और ये किसके प्रतीक हैं?

### जब भगवान शिव हुए प्रसन्न

त्रिलोक विजेता रावण भगवान शिव का परम भक्त था। एक बार उसने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए उनकी कठोर तपस्या की थी। हजारों साल तक जब भगवान शिव रावण की तपस्या से प्रसन्न नहीं हुए तब निराश होकर रावण ने अपना सिर भगवान शिव को अर्पित करने का निर्णय लिया। भगवान शिव की भक्ति में लीन रावण ने अपना सिर भोलेनाथ को अर्पित कर दिया, लेकिन फिर भी रावण की मृत्यु नहीं हुई बल्कि उसकी जगह दूसरा सिर आ गया। ऐसे करके रावण ने भगवान शिव को 9 सिर अर्पित का दिए। जब दसवीं बार रावण ने अपना सिर भगवान शिव को अर्पित करना चाहा तब भगवान शिव रावण से प्रसन्न होकर स्वयं प्रकट हो गए और शिवजी की कृपा पाकर तब से रावण दशानन हुआ। इसी कारण से रावण को भगवान शिव का परम भक्त माना जाता है।

### बुराइयों के प्रतीक दस सिर

विजयादशमी पर्व पर रावण का पुतला दहन की परंपरा है। रावण प्रतीक है अहंकार का, रावण प्रतीक है अनैतिकता का, रावण प्रतीक है सत्ता एवं शक्ति के दुरुपयोग का एवं रावण प्रतीक है। ईश्वर से विमुख होने का। धार्मिक मान्यता के अनुसार रावण के दस सिर दस बुराइयों के प्रतीक हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, वासना, भ्रष्टाचार, अनैतिकता और दसवां अहंकार का प्रतीक माना जाता है। रावण भी इन नकारात्मक भावनाओं से ग्रस्त था और इसी कारण ज्ञान और श्री संपन्न होने के बावजूद उसका विनाश हो गया।

### वाल्मीकि रामायण के अनुसार

रावण दस मस्तक, बड़ी दाढ़, ताम्बे जैसे होंठ और बीस भुजाओं के साथ जन्मा था। वह कोयले के समान काला था और उसकी दस ग्रिह्वा कि वजह से उसके पिता ने उसका नाम दशग्रीव रखा था, इसी कारण से रावण दशानन, दश्कंधन आदि नामों से प्रसिद्ध हुआ।

**दस सिर केवल भ्रम है:** भगवान शिव के परम भक्त रावण अपनी माया शक्ति के लिए भी जाना जाता हैं, कई धार्मिक ग्रंथों में इस बात का उल्लेख है कि रावण के दस सिर महज भ्रम पैदा करने के लिए थे। रावण के 10 सिर नहीं थे। बताया जाता है कि उनके गले में 9 मणियों की एक माला थी। ये माला ही रावण के 10 सिर होने का भ्रम पैदा करती थी। रावण को मणियों की यह माला उनकी मां राक्षसी कैकसी ने दी थी।

# दशहरा पर्व पर जलाएं 'असली' रावण

**दशहरा** यानी विजय पर्व। दशहरा यानी न्याय और नैतिकता का पर्व। दशहरा यानी सत्य और शक्ति का पर्व। भगवान श्रीराम ने इस दिन राक्षसराज रावण का वध किया था। तब ही से प्रतिवर्ष प्रतीकात्मक रूप से रावण का दहन किया जाता है। यह पर्व हमें संदेश देता है कि अन्याय और अनैतिकता का दमन हर रूप में सुनिश्चित है। चाहे दुनिया भर की शक्ति और सिद्धियों से आप संपन्न हों, लेकिन सामाजिक गरिमा के विरुद्ध किए गए आचरण से आपका विनाश तय है।

भगवान राम ने अवतार धारण किया था। मानव जीवन के हर सुख-दुख को उन्होंने आत्मसात किया था। जब वे ईश्वरीय अवतार होकर जीवन-संघर्ष से नहीं बच सकें तो हम सामान्य मनुष्य भला इन विषमताओं से कैसे बच सकते हैं? श्रीराम का संपूर्ण जीवन हमें आदर्श और मर्यादा की सीख देता है। हर मनुष्य के जीवन में कष्ट और खुशी आते हैं, लेकिन उनसे निराश होकर जीवन को समाप्त कर लेना समझदारी नहीं है। अपितु जीवन को ईश्वरीय प्रसाद समझ कर कृतज्ञ भाव से जीना ही मानव जीवन की सार्थकता है। भारतीय संस्कृति में त्योहारों की रंगीन श्रृंखला गुंथी हुई है। हर त्योहार में जीवन को राह दिखाता संदेश और लोक-कथा निहित है। हम उत्सव प्रिय लोग त्योहार तो धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन भूल जाते हैं, उनमें छुपे संदेश को समझना और जीवन जीने की कला सिखाती लोक-कथा को वरण करना। अगर हम अपनी ही संस्कृति को गहनता से जान लें। उसे आत्मसात कर लें तो कहीं और से, किसी और की आचरण-संहिता की आवश्यकता ही न रहे।

### रावण दहन करें 'पुतले' नहीं...

दुख का विषय है कि आज की 'फास्ट फूड' कल्चर की 'नूडल्स' पीढ़ी के लिए त्योहार भी मात्र मनोरंजन का साधन रह गए हैं। पर्व उन्हें संस्कृति के प्रति गहरा स्नेह और सम्मान भाव नहीं देते बल्कि 'पिज्जा' और 'बर्गर' की तरह आकर्षित करते हैं। जिसे जितनी जल्दी और जितना ज्यादा खाया जा सकें उतना बेहतर! यही वजह है कि आस्था और पवित्रता से सराबोर रहने वाले गरबा-पंडालों में रोशनी और फूलों के स्थान पर '72 घंटे पिल्स' के होर्डिंग्स सजे हुए हैं। आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं, ये आयोजक हमारी युवा पीढ़ी को? कहीं कोई बंधन नहीं, कहीं कोई गरिमा नहीं। कोई शर्म, कोई सम्मान नहीं? गुजरात के आंकड़े गिनाना अब पुरानी बात हो गई। अब यह आंकड़े छोटे शहर से होते हुए गली-मोहल्लों तक आ पहुंचे हैं। और विडंबना देखिए कि इन नौ दिनों के बाद आने वाले दशहरे की कथा यह है कि मां सीता ने अपने पवित्र अस्तित्व को रावण जैसे परम शक्तिशाली व्यक्ति से मात्र एक तिनके और दृढ़ चरित्र के माध्यम से बचाए रखा। भगवान राम ने दुराचारी रावण का अंत किया और पुन: सीता को प्राप्त किया। कितना तेज और सती बल होगा उस नारी में जिसने अपने स्त्रीत्व की रक्षा इतने आत्मविश्वास से की होगी?

> भारतीय संस्कृति में त्योहारों की रंगीन श्रृंखला गुंथी हुई है। हर त्योहार में जीवन को राह दिखाता संदेश और लोक-कथा निहित है। हम उत्सवप्रिय लोग त्योहार तो धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन भूल जाते हैं उनमें छुपे संदेश को समझना और जीवन जीने की कला सिखाती लोक-कथा को वरण करना

हम क्या दे रहे हैं आज की अनभिज्ञ पीढ़ी को? हमने रामायण के 'भव्य' धारावाहिक तो टेलीविजन पर परोस दिए, लेकिन उन पावन कथाओं में वर्णित ओजस्वी भाव और संकल्प शक्ति क्यों नहीं पहुंचा पाए उन तक? लगभग हर चैनल पर धार्मिक धारावाहिकों के नकली देवी-देवता रटे-रटाए संवाद बोलते दिखाई दे जाएंगे, लेकिन उनके आदर्श आचरण में परिणित कहां हो पाते हैं? हम चाहे कितने ही रावण जला लें, लेकिन हर कोने में कुसंस्कार और अमर्यादा के विराट रावण रोज पनप रहे हैं। रोज सीता के देश की कितनी ही 'सीता' नामधारी सरेआम उठा ली जाती हैं और संस्कृति के तमाम ठेकेदार रावणों के खेमें में पार्टियां आयोजित करते नजर आते हैं। आज देश में कहां जलता है असली रावण? जलती हैं यहां सिर्फ मासूम सीताएं। जब तक सही 'रावण' को पहचान कर सही 'समय' पर जलाया नहीं जाता, कैसे सार्थक होगा, शक्ति पूजा के नौ दिनों के बाद आया यह दसवां दिन जिस पर मां सीता की अस्मिता जीती थी। भगवान राम की दृढ़ मर्यादा जीती थी। कब जलेंगे इस देश में असली रावण और कब जीतेगीं हर 'सीता'? कब तक जलेंगे रावण के नकली पुतले और कब बंद होगा दहेज व 'इज्जत' के नाम पर कोमल 'सीताओं' का दहन?

**स्मृति आदित्य**

# ...वो दशानन था, जो बड़ा ही दंभी था

### रावण का वध करने से पहले प्रभु राम ने की थी मां शक्ति की पूजा

ऐसी मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया। ऐसी भी मान्यता है कि दशमी को ही मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसलिए इसे विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। देशभर में अलग-अलग जगह रावण दहन होता है और हर जगह की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं। इस दिन शस्त्रों की पूजा भी की जाती है। इस दिन शमी के पेड़ की पूजा भी की जाती है। इस दिन वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सोना, आभूषण नए वस्त्र इत्यादि खरीदना शुभ होता है। दशहरे के दिन नीलकंठ भगवान के दर्शन करना अति शुभ माना जाता है।

### इस दिन भूलकर भी न करें ये काम

- **बुरा करने से बचें**

विजयदशमी के दिन किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए जाना जाता है। इसलिए इस दिन कोई भी गलत काम करने से बचना चाहिए।

- **पेड़ काटने से बचें**

हमारे अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में दशहरा के दिन पेड़ काटना शुभ नहीं माना जाता। माना जाता है कि इस दिन पेड़ काटने से व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होता है।

- **हत्या**

दशहरा के दिन अपने शौक के लिए किसी भी जीव-जंतु की हत्या न करें। माना जाता है कि ऐसा करने से आपका सौभाग्य दुर्भाग्य में बदल जाता है।

- **अपमान**

दशहरा के दिन भूलकर भी किसी स्त्री या बड़े-बुर्जुग का अपमान नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी आपसे रुष्ट हो सकती हैं।

- **शराब का सेवन**

दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मनाया जाता है। यही वजह है कि इस दिन मांस, मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए।



### राम और रावण बिना दशहरा

बचपन से सुनते आ रहे हैं कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन भगवान राम ने रावण को मारा था। मगर क्या आप जानते हैं कि हमारे देश के कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां के दशहरे में रावण है न राम।

#### 01 मैसूर का दशहरा

यहां यह उत्सव दस दिन तक मनाया जाता है। दशहरे के समय यहां पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सजाया जाता है। इस दिन हाथी के ऊपर सोने के सिंहासन में मां चामुंडेश्वरी का भव्य जुलूस निकाला जाता है। यहां रावण दहन का आयोजन नहीं किया जाता है।

#### 02 कोलकाता में होती है सिंदूर की होली

बंगाल में नौ दिन तक मां की उपासना के बाद दसवें दिन सभी स्थानों पर विशेष आयोजन किया जाता है। इस दिन महिलाओं सिंदूर की होली खेलती हैं। मां को अश्रुपूरित विदाई देते हुए विसर्जन किया जाता है। कहते हैं कि इस दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन होना शुभ होता है।

#### 03 महाराष्ट्र में होती है सरस्वती मां की आराधना

महाराष्ट्र में नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं और दसवें दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन स्कूल जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में देवी का आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश, और नए घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं।

#### 04 कुल्लू में ऐसे मनता है दशहरा

यहां के दशहरे में पहाड़ी देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। हिमाचल के लोगों के लिए इस दशहरे का संबंध किसी भी तरह से भगवान राम से नहीं है। बल्कि इस दिन हिमाचल के लोग सज-धज कर ढोल नगाड़ों के साथ अपने ग्रामीण देवता की पूजा करते हैं। पूरे जोश के साथ भगवान की पालकी निकालते हैं और अपने मुख्य देवता भगवान रघुनाथ जी की पूजा करते हैं।

#### 05 बस्तर में दंतेश्वरी देवी की होती है पूजा

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरे को मनाने का मुख्य कारण राम की रावण पर विजय को नहीं माना जाता, बल्कि यहां के लोग विजयदशमी को मां दंतेश्वरी की अराधना को समर्पित एक पर्व के रूप में मनाते हैं। दंतेश्वरी माता, बस्तर के लोगों की अराध्य देवी हैं, जो मां दुर्गा का ही रूप हैं और यहां यह पर्व पूरे 75 दिन तक चलता है। इसकी शुरुआत श्रावण मास के अमावस्या से होती है और इसका समापन आश्विन मास के शुल्क पक्ष की त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

# अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को भेजे ये संदेश

**भारतीय संस्कृति में राम केवल आराध्य ही नहीं, बल्कि वे एक संस्कृति पुरुष भी हैं। भारत के प्रमुख राष्ट्रीय और सांस्कृतिक पर्व में से एक विजयादशमी को सभी एक दूसरे को शुभकामनाएं और बधाई देते हैं। इस पर्व पर आप भी इन वॉलपेपर्स के जरिये भेजिए अपने मित्रों, रिश्तेदारों और प्रियजनों को ये शुभकामना संदेश।**

*बुराई का होता है विनाश,*
*दशहरा लाता है उम्मीद की आस,*
*रावण की तरह आपके दुखों का होगा नाश,*
*इस पावन पर्व पर यह है हमारी आस।*
*विजयदशमी की शुभकामनाएं!*

---

*भीतर के रावण को जो,*
*आग खुद लगाएंगे,*
*सही मायने में वे ही दशहरा मनाएंगे।*
*दशहरा की बधाई!*

---

*दशहरे का यह पावन त्योहार,*
*घर में लाये आपके*



*खुशियां अपार,*
*श्री राम जी करें आप पर खुशियों की बौछार,*
*ऐसी शुभकामनाएं हमारी करो स्वीकार।*
*दशहरे की हार्दिक बधाई!*

---

*अधर्म पर धर्म की विजय,*
*असत्य पर सत्य की विजय,*

*बुराई पर अच्छाई की विजय,*
*पाप पर पुण्य की विजय,*
*अत्याचार पर सदाचार की विजय,*
*क्रोध पर दया, क्षमा की विजय,*
*अज्ञान पर ज्ञान की विजय,*
*रावण पर श्रीराम की विजय के प्रतीक पावन पर्व विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं!*

---

*अब की दशहरे मेरे भाई*
*बस इतना तू काम कर*
*बैठा है जो मन में तेरे, उस रावण का सर्वनाश कर।*
*दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!*



# आईपीएल फाइनल धोनी के करिश्मे का मुकाबला केकेआर की स्पिन तिकड़ी से

एजेंसी। दुबई

**महेंद्र** सिंह धोनी की करिश्माई कप्तानी चेन्नई सुपर किंग्स का रक्षा कवच साबित होगी, जब शुक्रवार को आईपीएल के खिताबी मुकाबले में उसका सामना स्पिन तिकड़ी के दम पर फाइनल में पहुंची कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। दुनिया भर के क्रिकेटप्रेमियों को दशहरे के दिन कैप्टन कूल की आतिशी पारी का भी इंतजार रहेगा जो पीली जर्सी में शायद आखिरी बार देखने को मिले। आंकड़ों की बात करे तो चेन्नई 12 सत्रों में नौ बार फाइनल में पहुंची है चूंकि दो सत्रों में वह लीग से बाहर थी। चेन्नई ने तीन खिताब जीते और पांच बार फाइनल में हारी जबकि केकेआर ने दोनों खिताब गौतम गंभीर की कप्तानी में जीते हैं। फाइनल तक पहुंचने की कला चेन्नई से बेहतर कोई टीम नहीं जानती है। दूसरी ओर केकेआर ने 2012 में आखिरी खिताब जीता था जब दो गेंद बाकी रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

चेन्नई के लिए चौथा खिताब जीतने की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि वह केकेआर की स्पिन तिकड़ी वरूण चक्रवर्ती, शाकिब अल हसन और सुनील नारायण का सामना कैसे करते हैं। तीनों ने टूर्नामेंट में सात से कम की औसत से प्रति ओवर रन दिए हैं। आंद्रे रसेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर होने से शाकिब का हरफनमौला प्रदर्शन केकेआर को संतुलन देता आया है। वैसे फाइनल मैच के अपने दबाव होते हैं और सामने धोनी जैसा कप्तान हो तो इन तीनों के लिए इस प्रदर्शन को दोहरा पाना आसान नहीं होगा। धोनी का सरल मंत्र है कि अनुभव पर भरोसा करो। उन्होंने रूतुराज गायकवाड़ का मार्गदर्शन किया जब 2020 में क्वालीफिकेशन का दबाव उन पर नहीं था। रूतुराज इस सत्र में तीन अर्धशतक समेत 600 से ज्यादा रन बना चुके हैं। धोनी ने अपनी नेतृत्व क्षमता के दम पर अगले साल ही नहीं बल्कि आने वाले कई सालों तक के लिए टीम की नींव मजबूत कर दी है। रूतुराज अगर चेन्नई के अगले कप्तान बनते हैं, तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी चूंकि धोनी अगले साल या उसके बाद आईपीएल को अलविदा कहने का ऐलान कर सकते हैं। आईपीएल को धोनी से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। यही वजह है कि उनकी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। पिछले साल लीग चरण से बाहर होने वाली पहली टीम बनी चेन्नई यादगार वापसी करके इस बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। चेन्नई के पास अनुभव की कमी नहीं है। धोनी 40 पार कर चुके हैं जबकि ड्वेन ब्रावो 38, फाफ डु प्लेसी 37, अंबाती रायुडू और रॉबिन उथप्पा 36 वर्ष के हैं। मोईन अली और रविंद्र जडेजा भी 30 पार हैं। अपने संसाधनों का सही प्रयोग करने की कला में धोनी को महारत हासिल है।



### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), सुरेश रैना, अंबाती रायुडु, केएम आसिफ, दीपक चाहर, ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसिस, इमरान ताहिर, एन जगदीसन, कर्ण शर्मा, लुंगी एनगिडी, मिशेल सेंटनर, रविंद्र जडेजा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, आर साई किशोर, मोईन अली, के गौतम, चेतेश्वर पुजारा, हरिशंकर रेड्डी, भगत वर्मा, सी हरि निशांत।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्गुसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन, टिम सीफर्ट।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

### केकेआर के पास विश्वकप विजेता कप्तान

इस सत्र में सभी ने देखा कि धोनी के चहेते और आईपीएल के लीजेंड सुरेश रैना को भी टीम से बाहर बैठना पड़ा। बढ़े हुए वजन और खराब फॉर्म से जूझ रहे रैना की जगह उथप्पा ने ली और दिल्ली के खिलाफ टीम की जीत के सूत्रधार रहे। दूसरी ओर केकेआर के पास विश्वकप विजेता कप्तान है, जिसने सीमित ओवरों के क्रिकेट में इंग्लैंड टीम का कायाकल्प किया है। कइयों का मानना था कि मोर्गन की जगह रसेल को कप्तानी सौंपनी चाहिए लेकिन मोर्गन पर टीम प्रबंधन ने भरोसा किया। उन्होंने शुभमन गिल से ही पारी की शुरुआत कराना जारी रखा और आखिर गिल के बल्ले से रन निकले। वेंकटेश अय्यर पर किए गए भरोसे का भी टीम को फायदा मिला है। मोर्गन भी धोनी की तरह जज्बात जाहिर नहीं करते लिहाजा ऐसे में दोनों कप्तानों की क्रिकेट की समझ का भी यह मुकाबला होगा।

## मध्यक्रम की नाकामी से चिंतित नहीं हैं हसी

### कहा, रेसल खेल सकते हैं फाइनल

**शारजाह।** दूसरे क्वालीफायर में मध्यक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी पर चिंतित होने की बजाय कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य मेंटर डेविड हसी ने कहा है कि आंद्रे रसेल चोट से उबर रहे हैं और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेल सकते हैं। मध्यक्रम की नाकामी के बावजूद केकेआर ने दिल्ली कैपिटल्स को तीन विकेट से हराया। हैमस्ट्रिंग चोट के शिकार रसेल कुछ मैचों से बाहर रहे हैं लेकिन चेन्नई के खिलाफ फाइनल खेल सकते हैं।

हसी ने दिल्ली पर मिली जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले वह गेंदबाजी कर रहा था तो वह खेल सकता है। 136 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने 3.5 ओवर में सात रन के भीतर छह विकेट गंवा दिए। राहुल त्रिपाठी ने आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। हसी ने कहा, मैं मध्यक्रम की विफलता से चिंतित नहीं हूं क्योंकि ये सभी शानदार खिलाड़ी हैं। इन्हें पता है कि कैसे खेलना है।

हम पूरे आत्मविश्वास के साथ दुबई जा रहे हैं और कोई नहीं जानता कि क्या हो सकता है। उन्होंने कहा, पूरा श्रेय केकेआर के कप्तान इयोन मोर्गन को जाता है। हमें उस पर पूरा भरोसा है। दिनेश कार्तिक और शाकिब अल हसन भी अगला मैच खेलेंगे। वे अपने देश के लिए और आईपीएल टीम के लिए भी कई बार मैच जीत चुके हैं। मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के सामने चयन की कठिन समस्या होगी। हसी ने वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमें वेंकटेश अय्यर के रूप में शानदार खिलाड़ी मिल गया है। वह बेहतरीन इंसान और टीम मैन है। उसने और गिल ने अच्छी साझेदारी की और उनका तालमेल जबर्दस्त था।

### 'केकेआर की सफलता का राज मैदान के अंदर और बाहर सकारात्मक रवैया'

**शारजाह।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने कहा कि खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन के मैदान के अंदर और बाहर दिखाए गए सकारात्मक रवैए से टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही। केकेआर ने पहले चरण में सात में से पांच मैच गंवाए थे, लेकिन यूएई में दूसरे चरण में उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया और फाइनल में जगह बनाई।

आईपीएल में दो बार का चैंपियन केकेआर दुबई में खिताबी मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा। उसने बुधवार को दूसरे क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स पर सात विकेट से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई थी। अय्यर ने केकेआर के मुख्य सलाहकार डेविड हसी के साथ बातचीत में कहा, केकेआर जिस तरह की क्रिकेट खेल रहा है और केकेआर से मेरा मतलब केवल वे क्रिकेटर नहीं हैं, जो मैदान पर खेल रहे हैं बल्कि पूरे प्रबंधन से है। उन्होंने कहा, हम जिस तरह से सोच रहे हैं, जिस तरह से हम चीजों को ले रहे हैं उसने वास्तव में इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई। हमने केवल मैदान ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी जो इरादे दिखाए उसके कारण आज हम यहां (फाइनल) हैं। केकेआर के सामने 136 रन का लक्ष्य था। अय्यर ने 41 गेंदों पर 55 रन और शुभमन गिल ने 46 रन बनाकर केकेआर की जीत की नींव रखी। अय्यर ने कहा, मेरा ध्यान 136 रन के लक्ष्य का पीछा करने पर नहीं था मैं केवल अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दे रहा था। मैं परिस्थितियों के अनुसार खेल रहा था और इससे मैंने अच्छी पारी खेली। चेन्नई के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले फाइनल के बारे में उन्होंने कहा, मैं इसे फाइनल या बड़े मैच की तरह नहीं ले रहा हूं। मैं केवल अपना खेल खेलूंगा और अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा और ऐसा ही पूरी टीम करने जा रही है।

## वाटसन ने हेजलवुड की तुलना मैकग्रा से की, कहा, उसकी गेंदबाजी का सामना करना मुश्किल

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने इस इंडियन प्रीमियर ली (आईपीएल) सत्र में ज्यादा विकेट नहीं चटकाए हैं, लेकिन हमवतन शेन वाटसन को लगता है कि उसकी गेंदबाजी का सामना करना काफी मुश्किल होता है क्योंकि वह गेंद पर नियंत्रण बनाए रखता है। हेजलवुड (30 वर्ष) ने इस आईपीएल चरण में आठ मैचों में केवल नौ विकेट चटकाए हैं, उन्होंने रविवार को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स पर मिली चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि वह टूर्नामेंट में इतना शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

वाटसन ने स्टार स्पोर्ट्स के सलेक्ट डगआउट शो में कहा, उसके हाथ से निकलने वाली गेंद पर उसका नियंत्रण ही शानदार होता है, इसलिए अगर विकेट पर जरा भी ओस होती है या फिर नई गेंद होती है तो वह विकेट से कुछ न कुछ हासिल करने में काफी बेहतरीन है। सीएसके और कोलकाता नाइट राइट राइडर्स के बीच शुक्रवार को होने वाले आईपीएल फाइनल से पहले उन्होंने कहा, थोड़े से वैरिएशन या फिर विकेट से कुछ हासिल करने में या फिर हवा में कुछ मदद का मतलब है कि उसे इन परिस्थितियों में भी खेलना काफी मुश्किल होता है। पूर्व आस्ट्रेलियाई आल राउंडर ने कहा कि हेजलवुड में गेंद पर नियंत्रण के मामले में महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा जैसी ही समानता है। सीएसके के पूर्व खिलाड़ी वाटसन ने कहा, हेजलवुड की अंगुली से निकलने वाली गेंद पर नियंत्रण कुछ ऐसा ही है जैसा ग्लेन मैकग्रा का होता था। गेंद कितनी स्विंग होनी चाहिए या फिर किस तरीके से गेंद सीम होगी, उनके (मैकग्रा) के पास जो नियंत्रण था, वह जोश में तब से है जब वह युवा था। हेजलवुड में मैकग्रा जैसी समानता है।

## आजम को टी-20 विश्वकप के पहले मैच में भारत पर जीत का यकीन

एजेंसी। दुबई

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम को यकीन है कि उनकी टीम टी-20 विश्वकप के पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हरा देगी क्योंकि पिछले तीन चार साल में यूएई में अधिकांश क्रिकेट खेलने के कारण उसे यहां के हालात का बेहतर अनुमान है। पाकिस्तान व भारत का सामना 24 अक्टूबर को होगा। आजम के हवाले से आईसीसी ने कहा, हम पिछले तीन साल से यूएई में क्रिकेट खेल रहे हैं और यहां के हालात से बखूबी वाकिफ हैं। उन्होंने कहा, हमें पता है विकेट कैसी होंगी और बल्लेबाज को क्या सामंजस्य बिठाने होंगे। मैच के दिन बेहतर खेलने वाली टीम ही जीतेगी। मुझे लगता है कि हम जीतेंगे।

लाहौर में श्रीलंकाई टीम पर 2009 में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा कारणों से टीमें पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करती आई है। पाकिस्तान ने अधिकांश क्रिकेट यूएई में ही खेली है। पाकिस्तान ने वनडे या टी-20 विश्वकप में कभी भारत को नहीं हराया लेकिन आजम ने कहा कि वह अतीत की बात है। उन्होंने कहा, हमें दबाव का पता है। उम्मीद है कि यह मैच जीतकर हम लय बनाएंगे। टूर्नामेंट से पहले एक ईकाई के रूप में आपका आत्मविश्वास बहुत मायने रखता है। हमारा आत्मविश्वास और मनोबल ऊंचा है। हम अतीत के बारे में नहीं बल्कि भविष्य के बारे में सोच रहे हैं और उसकी तैयारी कर रहे हैं। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से भरी अपनी टीम के बारे में उन्होंने कहा, सभी खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें सीनियर खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखना है जो विश्वकप पहले भी खेल चुके हैं। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को पाकिस्तान का बल्लेबाजी सलाहकार और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर को गेंदबाजी सलाहकार बनाया गया है।

### भारत के खिलाफ पाक को निडर होकर खेलना होगा: मियादाद

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियादाद का मानना है कि टी-20 विश्वकप में 24 अक्टूबर को अगर उनके देश की टीम सितारों से सजी भारतीय टीम पर जीत दर्ज करना चाहती है तो उसे निर्भीक रवैया अपनाना होगा। भारत आईसीसी विश्वकप (50 ओवर और 20 ओवर दोनों) में कभी पाकिस्तान से पराजित नहीं हुआ।

मियादाद ने कहा, टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए भारत के खिलाफ मैच महत्वपूर्ण होगा। उनकी टीम बेहद मजबूत है और उसके पास कई शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन अगर हम बिना किसी डर और दबाव के खेलते हैं और प्रत्येक अपनी तरफ से योगदान देता है तो हम उन्हें हरा सकते हैं। मियादाद ने कहा कि पाकिस्तान की टीम अगर सामूहिक प्रयास करती है तो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। मियादाद ने कहा कि पाकिस्तान केवल अच्छी फॉर्म में चल रहे बाबर आजम पर ही निर्भर नहीं रह सकता है।

### बायो-बबल की थकान के कारण

## न्यूजीलैंड टी-20 श्रृंखला में ज्यादातर सीनियर को दिया जा सकता है आराम

कुशान सरकार। नई दिल्ली

**हो** सकता है कि भारत टी-20 विश्वकप फाइनल के एक हफ्ते से भी कम समय बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला के दौरान अपने ज्यादातर सीनियर खिलाड़ियों को विश्राम दे। उम्मीद है कि घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों में एक युवा टीम मैदान पर उतरेगी जिसमें ज्यादातर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी होंगे। भारत को 17, 19 और 21 नवंबर को क्रमश: जयपुर, रांची और कोलकाता में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। इसके बाद कानपुर (25 नवंबर से) और मुंबई (तीन दिसंबर से) में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

शीर्ष भारतीय खिलाड़ी जैसे कप्तान विराट कोहली, उप कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जसप्रीत



बुमराह जून में साउथम्पटन में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के शुरू होने के बाद से ही बायो-बबल में रह रहे हैं। इसमें से इंग्लैंड में जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण काफी कम बंदिशों वाला था, जिससे मैनचेस्टर में पांचवां टेस्ट भारतीय खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। चयन समिति में इन घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्र ने एजेंसी से गोपनीयता की शर्त पर कहा, ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ी पिछले चार महीनों में लगातार तीन बायो-बबल में रहे हैं। संभावना है कि टी-20 विश्वकप के बाद आप चाहोगे कि वे विश्राम लेकर दिसंबर के अंत में शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले तरोताजा हो जाएं। यह पहले से ही तय है कि कोहली, बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों को विश्राम दिया जाएगा। यहां तक कि रोहित भी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद से लगातार खेल रहे हैं, उन्हें भी विश्राम की जरूरत होगी लेकिन कोहली के टी-20 कप्तानी पद से हटने के बाद यह देखना होगा कि कार्यभार प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। ऐसी स्थिति में संक्षिप्त दौरे के लिए रूतुराज गायकवाड़, हर्षल पटेल, आवेश खान और वेंकटेश अय्यर को आजमाया जा सकता है। इस बात को लेकर अटकलों का दौर जारी है कि न्यूजीलैंड श्रृंखला के दौरान राहुल द्रविड़ अंतरिम कोच होंगे। निर्वतमान रवि शास्त्री का कार्यकाल इस महीने टी-20 विश्वकप के साथ ही खत्म हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### थॉमस कप अंतिम ग्रुप मैच में चीन से हारी भारतीय टीम

**आरहस ( डेनमार्क )।** पहले ही क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर चुकी भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम गुरुवार को यहां थॉमस कप के अंतिम ग्रुप मैच में मजबूत चीन से 1-4 से पराजित हो गई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ही एकमात्र जीत दर्ज कर सकी जिन्होंने 41 मिनट तक चले मुकाबले में ही जि टिंग और जोऊहाओ डोंग को 21-14, 21-14 से हराया। इस युगल मैच से पहले भारत के लिए दिन की शुरुआत किदांबी श्रीकांत ने की जिन्हें शि यु कि से 36 मिनट में 12-21, 16-21 से पराजय झेलनी पड़ी। समीर वर्मा ने तीसरे मैच में लु गुआंग जू के खिलाफ पूरी कोशिश की। लेकिन वह अंत में एक घंटे 23 मिनट तक चले एकल मैच में 21-14, 9-21, 22-24 से हार गए जिसे भारत 1-2 से पिछड़ गया। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की युगल जोड़ी भी लियू चेंग और वांग यि ल्यू के खिलाफ 52 मिनट तक चुनौती पेश करने के बाद 24-26, 19-21 से हार गई। अंत में किरण जार्ज को लि शि फेंग से 43 मिनट तक चले एकल मैच में 15-21 17-21 से शिकस्त मिली। ग्रुप मैच में यह भारत की पहली हार थी। भारतीय पुरुष टीम ने नीदरलैंड और ताहिती पर 5-0 से जीत दर्ज कर 2010 के बाद पहली बार थॉमस कप क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। महिला टीम गुरुवार को उबेर कप के क्वार्टरफाइनल मैच में जापान से भिड़ेगी।

### आचार संहिता के उल्लंघन के कारण कार्तिक को फटकार

**शारजाह।** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दूसरे आईपीएल क्वालीफायर के दौरान लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण फटकार लगाई गई है। उस घटना का उल्लेख नहीं किया गया है जिसकी वजह से फटकार लगी है लेकिन रोमांचक मुकाबले में आउट होने के बाद कार्तिक को स्टम्प उखाड़ते देखा गया था। कार्तिक ने लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है। आईपीएल द्वारा बुधवार को देर रात जारी बयान में कहा गया, कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 13 अक्टूबर को आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के कारण फटकार लगाई गई है। इसमें कहा गया, कार्तिक ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.2 का उल्लंघन यानी लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

### हीरो मोटरस्पोर्ट्स टीम मोरक्को रैली में शीर्ष 10 में शामिल

**नई दिल्ली।** हीरो मोटरस्पोर्ट्स टीम ने मोरक्को रैली में अपना अभियान ओवरऑल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहकर समाप्त किया। प्रोलोग चरण जीतने वाले जोकिम रोड्रिग्स को ओवरऑल रैंकिंग में आठवां स्थान मिला। फ्रांको कैमी को रैली के दौरान दो बार शीर्ष पांच में रहे। लेकिन उन्हें शुरुआती चरण में तकनीकी परेशानियों का खामियाजा भुगतना पड़ा और वह ओवरऑल 13वें स्थान पर रहे। मोरक्को रैली के दौरान प्रतिस्पर्धियों द्वारा 1500 किमी की दूरी तय की गई। अब टीमें दो जनवरी से शुरू होने वाली डकार रैली के 44वें चरण की तैयारी में जुट जाएंगी।

### अभ्यास सत्र के दौरान पुकोवस्की फिर कनकशन का शिकार

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के सलामी टेस्ट बल्लेबाज विल पुकोवस्की पिछले सप्ताह अभ्यास सत्र के दौरान गेंद लगने के कारण कनकशन (सिर में चोट) के शिकार हो गए। पुकोवस्की अपने कॅरियर में नौ बार कनकशन का शिकार हो चुके हैं। अब ताजा चोट से उनके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होना स्वाभाविक है। क्रिकेट विक्टोरिया ने गुरुवार को एक बयान में कहा, क्रिकेट विक्टोरिया इसकी पुष्टि करता है कि विल पुकोवस्की को पिछले मंगलवार अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगी थी। इसने कहा, वह फिलहाल क्रिकेट विक्टोरिया की मेडिकल टीम के साथ उपचार करा रहे हैं। वह जल्दी ही मैदान पर लौटना चाहते हैं। पुकोवस्की को लगी चोट आस्ट्रेलिया के लिए करारा झटका है क्योंकि वह इस साल के आखिर में डेविड वॉर्नर के साथ एशेज श्रृंखला में पारी की शुरूआत करने वाले थे। इससे पहले पिछले साल भारत ए के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी की गेंद हेलमेट पर लगी थी जिसके बाद वह कनकशन का शिकार हो गए थे।

### हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 21 से

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया 11वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के झांसी में 21 से 30 अक्टूबर तक खेली जाएगी जिसमें 28 टीमें भाग लेंगी। इन टीमों को आठ समूहों में बांटा जाएगा। समूह की शीर्ष टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। छह दिन तक ग्रुप मैचों के बाद 27 अक्टूबर से क्वार्टर फाइनल, 29 अक्टूबर को सेमीफाइनल ओर अगले दिन फाइनल होगा। चैंपियनशिप में भाग ले रहे हर खिलाड़ी, कोच, तकनीकी अधिकारियों को कोरोना आरटी पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट दिखानी होगी। इसके अलावा अपने मोबाइल में आारोग्य सेतु ऐप रखना होगा। आयोजन समिति एक कोरोना कार्यबल का भी गठन करेगी जो सुनिश्चित करेगा कि सारे प्रोटोकॉल लागू किए जा रहे हैं।


### यह मामूली खिंचाव है, प्रगति अच्छी चल रही है: विलियमसन

**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टी-20 विश्वकप के अपने से पहले अपनी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को खास तवज्जो न देते हुए अपनी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव को गुरुवार को मामूली करार दिया। टी-20 विश्वकप 17 अक्टूबर से शुरू होगा, लेकिन न्यूजीलैंड अपना पहला मैच 26 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने एक दिन पहले कहा था कि वह विलियमसन के पूरी तरह फिट होने को लेकर आश्वस्त हैं और कीवी कप्तान ने भी यही बात दोहराई। विलियमसन ने संवाददाताओं से कहा, यह मामूली चोट है, मैं अच्छा हूं। प्रगति अच्छी है। किसी तरह की चिंता नहीं है। अपनी टीम की तैयारियों के बारे में विलियमसन ने कहा कि पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड का सहयोगी स्टाफ में होना बहुत अच्छा है। मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच बांड को विशेष तौर पर स्पिनरों की मदद करने के लिए कीवी टीम से जोड़ा गया है। विलियमसन ने कहा, उनके (बांड) पास अपार अनुभव है और विशेषकर मुंबई इंडियन्स के साथ रहने के कारण उन्हें यहां (यूएई) का अच्छा अनुभव है और उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी जाती है वह उसे अच्छी तरह से निभाते हैं। उन्होंने कहा, वह हमारे गेंदबाजी कोच की हर संभव मदद करेंगे और उनका टीम के साथ होना काफी अच्छा है।

## विराट कोहली के साथ इस वर्ष का आपसी द्वंद्व मेरा पसंदीदा : एंडरसन

एजेंसी। लंदन

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने इस वर्ष टेस्ट श्रृंखला के दौरान विराट कोहली के साथ आपसी द्वंद्व का भरपूर आनंद उठाया और इस स्टार बल्लेबाज के साथ अपने कई मुकाबलों में इसे पसंदीदा करार दिया। भारत और इंग्लैंड के बीच जब टेस्ट मैच होते हैं तो तब कोहली बनाम एंडरसन का मुकाबला हमेशा चर्चा में रहता है। एंडरसन ने 2014 में अपना दबदबा बनाया तो कोहली ने 2018 के इंग्लैंड दौरे में अपना जलवा दिखाकर इस तेज गेंदबाज की एक नहीं चलने दी। इस वर्ष एंडरसन ने चार टेस्ट मैचों में दो बार कोहली को आउट किया।



एंडरसन ने कहा, विराट के साथ इन गर्मियों में मुकाबला मेरा पसंदीदा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और इंग्लैंड में हमारे बीच कुछ अच्छे मुकाबले हुए लेकिन इस साल का मुकाबला निश्चित तौर पर मेरा पसंदीदा है। उन्होंने कहा, मैंने कुछ अवसरों पर उसे आउट किया लेकिन उसने भी कुछ रन बनाए और हमारे बीच मैदान पर चले इस द्वंद्व में निश्चित तौर पर आपसी सम्मान भी शामिल था। एंडरसन ने कहा, मैदान पर हमारी प्रतिद्वंद्विता अच्छी तरह से आगे बढ़ी। निश्चित तौर पर हमने एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश की लेकिन अच्छी भावना के साथ ऐसा किया। इसलिए मैंने इसका पूरा आनंद उठाया। एशेज श्रृंखला के बारे में एंडरसन ने कहा कि वह आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को गेंदबाजी करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, एक गेंदबाज के रूप में आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पर गौर करते हो और पिछले तीन, चार या पांच साल में स्टीव स्मिथ आस्ट्रेलिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है।




## राहुल को बल्लेबाजी की धुरी बनाने से कोहली पर से दबाव कम होगा: ब्रेट ली

एजेंसी। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारत को फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज के एल राहुल को टी-20 विश्वकप में पारी का स्तंभ बनाना चाहिए, जिससे कप्तान विराट कोहली पर से दबाव कम होगा। ली का मानना है कि 2007 की चैंपियन भारतीय टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत को 24 अक्टूबर को पहले मैच में पाकिस्तान से खेलना है। ली ने फॉक्स स्पोटर्स डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, इंग्लैंड की टीम अपने अनुभव के दम पर हमेशा बड़ा खतरा होती है लेकिन मेरी नजर में भारत खिताब का प्रबल दावेदार है।

उन्होंने कहा, इंडियन प्रीमियर लीग के कारण भारत के पास कई युवा खिलाड़ी हैं।





इनमें तेज गेंदबाज भी है और भारत का शीर्षक्रम लाजवाब है। ली ने कहा कि विश्वकप में राहुल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राहुल सबसे ज्यादा रन बनाएंगे। आईपीएल में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। भारत को चाहिए कि राहुल को बल्लेबाजी की धुरी बनाए क्योंकि इससे कोहली पर से दबाव कम होगा। इससे कोहली अपना स्वाभाविक खेल दिखा सकेंगे। शायद यह बतौर कप्तान कोहली का आखिरी टूर्नामेंट हो तो वह अच्छा प्रदर्शन जरूर करना चाहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सूर्यकुमार यादव भारत के अगले स्टार साबित होंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सूर्यकुमार यादव अगला सितारा होगा। ली ने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है और वह भारत के लिए चुनौती हो सकती है। भारत और आस्ट्रेलिया दुबई में 20 अक्टूबर को अभ्यास मैच खेलेंगे।